CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 07°C

देहरादून, गुरुवार 25 दिसम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 138 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 4 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित





उप्र में कनेक्शन के नाम पर वसूली रकम विद्युत नियामक आयोग के आदेशों के विपरीत पेज 2



36 गेंदों में शतक जड़ वैभव सूर्यवंशी ने बनाया विश्व रिकॉर्ड खेल टाइम्स



हिजाब विवादः क्रिया से खतरनाक प्रतिक्रिया सम्पादकीय



अमेरिका ने भारत सरकार को आगाह किया, कहाः चीन दोहरी चाल चल रहा पेज 12

## उत्तराखंड में पाला गिरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- गुलमर्ग का तापमान -2.2 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

**नई दिल्ली।** पहाड़ों में बर्फबारी के चलते मध्य प्रदेश में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। पचमढ़ी और कल्याणपुर में मंगलवार रात का पारा 5 डिग्री से नीचे पहुंच गया है।

उत्तराखंड में पाला गिरने की खबर है। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा में सुबह कोहरा छाया रहा। उधर राजस्थान में भी शीतलहर चल रही है। उत्तरी हवाओं के प्रभाव से राज्य में अगले कुछ दिन में पारा और गिरने की संभावना है। पिछले 24 घंटे के दौरान जैसलमेर, बीकानेर, जोधपुर, गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, झुंझुनूं के एरिया में घना कोहरा रहा। कश्मीर के कई इलाकों में मंगलवार को ताजा बर्फबारी और बारिश हुई। घाटी के ज्यादातर हिस्सों में मिनिमम टेम्परेचर फ्रीजिंग प्वॉइंट से ऊपर रहा। गुलमर्ग में मिनिमम टेम्परेचर -2.2डिग्री सेल्सियस रहा। कुपवाड़ा में 2.4 डिग्री सेल्सियस , काजीगुंड में 3.2 डिग्री सेल्सियस , कोकरनाग में 2.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## आकाश नेक्स्ट जेनरेशन मिसाइल डिफेंस सिस्टम का टेस्ट सफल

शाह टाइम्स ब्यूरो

- 80 किमी तक के टारगेट को तबाह कर सकता है , एकसाथ 10+ हमले रोकने में सक्षम
- ट्रायल के दौरान आकाश-एनजी ने अलग-अलग दूरी और ऊंचाई पर मौजूद हवाई लक्ष्यों को सटीक तरीके से किया नष्ट



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने आकाश मिसाइल डिफेंस सिस्टम के एडवांस्ड वर्जन आकाश नेक्स्ट जेनरेशन (आकाश-एनजी) का ओडिशा के चांदीपुर इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज में सफल ट्रायल किया। इसे देश की स्वदेशी एयर डिफेंस ताकत को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

डीआरडीओ के मुताबिक, ट्रायल के दौरान आकाश-एनजी ने अलग-अलग दूरी और ऊंचाई पर मौजूद हवाई लक्ष्यों को सटीक तरीके से नष्ट किया। इसमें सीमा के पास कम ऊंचाई पर उड़ने वाले और लंबी दूरी पर ज्यादा ऊंचाई वाले लक्ष्य भी शामिल थे। यह मिसाइल डिफेंस सिस्टम फाइटर जेट, क्रूज मिसाइल, ड्रोन और यूएवी को 80 किमी दूर तक और आकाश में 20 किमी ऊंचाई तक निशाना बना सकता है। इसके पास एक साथ कई हमले यानी 10 टारगेट को तबाह करने की क्षमता है। अधिकारियों के मुताबिक, आकाश-एनजी मिसाइल सिस्टम एक आधुनिक और ताकतवर एयर डिफेंस सिस्टम है। इसे डीआरडीओ ने विकसित किया है और इसका निर्माण बीडीएल ने किया है। यह सिस्टम एकसाथ कई हवाई लक्ष्यों को निशाना बनाने में सक्षम है। इसे भारतीय वायुसेना और भारतीय सेना में शामिल करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। इसके शामिल होने से देश की हवाई सुरक्षा और मजबूत होगी और भारत की स्वदेशी एयर डिफेंस क्षमता को बड़ी मजबूती मिलेगी। आकाश-एनजी की मारक क्षमता करीब 30 किमी तक है और यह 18 किलोमीटर की ऊंचाई तक दुश्मन के हवाई खतरों को रोक सकता है। इससे पहले भारतीय सेना ने 17 जुलाई को लद्दाख में स्वदेशी रूप से विकसित एयर डिफेंस सिस्टम आकाश प्राइम का सफल परीक्षण किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### बरेली से बांदीकुई के बीच नई यात्री ट्रेन को रेलवे ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** रेलवे ने उत्तर प्रदेश के बरेली से राजस्थान के दौसा जिले में बांदीकुई के बीच एक यात्री ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। रेलवे ने बुधवार को बताया कि रेल मंत्रालय ने बरेली और बांदीकुई के बीच एक नई यात्री ट्रेन सेवा शुरू करने को मंजूरी प्रदान की है। रेलवे के अनुसार ट्रेन संख्या 54356/54355 उत्तर प्रदेश में बरेली और राजस्थान में बांदीकुई के बीच संचालित होगी। रेलवे ने बताया है कि यह ट्रेन रामगंगा ब्रिज, बशारतगंज, निसोई हॉल्ट, आंवला, रेवती बहोरा खेड़ा हॉल्ट, करेंगली, दबतारा, आसफपुर, सिसरका, चंदौसी, बहजोई, बबराला, राजघाट नरौरा, डिबाई, अतरौली रोड, हरदुआगंज, मंजूरगढ़ी, अलीगढ़, दाऊद खां, मंडारक, सासनी, हाथरस, पोरा, जसीसर रोड, चमरौला, बरहन, मिटावली, एत्मादपुर, कुबेरपुर, छलेसर, यमुना ब्रिज आगरा, आगरा किला, ईदगाह आगरा, बिचपुरी, रायभा, अछनेरा, चिकसाना, भरतपुर, हेलक, नदबई, खेरली, घोसराना, मंडावर महवा रोड, करणपुरा, बिवाई और श्री घासीनगर स्टेशन पर रुकेगी।

### कलकत्ता हाईकोर्ट ने 313 GTA शिक्षकों की नौकरियों को रद्द करने के फैसले पर लगाई रोक

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने बुधवार को गोरखालैंड क्षेत्रीय प्रशासन एडमिनिस्ट्रेशन (जीटीए) के तहत नियुक्त 313 शिक्षकों की नौकरियों को रद्द करने पर अंतरिम रोक लगा दी। इस फैसले से पहाड़ी क्षेत्रों में प्रभावित शिक्षकों को अस्थायी राहत मिली है। यह अंतरिम आदेश 17 दिसम्बर के एक एकल पीठ के फैसले को चुनौती देने के बाद आया है, जिसमें इन 313 शिक्षकों की सेवाओं की समाप्ति का निर्देश दिया गया था और उनकी भर्ती प्रक्रिया को अवैध करार दिया गया था।

### ग्रुप कैप्टन शुक्ला की विमान की कॉकपिट में वापसी

**नई दिल्ली।** भारत की अंतरिक्ष यात्रा में अमिट छाप छोड़ने वाले ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने एक बार फिर वायुसेना के विमान में उड़ान भरते हुए आसमान में दमदार वापसी की है। आईएसएस के लिए ऐतिहासिक एक्सिओम-4 मिशन पूरा करने के कुछ महीने बाद ही उन्होंने वायुसेना में अपनी जिम्मेदारी फिर से संभाल ली है।

## इसरो ने 6100 किग्रा का अमेरिकी सैटेलाइट किया लॉन्च

# भारत से भेजा गया सबसे भारी उपग्रह





- धरती पर कहीं से भी 4-जी और 5-जी वॉयस कॉल, वीडियो कॉल, मैसेजिंग, स्ट्रीमिंग व डेटा सेवाएं उपलब्ध होंगी
- अंतरिक्ष यात्रा में एक और मील का पत्थर स्थापित हुआ, रॉकेट ने 24 घंटे की सुचारू उलटी गिनती के बाद सफल उड़ान भरी

**श्रीहरिकोटा ( आंध्र प्रदेश )।** अंतरिक्ष यात्रा में एक और मील का पत्थर स्थापित करते हुए, भारत के भारी-भरकम रॉकेट एलवीएम3-एम6 (जिसे 'बाहुबली' उपनाम दिया गया है) ने अमेरिका स्थित एएसटी स्पेस मोबाइल के 6100 किग्रा. वजनी ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 उन्नत संचार उपग्रह को बुधवार को क्रिसमस की पूर्व संध्या पर सफलतापूर्वक पृथ्वी की निम्नतम कक्षा (एलईओ) में स्थापित कर दिया।

इससे पहले, नवम्बर में लॉन्च किया गया एलवीएम3-एम5 कम्युनिकेशन सैटेलाइट-03 करीब 4,400 किलोग्राम का था। इसे जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में स्थापित किया गया था। यहां शॉर रेंज से दूसरे प्रक्षेपणपथ से 24 घंटे की सुचारू उलटी गिनती के बाद,एक विशेष वाणिज्यिक मिशन में, स्वदेशी रॉकेट ने निर्धारित समय पर सुबह 8:54 बजे शानदार उड़ान भरी।यह भारत का सबसे भारी लॉन्च व्हीकल है। ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 ने डीएलवी-जेन कम्युनिकेशन सैटेलाइट है, जिसका मकसद सामान्य स्मार्टफोन तक सीधे हाई-स्पीड सेल्युलर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी पहुंचाना है। इसके जरिये धरती पर कहीं से भी 4-जी और 5-जी वॉयस कॉल, वीडियो कॉल, मैसेजिंग, स्ट्रीमिंग और डेटा सेवाएं उपलब्ध होंगी। सैकड़ों दर्शकों ने प्रक्षेपण गैलरी से इस मिशन को देखा। निसार उपग्रह के बाद अमेरिका द्वारा किया गया दूसरा मिशन यह उपग्रह, 16 मिनट की उड़ान अवधि के बाद सफलतापूर्वक और सटीक रूप से 520 किमी -**शेष पृष्ठ दो पर**

### भारत की अंतरिक्ष क्षेत्र में गौरवशाली उपलब्धिः मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 उपग्रह को ले जाने वाले एलवीएम3-एम6 रॉकेट के सफल प्रक्षेपण की सराहना करते हुए इसे भारत की अंतरिक्ष क्षेत्र में एक गौरवशाली उपलब्धि बताया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया में जारी एक संदेश में कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की एक और महत्वपूर्ण प्रगति। एलवीएम3-एम6 का सफल प्रक्षेपण, जिसके माध्यम से भारतीय धरती से अब तक का सबसे भारी उपग्रह अमेरिका का ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 अपनी निर्धारित कक्षा में स्थापित किया गया है, भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक गौरवशाली उपलब्धि है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह मिशन भारत की भारी वजन ले जाने वाले रॉकेटों की क्षमता को दर्शाता है और अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक प्रक्षेपण बाजार में हमारी बढ़ती साख का प्रतीक है। यह 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में हमारे प्रयासों का भी प्रतिबिंब है।

## साफ हवा नहीं, तो एयर प्यूरीफायर पर टैक्स क्यों लगाया जा रहा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- केंद्र सरकार से दिल्ली हाईकोर्ट का सवाल
- गडकरी ने माना- 40 फीसदी प्रदूषण ट्रांसपोर्ट सेक्टर से फैल रहा

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार और अधिकारियों से पूछा कि जब राजधानी में हवा की स्थिति इमरजेंसी जैसी बनी हुई है, तो एयर प्यूरीफायर पर 18 फीसदी जीएसटी क्यों लगाया जा रहा है।

कोर्ट ने कहा कि अगर सरकार लोगों को साफ हवा उपलब्ध नहीं करा पा रही, तो कम से कम एयर प्यूरीफायर पर टैक्स ही कम कर दें। चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गडेला की डिवीजन बेंच ने कहा कि हर नागरिक को साफ हवा में सांस लेने का अधिकार है। ऐसे हालात में एयर प्यूरीफायर को लग्जरी आइटम मानकर 18 फीसदी जीएसटी लगाना ठीक नहीं है। कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई थी, जिसमें मांग की गई थी कि एयर प्यूरीफायर को मेडिकल डिवाइस की श्रेणी में रखा जाए और इन पर जीएसटी 18 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी किया जाए। अपील में कहा गया कि खराब एआईक्यू के समय में एयर प्यूरीफायर अब लग्जरी नहीं, बल्कि जरूरत बन चुका है। कोर्ट ने केंद्र के वकील से दोपहर 2:30 बजे के बाद इस पर जवाब लेकर आने को कहा। वहीं, सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने एक कार्यक्रम में कहा कि दिल्ली में दो से तीन दिन रहने पर मुझे इन्फेक्शन हो जाता है। प्रदूषण का 40 फीसदी हिस्सा ट्रांसपोर्ट सेक्टर ही फैला रहा है, जिसका मैं मंत्री हूं। जब सरकार खुद साफ हवा देने में नाकाम है, तो कम से कम एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी घटाना या टैक्स में छूट देना सबसे बुनियादी कदम हो सकता है।

## उन्नाव सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता के साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार दुखदः राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उन्नाव सामूहिक दुष्कर्म मामले में भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर को जमानत मिलने और पीड़िता का विरोध करने पर उसके साथ हुए व्यवहार पर हैरानी जताई और कहा कि न्याय देने की बजाय उसके साथ अन्याय किया जा रहा है।

श्री गांधी ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में सवाल किया कि आखिर न्याय के लिए आवाज उठा रही दुष्कर्म पीड़िता के साथ अन्याय क्यों हो रहा है। उनका कहना था कि लोकतंत्र में सबको विरोध करने का हक है और यदि पुलिस विरोध करने वाले के साथ इस तरह का व्यवहार करती है, तो यह अन्याय है। उन्होंने सवाल किया कि क्या एक गैंगरेप पीड़िता के साथ ऐसा व्यवहार उचित है। क्या उसकी 'गलती' ये है कि वो न्याय के लिए अपनी आवाज़ उठाने की हिम्मत कर रही है। उसके अपराधी (पूर्व भाजपा विधायक) को ज़मानत मिलना बेहद निराशाजनक और शर्मनाक है, खासकर तब, जब पीड़िता को बार-बार प्रताड़ित -**शेष पृष्ठ दो पर**

## 20 साल बाद उद्धव-राज ठाकरे की पार्टी में हुआ गठबंधन

मुंबई, वार्ता

- कहाः हमारी सोच एक, बंटेंगे, तो बिखरेंगे
- 29 नगर निगमों में 15 जनवरी को होगा मतदान, 16 को रिजल्ट



**उद्धव और राज** ठाकरे ने बुधवार को बृहन मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनाव एक साथ लड़ने का ऐलान किया।

20 साल बाद दोनों की पार्टी शिवसेना (यूबीटी) और मनसे में चुनावी गठबंधन हुआ है। इससे पहले 2005 में राज ठाकरे ने शिवसेना से अलग होकर मनसे पार्टी बनाई थी। दोनों ने ज्वॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका ऐलान किया। उद्धव ठाकरे ने कहा कि हमारी सोच एक है अगर बंटेंगे, तो बिखरेंगे। महाराष्ट्र के लिए हम सब एक हैं। इससे पहले दोनों नेता शिवाजी पार्क स्थित बालासाहेब ठाकरे के स्मारक पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। महाराष्ट्र में बीएमसी समेत 29 नगर निगमों में 15 जनवरी को वोटिंग होगी। 16 जनवरी को रिजल्ट आएगा। राज ठाकरे ने कहा कि मुंबई का मेयर मराठी होगा। मैंने एक बार कहा था कि हमारी आपसी किसी भी विवाद या लड़ाई से महाराष्ट्र बड़ा है।

## इसरो के लिए 2026 व्यस्त वर्ष होगाः डा. वी. नारायणन

श्रीहरिकोटा ( आंध्र प्रदेश )।

- गगनयान मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के तहत पहला मानवरहित मिशन अगले वर्ष निर्धारित




भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी वर्ष 2026 में काफी व्यस्त रहने वाली है और अगले साल भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के कई कार्यक्रम तय हैं।

इसरो के विभागीय सचिव (अंतरिक्ष) और अध्यक्ष डा. वी. नारायणन ने बुधवार को कहा कि भारत के निजी अंतरिक्ष क्षेत्र की किसी कंपनी द्वारा जल्द ही एक प्रक्षेपण होने की उम्मीद है, जो देश के व्यावसायिक अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। अमेरिकी संचार उपग्रह ब्लूबर्ड 6 को भारतीय रॉकेट एलवीएम3 द्वारा सफलतापूर्वक प्रक्षेपित करने के बाद मिशन कंट्रोल सेंटर में बोलते हुए श्री नारायणन ने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने अब तक कुल 434 विदेशी उपग्रहों को कक्षा में स्थापित किया है। साल 2025 को उपलब्धियों और कामयाबी का साल बताते हुए श्री नारायणन ने कहा कि 2026 और भी ज्यादा रोमांचक होगा। उन्होंने कहा कि गगनयान मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के तहत पहला मानवरहित मिशन अगले वर्ष निर्धारित है और इसके लिए कार्य चल रहा है। इसरो का पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (पीएसएलवी) रॉकेट भी एक अंतरिक्ष मिशन करेगा। स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (एसएसएलवी) परिचालन चरण में प्रवेश करेगा। भारत के नेविगेशन उपग्रह पक्ष पर श्री नारायणन ने कहा कि सरकार ने आवश्यक मंजूरियां दे दी हैं और उपग्रहों का प्रक्षेपण किया जाएगा। इसरो अध्यक्ष ने यह भी कहा कि वर्ष 2025 में कुछ व्यावसायिक प्रक्षेपण मिशन भी होंगे। इनके अलावा, सरकार ने भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी को शुक्र मिशन, चंद्रयान-4 और 5 तथा भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के निर्माण के लिए मंजूरी दे दी है। इसरो अध्यक्ष ने कहा कि एक पीएसएलवी रॉकेट एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शन उपग्रह प्रक्षेपित करेगा, जिसमें 34 नई अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों का परीक्षण किया जाएगा। श्री नारायणन ने यह भी कहा कि एचएएल-एलएंडटी द्वारा निर्मित पीएसएलवी रॉकेट का संयोजन चल रहा है और यह इस वित्तीय वर्ष में उड़ान भरेगा।

## दिल्ली मेट्रो की तीन नई लाइनों को मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- 1214 करोड़ आएगी लागत, 13 नए मेट्रो स्टेशन बनेंगे

**नई दिल्ली।** सरकार ने राजधानी दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को कम करने, इंदिरा गांधी हवाई अड्डे के टर्मिनल एक और सरकारी कार्यालयों के परिसर 'कर्तव्य भवन' को मेट्रो नेटवर्क से जोड़ने के लिए 1214 करोड़ रुपये की लागत से तीन मेट्रो गलियारों के निर्माण को मंजूरी दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में बताया कि राजधानी दिल्ली में मेट्रो नेटवर्क का विस्तार करते हुए चरण पांच (ए) के अंतर्गत तीन नए गलियारों को मंजूरी दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### जेसीओ की संदिग्ध हालात में गोली लगने से मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में सेना की एक इकाई के एक जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मृत्यु हो गई है। रक्षा प्रवक्ता ने बुधवार को यहां यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि सांबा में तैनात सेना की एक इकाई के जेसीओ को जम्मू में ड्यूटी के दौरान गोली लगी, जिससे वे घायल हो गए थे। दुर्भाग्यवश कर्तव्य पालन के दौरान लगी इन चोटों के कारण उन्होंने दम तोड़ दिया। बयान में यह भी स्पष्ट किया गया है कि वर्तमान चरण में इस घटना में किसी भी प्रकार के आतंकी पहलू की संभावना को खारिज कर दिया गया है।

### बारामूला में गुब्बारों से बंधा पाकिस्तानी झंडा बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सेना ने ऐसे लगभग दस गुब्बारे पकड़े हैं, जिन पर पाकिस्तान का झंडा बंधा हुआ था। अधिकारियों के अनुसार मंगलवार शाम बारामूला के खदिनायार क्षेत्र में एक पहाड़ी पर ये गुब्बारे पाए गए। इन्हें नियमित गश्त के दौरान सेना के जवानों ने देखा। सेना ने तत्काल गुब्बारों और झंडे को अपने कब्जे में लेकर जांच को भेज दिया है।

### सीआरपीएफ शिविर में तेंदुआ घुसा, एक जवान घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के काप्रान इलाके में बुधवार सुबह एक तेंदुआ अचानक सीआरपीएफ के शिविर में घुस गया और नाश्ता कर रहे जवानों पर हमला कर दिया, जिससे एक जवान घायल हो गया। सीआरपीएफ सूत्रों के अनुसार जवान शिविर के मेस में नाश्ते के लिए इकट्ठा हुए थे, तभी एक तेंदुआ शिविर में घुस आया और जवानों पर हमला कर दिया।

# ब्राह्मण विधायकों की बैठक से गरमाई सियासत

## लखनऊ में बाटी-चोखा रात्रिभोज बैठक में किया गया मंथन

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश की राजनीति एक बार फिर जातीय समीकरणों को लेकर चर्चा में है और इसकी वजह भारतीय जनता पार्टी के ब्राह्मण विधायक और विधान परिषद सदस्य मंगलवार को लखनऊ में एक अनौपचारिक बाटी-चोखा रात्रिभोज बैठक है।

इस बैठक में काफी संख्या में ब्राह्मण समुदाय के विधायक शामिल हुए, जिसके वजह से प्रदेश की राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। यह बैठक कुशीनगर से भाजपा विधायक पीएन पाठक के सरकारी आवास, बाऊखण्डी मंत्री आवास में आयोजित की गई। इसमें विधायक रत्नाकर मिश्र, प्रकाश द्विवेदी, प्रेम नारायण पांडेय, शलभ मणि त्रिपाठी, अंकुर राज तिवारी, विनय द्विवेदी, ऋषि तिवारी, विवेकानंद पांडेय, कैलाशनाथ शुक्ला सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण विधायक और एमएलसी मौजूद रहे। एमएलसी साकेत मिश्र, जो सेवानिवृत्त नौकरशाह नृपेंद्र मिश्र के पुत्र हैं, वह भी बैठक में शामिल हुए। राजनीतिक रूप से यह बैठक इसलिए अहम मानी जा रही है, क्योंकि कुछ ही दिन पहले भाजपा ने महाराजगंज से सात बार के सांसद पंकज चौधरी को उत्तर प्रदेश भाजपा का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। पंकज चौधरी कुर्मी समाज से आते हैं। ऐसे में इस बैठक को पार्टी के भीतर ब्राह्मण नेतृत्व की सक्रियता और संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

### अरावली मुद्दे पर गुमराह रहे हैं भूपेंद्र यादव: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि वन और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव अरावली मुद्दे पर सच को छिप रहे हैं और देश को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- अब यह बिल्कुल साफ़ हो गया है कि अरावली मुद्दे पर केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री सच को पूरी तरह नहीं बता रहे हैं और जनता को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अरावली की परिभाषा में जो बदलाव मोदी सरकार कर रही है, उसका इसी सरकार ने विरोध किया है। सरकार को बताना चाहिए कि पहले जो व्यवस्था उच्चतम न्यायालय ने दी थी, उसमें किस वजह से बदलाव किया जा रहा है।

# नए कनेक्शन के नाम पर वसूली आदेशों के विपरीत

**लखनऊ, वार्ता**



■ पूरे यूपी में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के नाम पर प्रत्येक उपभोक्ता से वसूले 6016 रुपये

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने प्रदेश के उपभोक्ताओं के साथ हुई अन्यायपूर्ण वसूली के मामलों पर अध्ययन में सबसे गंभीर और महत्वपूर्ण मामला सामने आया कि बिजली कंपनियों ने पावर कारपोरेशन के आदेश के आदेश के तहत नौ सितंबर से पूरे प्रदेश में नए कनेक्शन के लिए अनिवार्य रूप से स्मार्ट प्रीपेड मीटर के नाम पर प्रत्येक उपभोक्ता से 6016 रुपये वसूल किए, जो विद्युत नियामक आयोग के आदेशों के विपरीत था।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि 10 सितंबर से 24 दिसम्बर तक कुल 2,93,045 उपभोक्ताओं ने नए कनेक्शन के लिए बिजली कंपनियों में एस्टीमेट जमा किया जिनसे यदि केवल सिंगल फेस कनेक्शन मानकर स्मार्ट प्रीपेड मीटर का मूल्य 6016 रुपये वसूला गया, तो कुल लगभग 176 करोड़ रुपए से अधिक वसूली हुई। तीन फेज कनेक्शन को जोड़ने पर यह राशि लगभग 200 करोड़ रुपए तक पहुंच सकती है। उन्होंने कहा कि विद्युत नियामक आयोग द्वारा प्रस्तावित सिंगल फेस मीटर का मूल्य 2800 रुपये मानने पर भी, प्रदेश की बिजली कंपनियों ने उपभोक्ताओं से लगभग 100 करोड़ रुपए अधिक वसूले। परिषद ने स्पष्ट किया कि इस अतिरिक्त वसूली को उपभोक्ताओं को वापस कराने के लिए संघर्ष जारी रहेगा। वर्मा ने बताया कि इस संबंध में पहले ही विद्युत नियामक आयोग में अवमानना याचिका दाखिल की जा चुकी है, जिसमें पावर कारपोरेशन ने अपने जवाब में बिना आयोग के अंबोधन से वसूली की बात कही है। परिषद का कहना है कि कॉस्ट डाटा बुक के आदेश जारी होते ही उपभोक्ताओं से अधिक वसूली का पैसा वापस कराया जाएगा। उपभोक्ता परिषद ने पावर कारपारेशन को यह भी याद दिलाया गया कि वर्ष 2018 में उपभोक्ता परिषद की लड़ाई के परिणामस्वरूप आयोग के आदेश पर बिजली कंपनियों ने उपभोक्ताओं से 523 करोड़ रुपए अधिक वसूली की राशि वापस की थी। वर्ष 2022-23 में कास्ट डाटा बुक के मद में गलत तरीके से वसूली के मामले में भी विद्युत नियामक आयोग की अवमानना याचिका के बाद बिजली कंपनियों ने लगभग पांच से छह करोड़ करोड़ उपभोक्ताओं को वापस किया था, इसके बाद सभी बिजली कंपनियों के प्रबंध निदेशकों ने अधिकारिक तौर पर माफी भी मांगी थी।

## विधानसभा में मुख्यमंत्री की विपक्ष को खरी-खरी

# कोई भी कब्जा करेगा, तो छोडूंगा नहीं: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ बुलडोजर को कोई नहीं रोक पाएगा
■ नागरिकों की सुरक्षा और सम्मान प्राथमिकता

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा में सीएम योगी ने अवैध कब्जों और माफिया पर सख्त रुख दिखाया और कहा कि अगर कोई भी कब्जा करेगा, तो उसे छोडूंगा नहीं। सीएम योगी ने विपक्ष पर गरीबों को न्याय दिलाने में नाकाम रहने का आरोप लगाया और जोर दिया कि उनकी सरकार हर बेटी को सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करेगी। उन्होंने दावा किया कि 2017 से राज्य की छवि में सकारात्मक बदलाव आया है।

उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र में अनुपूरक बजट पर चर्चा करते हुए सीएम योगी अपने पूरी लय में दिखे। अवैध कब्जे और बुलडोजर के सवाल पर उन्होंने कहा कि कब्जा चाहे कोई भी करे, कहीं भी करे, मैं छोड़ने वाला नहीं हूं। उन्होंने कहा कि इस बात के लिए सदन को आश्वस्त करता हूं कि कब्जा कोई भी करेगा, किसी भी स्मारक पर, किसी भी पौराणिक स्थल पर, तो उसको छोडूंगा नहीं। उन्होंने विपक्ष को आईना दिखाते हुए कहा कि पूजा पाल आपकी पार्टी से चुनी गईं थीं, लेकिन उन्हें भी आप न्याय नहीं दिला पाए। सीएम योगी ने कहा कि आपमें वो हिम्मत नहीं थी कि गुंडे माफिया के सामने गरीबी बेटी को न्याय दिला सकें। इसलिए माफिया के सामने झुकना आपकी मजबूरी थी, लेकिन हमारी कोई मजबूरी नहीं है। आप बात पीडीए की करते हैं, क्या वो पीडीए का पार्ट नहीं थीं? न्याय कैसे होता है, हमसे सीखिए। हमारी सरकार ने तय किया है कि बेटी चाहे उस पक्ष की हो या इस पक्ष की, न्याय तो उसको हर हाल में मिलेगा। उन्होंने कहा कि चाहें आबादी की भूमि हो या सरकारी, अगर कोई माफिया कब्जा करेगा, उस जमीन पर मॉल बनाएगा या वसूली का अड्डा बनाएगा, तो उसके खिलाफ बुलडोजर भी चलेगा। उन्होंने साफ कर दिया कि अब उत्तर प्रदेश में कोई छांगुर जैसा व्यक्ति अनैतिक गतिविधियों का संचालन नहीं कर पाएगा, ऐसे लोगों पर बुलडोजर भी चलेगा और कोई उसे रोक भी नहीं पाएगा। सीएम योगी ने कहा कि उन्होंने तो विजमा यादव को बुलाया था, उन्हें भरोसा दिया है कि वह उन्हें सुरक्षा देंगे। 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की छवि जो आपने खराब की थी, उसमें अब सकारात्मक बदलाव आया है। अब सरकार की प्राथमिकता है कि हर नागरिक को सुरक्षा और सम्मान मिलनी ही चाहिए।

### कानून का राज सरकार की पहली प्राथमिकता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शीतकालीन सत्र के दौरान अनुपूरक बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि समाज की पहली आवश्यकता सुरक्षा है और कानून का राज स्थापित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। योगी ने कहा कि हर व्यक्ति, व्यापारी और बेटी को सुरक्षित महसूस होना चाहिए और उनकी सरकार ने इस दिशा में ठोस परिणाम दिए हैं, जिसका उत्तर प्रदेश की जनता लगातार समर्थन कर रही है। समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब पौने नौ साल पहले उनकी सरकार सत्ता में थी, तब क्या उन्होंने अपनी ही सरकार को माफिया और अपराध पर लगाम लगाने की सलाह दी थी। उन्होंने एक शेर के माध्यम से विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि तू इधर उधर की न बात कर, ये बता कि कारवां कैसे लुटा। योगी ने कहा कि माफिया के खिलाफ सरकार की नीति स्पष्ट और कठोर रही है, जिसे जमीन पर लागू कर के दिखाया गया है। विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए योगी ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश की सड़कें गड्ढों से भरी थीं और मेट्रो रेल परियोजनाएं मजाक बनकर रह गई थीं। केंद्र सरकार के साथ समन्वय के अभाव में रेल और सड़क परिवहन को जोड़ने का कोई ठोस प्रयास नहीं हुआ।

# सलीम ने रेल विकास निगम के नए सीएमडी का पदभार संभाला

**नई दिल्ली, वार्ता**

रेल विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सलीम अहमद ने मंगलवार को पदभार ग्रहण कर लिया। अहमद के पास सिविल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में 33 साल से अधिक का अनुभव है।

रेल विकास निगम से जुड़ने से पहले वह सरकारी निर्माण कंपनी एनबीसीसी (इंडिया) में परियोजना निदेशक थे। पूर्व में वह दिल्ली मेट्रो रेल निगम के कार्यकारी निदेशक रह चुके हैं और मुंबई पोर्ट ट्रस्ट के साथ भी काम कर चुके हैं। बड़े बहुआयामी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में उनका लंबा अनुभव रहा है और पुलों, सुरंगों तथा आवासीय एवं वाणिज्यिक भवनों के निर्माण में उन्हें विशेषज्ञता हासिल है। उन्होंने साल 1990 में दिल्ली के जामिया मिलिया इस्लामिया से सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। सार्वजनिक क्षेत्र की नवरत्न कंपनी रेल विकास निगम रेल मंत्रालय के अधीनस्थ है और पिछले दो दशक से रेलवे से जुड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को अंजाम देती रही है। इसने अब तक 157 परियोजनाओं को सफलतापूर्वक धरातल पर उतारा है। मौजूदा समय में यह 10 शहरों में मेट्रो परियोजानाओं का काम कर रही है।

### आधे श्रीनगर में 24 घंटे बिजली: उमर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि श्रीनगर शहर के करीब 48 प्रतिशत हिस्से में अब 24 घंटे बिजली मिलती है। मुख्यमंत्री ने कश्मीर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड को संशोधित वितरण क्षेत्र योजना के सफल ट्रायल के बाद 83 और इलाकों को 24 घंटे बिजली देने वाले ज़ोन में बदल देने पर बधाई दी। दूसरे जिलों में भी इसी तरह के सुधार कार्य चल रहे हैं।



सेंसेक्स 85408.70
निफ्टी 26142.10



सोना रु. 138320
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 234000
प्रति किलो



# जीएसटी से पूरा देश बना एक बाजार: उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ भारत आज दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की राह पर

उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को कहा कि मौजूदा सरकार की आर्थिक नीतियों की वजह से आज भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू होने के बाद देश एक बाजार के रूप में उभरा है। हिमाचल प्रदेश के राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार की पुस्तक मोदी युग में भारत का आर्थिक सशक्तिकरण का यहां उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में विमोचन करते हुए राधाकृष्णन ने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों की वजह से देश 2047 में विकसित राष्ट्र के रूप में उभरकर सामने आ रहा है।

देश में जीएसटी लागू होने से आज पूरा देश एक साझा बाजार बनकर उभरा है। इसका सीधा लाभ छोटे और मझौले व्यापारियों तथा किसानों को मिल रहा है। आज पंजाब का किसान अपनी उपज केरल में बेच सकता है और हिमाचल प्रदेश का हथकरघा व्यापारी अपना सामान तमिलनाडु भेज सकता है। इसके लिए सभी प्रक्रियाएं बिना किसी परेशानी के घर बैठे ही पूरी हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आर्थिक नीतियों की वजह से आज भारत दुनिया की चौथी बघी अर्थव्यवस्था बन गया है और तीसरी बघी अर्थव्यवस्था बनने की दहलीज पर है। उपराष्ट्रपति ने जनधन खातों की जिक्र करते हुए कहा कि जीरो बैलेंस के साथ बैंक खाते खोलने से हर नागरिक को बैंकिंग सुविधा मिल सकी है और आज समाज के निचले तबके के करोड़ों रुपये बैंक खातों में जमा हैं। इन बैंक खातों की वजह से आज केंद्र और राज्य सरकारों की अनुदान योजनाओं की पूरी राशि सीधे गरीबों के खातों में जमा हो रही है।

### शेयर बाजारों में गिरावट सेंसेक्स 116 अंक टूटा

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को शुरुआती तेजी के बाद गिरावट रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 116.14 अंक (0.14 प्रतिशत) टूटकर 85,408.70 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 35.05 अंक यानी 013 प्रतिशत नीचे 26,142.10 अंक पर बंद हुआ। मझौली कंपनियों में बिकवाली के दबाव में निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.81 प्रतिशत फिसल गया। छोटी कंपनियों में लिवाली से स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.28 फीसदी की तेजी रही। डॉलर की तुलना में रुपये में रही गिरावट का दबाव शेयर बाजारों पर भी देखा गया। तेल एवं गैस, आईटी, एफएमसीजी, फार्मा, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और बैंकिंग सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। मीडिया, धातु और रियलिटी सेक्टरों में तेजी रही।

### सोना और चांदी के भाव ने पकड़ी रफ्तार

**नई दिल्ली।** बुधवार को सोना और चांदी के भाव फिर बढ़ गए हैं। 24 कैरेट सोना एक लाख 34 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम से ऊपर पहुंच गया है। वहीं चांदी की कीमत दो लाख 34 हजार रुपये प्रति किलो हो गई है, जिसमें एक दिन में करीब 3000 रुपये की बढ़त दर्ज की गई है। हालांकि सोने की कीमत में हल्की सी गिरावट देखने को मिली है, लेकिन यह बहुत मामूली है। देश के महानगरों पटना में 24 कैरेट सोने का भाव 138,220 प्रति 10 ग्राम रहा, जबकि जयपुर में 138,280, कानपुर में 138,340, लखनऊ में 138,320, भोपाल में 138,430, इंदौर में 138,430, चंडीगढ़ में 138,280 और रायपुर में 138,230 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर शाम 5 बजे तक 5 फरवरी 2026 एक्सपायरी वाला 24 कैरेट गोल्ड 1.02 प्रतिशत के उछाल के साथ 1,38,145 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया।

# चावल और गेहूं में रही नरमी, खाद्य तेलों व दालों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव घट गए। गेहूं में भी नरमी रही। चीनी के दाम कमोबेश गत दिवस के स्तर पर ही टिके रहे। वहीं खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 23 रुपये गिरकर 3,843 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गई।

गेहूं आठ रुपये सस्ता हुआ और 2,854 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा छह रुपये महंगा हुआ। दाल- दलहनों में चना दाल औसतन 22 रुपये और उड़द दाल 12 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मूंग दाल की कीमत 10 रुपये और मसूर दाल की आठ रुपये प्रति क्विंटल फिसल गई। वहीं तुअर दाल चार रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा एक रिंगिट टूटकर 4035 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.29 प्रतिशत की बढ़त में 48.93 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल औसतन 25 रुपये और सूरजमुखी तेल चार रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। वहीं वनस्पति की कीमत 47 रुपये और मूंगफली तेल की 20 रुपये टूट गई। सोया तेल में 15 रुपये और सरसों तेल में 11 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव में 14 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। वहीं, चीनी गत दिवस के स्तर पर लगभग स्थिर रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :. दाल-दलहन: दाल चना 7798.20 रुपये, मसूर काली 8160.91 रुपये, मूंग दाल 10093.82 रुपये, उड़द दाल 10365.87 रुपये, तुअर दाल 10603.76 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2853.80 रुपये और चावल 3843.20 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3300.54 रुपये प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**भारत से...**

की वृत्ताकार निचली पृथ्वी कक्षा में स्थापित हो गया। इसरो ने घोषणा की, एलवीएम3-एम6 ब्लूबर्ड ब्लॉक 2 मिशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। बाद में एक ट्वीट में उसने कहा कि मिशन सफल रहा। एलवीएम3-एम6 मिशन ने ब्लू बर्ड ब्लॉक 2 उपग्रह को सफलतापूर्वक उसकी निर्धारित कक्षा में स्थापित कर दिया है। इसरो के अनुसार, श्रीहरिकोटा के स्पेस एरिया के ऊपर हजारों एक्टिव सैटेलाइट लगातार गुजर रहे थे। अन्य सैटेलाइट के साथ टकराव की आशंका को देखते हुए मिशन का लॉन्च समय 90 सेकेंड बढ़ाया गया।

इसरो की प्रशंसा करते हुए केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डा. जितेंद्र सिंह ने कहा कि ब्लूबर्ड ब्लॉक 2 को ले जाने वाले एलवीएम3-एम6 के सफल प्रक्षेपण के लिए टीम व इसरो को बधाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी संरक्षण में इसरो एक के बाद एक सफलताएं हासिल कर रहा है, जो अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की बढ़ती क्षमता को दर्शाता है। यह अब तक भारतीय धरती से लॉन्च किया गया सबसे भारी उपग्रह है। इसरो के अनुसार, क्रायोजेनिक अपर स्टेज सहित तीनों चरणों के प्रज्वलन और पृथक्करण के बाद, उपग्रह को भूमध्य रेखा से लगभग 53 डिग्री के झुकाव वाले 520 किमी के वृत्ताकार भू-परिस्थिति (एलईओ) में सटीक रूप से स्थापित किया गया। इसका प्रक्षेपण-भार 640 टन है, इसकी ऊंचाई 43-5 मीटर है, और यह भू-तुल्यकालिक स्थानांतरण कक्षा (जीटीओ) में 4,200 किलोग्राम पेलोड ले जाने में सक्षम है। इसने बताया कि यह भारतीय धरती से एलवीएम 3 द्वारा लॉन्च किया गया अब तक का सबसे भारी पेलोड है। यह एलवीएम3-एम6 रॉकेट की छठी परिचालन उड़ान है और भारत के वाणिज्यिक अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण मोड़ है।

**उन्नाव सामूहिक...**

किया जा रहा हो, और वो डर के साए में जी रही हो। बलात्कारियों को ज़मानत और पीड़िताओं के साथ अपराधियों सा व्यवहार, ये कैसा न्याय है। श्री गांधी ने कहा कि हम सिर्फ़ एक मृत अर्थव्यवस्था ही नहीं है , बल्कि ऐसी अमानवीय घटनाओं के साथ हम एक मृत समाज भी बनते जा रहे हैं। लोकतंत्र में असहमति की आवाज़ उठाना अधिकार है और उसे दबाना अपराध। पीड़िता को सम्मान, सुरक्षा और न्याय मिलना चाहिए -न कि बेबसी, भय और अन्याय। गौरतलब है कि उन्नाव दुष्कर्म मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की जमानत दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंजूर की है। पीड़िता का आरोप है कि इस अपराधी ने उसके ताऊ तथा उसके पिता की हत्या करवाई है और फिर उसकी बहन के साथ दुष्कर्म कर उसके चाचा को झूठे मामले में फंसाकर जेल भिजवाया है।

# समय-समय पर बजट की समीक्षा करें सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ अनुपूरक बजट पर नेता प्रतिपक्ष पांडेय ने सरकार को दी सलाह

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने अनुपूरक बजट को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यदि मुख्यमंत्री समय-समय पर बजटीय समीक्षा करें, तो सरकार को समय रहते यह पता चल सकता है कि किस विभाग के पास कितना बजट उपलब्ध है।

पांडेय ने याद दिलाया कि पहले जिलों में कमेटियां बनाई जाती थीं, जो बजट की सिफारिश करती थीं, लेकिन सरकार ने इस व्यवस्था को बंद कर दिया है। अब इसे फिर से शुरू किया जाना चाहिए। अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान बोलते हुए नेता प्रतिपक्ष ने यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि अनुपूरक बजट लाना गलत नहीं है, लेकिन यह बहुत अच्छा भी नहीं कहा जा सकता। बजट बनाते समय सभी संभावनाओं पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए, क्योंकि यह एक बड़ी और स्थापित परंपरा है। पांडेय ने कहा कि इस बार अनुपूरक बजट में करीब 24 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जबकि मूल बजट में लगाए गए अनुमान की तुलना में सरकार को लगभग 30 प्रतिशत कम राजस्व प्राप्त हुआ है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार विकास कार्यों की बजाय प्रचार-प्रसार पर अधिक धन खर्च करना चाहती है। बजट की कमी होने पर थोड़ी-थोड़ी राशि खर्च कर काम चलाया जाता है। उन्होंने आवास विकास विभाग का जिक्र करते हुए कहा कि जिस बजट का प्रावधान किया गया, उसमें से लगभग 80 प्रतिशत राशि खर्च करने की अनुमति दी गई, लेकिन मूल बजट के अनुसार अब तक स्वीकृतियां जारी नहीं हुई हैं। दैवीय आपदाओं के मुआवजे का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा कि पैसा जारी होने के बाद तहसीलदार द्वारा वितरण किया जाता है, लेकिन बजट की कमी के कारण लोगों को मदद नहीं मिल पाती और वे नेताओं के चक्कर काटने को मजबूर होते हैं।

उन्होंने मांग की कि राजस्व विभाग को पूरा बजट उपलब्ध कराया जाए, ताकि जरूरतमंदों की समय पर सहायता हो सके। पांडेय ने कहा कि विपत्तियां अक्सर गरीबों के घरों में आती हैं, बड़े लोगों के घरों में नहीं। इसलिए सरकार को गरीबों का विशेष ख्याल रखना चाहिए और राहत व पुनर्वास के लिए पर्याप्त संसाधन सुनिश्चित करने चाहिए।

# कोडीन कफ सिरप वालों पर कब होगी कार्रवाई: कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश में लाखों लोगों को नशे का आदी बनाने वाली कोडीन कफ सिरप धड़ल्ले से बिक रही है, लेकिन राज्य सरकार ना इसकी बिक्री रोक पा रही है और ना ही इस धंधे से जुड़े लोगों को गिरफ्तार कर पा रही है।

कांग्रेस सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उत्तर प्रदेश में कोडीन कफ सिरप धड़ल्ले से 40-45 रुपए में मिल रही है। इस कफ सिरप से लोग जबरदस्त नशे का शिकार हो रहे हैं। प्रदेश के बच्चे भी इस नशे की लत में आ रहे हैं और उनके परिवार उजड़ रहे हैं। किसी भी तरह का नशा-देश के सामने एक गंभीर समस्या है, जिस पर चर्चा जरूरी है। हालात ऐसे हो गए हैं कि सड़कों से लेकर स्कूल-कॉलेज के कैंपस में बड़ी आसानी से हर तरह का नशा उपलब्ध है। पहले चरस-गांजे, अफीम जैसे नशे की बात होती थी, लेकिन आज कफ सिरप का नशा उत्तर प्रदेश में फैल रहा है। उन्होंने कहा कि इस सिरप में कितना नशा है और इसके नशे की लत कितनी गहरी है इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि प्रदेश के उन्नाव में आकाश नाम के एक लड़के को कफ सिरप के नशे की लत लग गई। उसकी लत छूटी नहीं और उसे यह सिरप आसानी से मिलता है।

# कैशलैस इलाज का अशंदान बढ़ाने पर कैबिनेट की मुहर

## कलाकारों और लेखकों की मासिक पेंशन में वृद्धि, प्राकृतिक गैस पर वैट की दर में कटौती

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड मंत्रिमंडल की बैठक में जनहित से जुड़े कई बड़े और दूरगामी निर्णयों पर मुहर लगी। कैबिनेट के इन फैसलों से आम जनता को महंगाई से राहत, किसानों को आर्थिक संबल, कलाकारों व कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी। सरकार ने हरित ऊर्जा, औद्योगिक विकास और स्वास्थ्य ढांचे को सशक्त करने की दिशा में एक साथ कई अहम कदम उठाए हैं।

गुरुवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक 11 प्रस्ताव आए, जिसमे कर्मचारियों के कैशलैस उपचार के लिए अंशदान बढ़ाने, नेचुरल गैस पर वैट की दर घटाने, कलाकारों की पेंशन बढ़ाने जैसे कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इसके साथ ही, सेब खरीद मूल्य निर्धारण, भवन निर्माण नियमों में बदलाव, और चिकित्सा सेवाओं में सुधार जैसे प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई।



■ धामी कैबिनेट ने सेब खरीद मूल्य निर्धारण, भवन निर्माण नियमों में बदलाव और चिकित्सा सेवाओं में सुधार जैसे 11 प्रस्तावों को भी मंजूरी दी

उपनल कर्मचारियों को समान कार्य के लिए समान वेतन का मामला मंत्रिमंडल उपसमिति को सौंपा गया है। कैबिनेट बैठक के बाद फैसलों की जानकारी देते हुए प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम ने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य में पर्यावरण संरक्षण व वर्तमान परिदृश्य में हरित एवं स्वच्छ ऊर्जा की अवधारणा को प्रभावी रूप से लागू करने के उद्देश्य से मंत्रिमंडल ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। राज्य की विभिन्न औद्योगिक विकास योजनाओं के अंतर्गत प्रदूषण मुक्त औद्योगिक इकाइयों की स्थापना को प्राथमिकता देते हुए व कर संवर्द्धन की संभावनाओं को देखते हुए पीएनजी एवं सीएनजी पर वर्तमान में लागू 20 प्रतिशत वैट को घटाकर 5 प्रतिशत किए जाने का निर्णय लिया गया है।

### आयुष्मान योजना में बड़ा बदलाव

राज्य में आयुष्मान व अटल आयुष्मान योजना को शत-प्रतिशत बीमा प्रणाली में संचालित करने का निर्णय लिया गया है। गोल्डन कार्ड को संयुक्त प्रणाली में चलाया जाएगा, 5 लाख तक का दावा बीमा प्रणाली में, 5 लाख से अधिक का दावा ट्रस्ट प्रणाली में होगा। इसके साथ ही गोल्डन कार्ड का लगभग 125 करोड़ का बकाया राज्य सरकार वहन करेगी।

### आपदा प्रभावित धराली क्षेत्र के सेब किसानों को राहत

उत्तरकाशी जनपद के धराली के आपदा प्रभावित क्षेत्रों के सेब उत्पादकों के हित में मुख्यमंत्री की घोषणा को कैबिनेट ने अनुमोदन प्रदान किया है। इसके तहत, रॉयल डिलीशियस सेब 51 प्रति किलोग्राम, रेड डिलीशियस एवं अन्य सेब 45 प्रति किलोग्राम (ग्रेड-सी सेब को छोड़कर) की दर से उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा उपार्जन किया जाएगा। इसके लिए धनराशि मुख्यमंत्री घोषणा मद से स्वीकृत की जाएगी।

### वृद्ध कलाकारों एवं लेखकों की पेंशन दोगुनी

प्रदेश की सांस्कृतिक परंपराओं, लोक कलाओं, गीतों, नृत्यों, वाद्य यंत्रों एवं साहित्य को संरक्षित रखने वाले वृद्ध एवं विपन्न कलाकारों तथा लेखकों को बड़ी राहत दी गई है। वर्ष 2010 में लागू मासिक पेंशन 3000 को बढ़ाकर 6000 प्रतिमाह किए जाने को उत्तराखण्ड वृद्ध एवं विपन्न कलाकारों तथा लेखकों को मासिक पेंशन (संशोधन) नियमावली, 2025 के प्रख्यापन को कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान की है।

### भवन मानचित्र स्वीकृति प्रक्रिया में सुधार

भारत सरकार की और से प्रायोजित व्यवसाय करने में सुगमता योजना के तहत भवन मानचित्र स्वीकृति प्रक्रिया में संशोधन को कैबिनेट ने स्वीकृति दी है। कम जोखिम वाले भवनों, जैसे एकल आवासीय भवन व छोटे व्यावसायिक भवन के नक्शे अब पंजीकृत वास्तुकार द्वारा स्व-प्रमाणित कराए जा सकेंगे। निर्माणकर्ता को भवन निर्माण अथवा पुनर्निर्माण आवेदन के साथ प्रपत्र-1, प्रपत्र-2 सहित सभी आवश्यक अभिलेख सक्षम प्राधिकारी को प्रस्तुत करने होंगे। सभी निर्धारित शुल्क देय रहेंगे।

### धामी कैबिनेट के अन्य प्रमुख फैसले

**राज्य के पर्वतीय,** दुर्गम एवं अति दुर्गम क्षेत्रों में कार्यरत विशेषज्ञ चिकित्सकों को सेवाएं सुनिश्चित करने को 50 प्रतिशत अतिरिक्त भत्ता स्वीकृत किया गया है। यह भत्ता सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन गणना में शामिल नहीं होगा तथा केवल पर्वतीय एवं दुर्गम क्षेत्रों में क्लीनिकल कार्यरत विशेषज्ञ चिकित्सकों को ही देय होगा। **उत्तराखण्ड बांस एवं रेशा** विकास परिषद की परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन एवं विशेषज्ञता की आवश्यकता को देखते हुए संगठनात्मक ढांचे के पुनर्गठन को कैबिनेट ने स्वीकृति दी है। परिषद में व्यावसायिक एवं तकनीकी प्रकृति के 13 स्थायी पदों के संशोधित ढांचे को अनुमोदित किया गया है, जिन्हें खुले बाजार अथवा आउटसोर्स माध्यम से भरा जाएगा। **सिंचाई एवं लोक निर्माण विभाग** के वर्कचार्ज कार्मिकों की वर्कचार्ज सेवा अवधि को पेंशन के लिये जोड़े जाने का निर्णय कैबिनेट द्वारा लिया गया है। **उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा सेवा (संशोधन)** नियमावली, 2025 को कैबिनेट ने मंजूरी दी है। इसके अंतर्गत प्रोफेसर एवं एसोसिएट प्रोफेसर की नियुक्ति की आयु 50 से बढ़ाकर 62 वर्ष कर दी गई है। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के नए नियमों के अनुसार सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं के लिए पृथक विभाग बनाए गए हैं। **स्वामी राम कैंसर संस्थान**, हल्द्वानी में चार नए पद सृजित किए गए हैं। वहीं, राजकीय मेडिकल कॉलेज, श्रीनगर में संविदा, दैनिक वेतन, नियत वेतन एवं प्रबंधन समिति के माध्यम से कार्यरत 277 कार्मिकों को समान कार्य-समान वेतन दिए जाने के प्रकरण को मंत्रिमंडल की उपसमिति को सौंपा गया है। **व्यापार सुगमता बढ़ाने,** अनुपालन भार कम करने व औद्योगिक नियमों को अधिक स्पष्ट बनाने के उद्देश्य से उत्तराखण्ड सामान्य औद्योगिक विकास नियंत्रण (संशोधन) विनियमावली, 2025 को मंजूरी दी गई है। इसके तहत सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग इकाइयों तथा औद्योगिक इकाइयों के भू-आवरण क्षेत्र में वृद्धि की गई है। **प्रेस क्लब की भूमि को सूचना विभाग को हस्तांतरित किया जाएगा।** भूमि हस्तांतरण के बाद सूचना विभाग की और से प्रेस क्लब का नया भवन निर्मित कराया जाएगा, जिससे लंबे समय से चली आ रही नक्शा संबंधी बाधाएं समाप्त होंगी।

# एरोमा पार्क के रूप में विकसित होंगी हर्बल नर्सरियां: बर्द्धन

■ जड़ी-बूटी को प्रदेश की आर्थिकी से जोड़ा जाए: सीएस

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून ।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में वन विभाग की 'गैर प्रकाष्ठ वन उपज का विकास तथा हर्बल एवं एरोमा टूरिज्म परियोजना' के तहत राज्य स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित हुयी। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने परियोजना की प्रगति की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने वन विभाग को शीघ्र इस के लिये पीएमसी गठित किए जाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव ने कहा कि जड़ी-बूटी उत्तराखण्ड की यूएसपी है। उन्होंने जड़ी-बूटी को प्रदेश की आर्थिकी से जोड़े जाने की



आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि कृषि, उद्यान और वन विभाग आपसी सामंजस्य से जड़ी बूटी के उत्पादन और मार्केटिंग आदि पर कार्ययोजना तैयार करें।

मुख्य सचिव ने हर्बल नर्सरियों को हर्बल एवं एरोमा पार्क के रूप में विकसित करते हुए इसे पर्यटन गति. विधियों से भी जोड़े जाने की बात कही। उन्होंने देववन (चकराता), खिर्सू, जागेश्वर, सेलाकुई, मुन्स्यारी आदि स्थानों में नर्सरियों को विस्तारित कर हर्बल-एरोमा पार्क के रूप में विकसित करने को तत्काल कार्यवाही शुरू किए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने इसके लिए शीघ्र ही एक नर्सरी प्लान तैयार किए जाने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने जड़ी बूटियों के विकास के लिए एक कोर ग्रुप तैयार किए जाने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि गैर प्रकाष्ठ वन उपज का विकास तथा हर्बल एवं एरोमा टूरिज्म परियोजना के तहत् 10 हजार किसानों को प्रशिक्षण दिया जाना है। मुख्य सचिव ने कहा कि योजना को सफल बनाए जाने के लिए जिला स्तरीय अनुश्रवण समितियों का गठन कर नियमित रूप से अनुश्रवण बैठकें आयोजित की जाएं। उन्होंने विभागों को आयुर्वेदिक फार्मा कम्पनियों और मांगकर्ताओं से उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप् उत्पादन पर फोकस किए जाने की बात कही। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, पीसीसीएफ (हॉफ) रंजन कुमार मिश्र, पीसीसीएफ (वन पंचायत) वी. पी. गुप्ता अपर सचिव विजय कुमार जोगदण्डे व हिमांशु खुराना सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### सीएम ने क्रिसमस पर ईसाई समुदाय को दी शुभकामनाएं

**देहरादून (शाह टाइम्स)।** उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने क्रिसमस के अवसर पर प्रदेशवासियों, विशेषकर ईसाई समुदाय के लोगों को शुभकामनाएं दी है।

इस अवसर पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि क्रिसमस का पर्व सेवा, त्याग, प्रेम और करुणा जैसे आदर्शों का अनुसरण करने का संदेश देता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि क्रिसमस का त्योहार आपसी भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करने और खुशियाँ बाँटने का उत्सव है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड में सभी पर्वों को मिल-जुलकर मनाने की एक श्रेष्ठ और समृद्ध परंपरा रही है।

# एसआईआर के लिए 167 नए एईआरओ तैनात

■ वर्तमान में 70 ईआरओ और 268 एईआरओ सम्पादित कर रहे कार्य

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**


**देहरादून।** उत्तराखण्ड में आगामी एसआईआर की तैयारियों को लेकर 167 नए अफसरों की तैनाती की गई है। प्रदेश की 70 विधानसभा क्षेत्रों में एसआईआर के मध्यनजर 167 अतरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (एईआरओ) की नियुक्ति की गई है। भारत निर्वाचन आयोग की और से इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है।

वर्तमान में प्रदेश में 70 विधानसभा क्षेत्रों में एसडीएम स्तर के 70 ईआरओ और तहसीलदार स्तर के 268 एईआरओ तैनात हैं। इसके



अतरिक्त 167 नए एईआरओ की नियुक्ति के बाद प्रदेश में 435 एईआरओ आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण और इसकी तैयारियों को सम्पादित करेंगे। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि आयोग की और से नियुक्त 167 अतरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सिर्फ आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए तैनात किए गए हैं। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बूथ लेवल ऑफिसर 'बीएलओ आउटरीच अभियान' के तहत मतदाताओं से संपर्क, समन्वय और संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। ईआरओ और एईआरओ इस अभियान में बीएलओ की और से किए जा रहे आउटरीच अभियान की नियमित मॉनिटरिंग करेंगे।

| जिलेवार तैनात नए एईआरआ | |
|---|---|
| उत्तरकाशी | -11 |
| चमोली | -20 |
| रुद्रप्रयाग | -08 |
| टिहरी | -12 |
| देहरादून | -13 |
| हरिद्वार | - 19 |
| पौड़ी | - 20 |
| पिथौरागढ़ | - 14 |
| बागेश्वर | - 03 |
| अल्मोड़ा | -12 |
| चम्पावत | -06 |
| नैनीताल | -11 |
| ऊधमसिंह नगर | -18 |



# सीएम ने सांकरी में किया केदारकांठा विंटर टूरिज्म महोत्सव का शुभारंभ

■ उत्तराखंड की मजबूत नींव है शीतकालीन पर्यटनः धामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तरकशी जिले के शांकरी में आयोजित केदारकांठा विंटर टूरिज्म महोत्सव के उद्घाटन समारोह में पहुंचे । बुधवार को मुख्यमंत्री ने पर्यटन नगरी सांकरी में आयोजित विंटर फेस्टिवल का विधिवत शुभारंभ करते हुए पर्यटक दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने सम्बोधित करते हुए कहा कि सांकरी केवल एक गांव नहीं, बल्कि उत्तराखंड की लोकसंस्कृति का जीवंत संग्रहालय है। पहली बार सांकरी आगमन पर



मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों के स्नेह और उत्साह के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यहां की पारंपरिक लकड़ी की वास्तुकला, लोकगीत, लोकनृत्य और सरल पहाड़ी जीवनशैली उत्तराखंड की विशिष्ट पहचान को दर्शाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह महोत्सव उत्तराखंड की आस्था, संस्कृति, परंपरा और स्वाभिमान का उत्सव होने के साथ-साथ "विकास भीख्रविरासत भी" की सोच को साकार करता है।

न्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शीतकालीन यात्रा के आह्वान के बाद केदारकांठा,हर्षिल,औली,मुनस्यारी और सांकरी जैसे क्षेत्रों में शीतकालीन पर्यटन को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है, जिससे सीमांत गांवों में पलायन रुक रहा है और स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शीतकालीन पर्यटन से लोक कलाकारों, हस्तशिल्प, पारंपरिक व्यंजनों और स्थानीय उत्पादों को नया बाजार मिलेगा। युवा ट्रेकिंग गाइड, होम-स्टे, होटल और पर्यटन से जुड़े कार्यों के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रदेशमें शिक्षा,स्वास्थ्य,सड़क,बिजली और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों, कानून व्यवस्था और पारदर्शिता को मजबूत कर रही है। समान नागरिक संहिता, नकल विरोधी कानून, सख्त भू-कानून और भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति से उत्तराखंड देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो रहा है। मुख्यमंत्री ने जनता से शीतकालीन पर्यटन को जन आंदोलन बनाने और उत्तराखंड को समृद्ध व आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग का आह्वान किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विंटर फेस्टिवल में विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का भी अवलोकन किया।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक दुर्गेश लाल ने मुख्यमंत्री को क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न मांगों का एक मांग पत्र सौंपा। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक द्वारा एक विस्तृत एवं लंबी सूची सौंपी गई ह क्षेत्रीय विधायक दुर्गेश्वर लाल ने कहा कि हरकीदून,केदारकांठा, भराड़सर,देवक्यारा,चांईशील और सरूताल जैसे विश्वप्रसिद्ध पर्यटन स्थलों का मुख्य केंद्र बिंदु पर्यटन नगरी सांकरी है।

इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत रमेश चौहान,जिलाध्यक्ष भाजपा नागेंद्र चौहान,दर्जा राज्य मंत्री जगत सिंह चौहान,प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, पूर्व विधायक मालचंद, ब्लाक प्रमुख रणदेव राणा, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा सतेंद्र सिंह राणा,मंडल अध्यक्ष शांकरी राजीव कुंवर, मोरी प्रेम चौहान,पुरोला रामचंद्र पंवार,ओबीसी मोर्चा चंडी प्रसाद बेलवाल,परशुराम जगूड़ी,भगत सिंह रावत, सुरेंद्र सिंह देवजानी, मुक. ेश टम्टा, लोकेंद्र कंडियाल,जगमोहन सिंह, कृपाल राणा, नारायण सिंह चौहान,त्रेपन सिंह राणा सहित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान, स्थानीय लोग,जनप्रतिनिधि, पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोग एवं पर्यटक उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों की शिकायतों का शीघ्र हो समाधानःराजपूत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

श्रीनगर। कीर्तिनगर विकासखंड के राजकीय इन्टर कालेज मे जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों की कुल 35 शिकायतें दर्ज की गई। जिसमें अधिकतर शिकायतों समाधान मौके पर ही किया गया। कीर्तिनगर उपजिलाधिकारी मंजू राजपूत ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से आम. जनों की शिकायतें व उसका निवारण करना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। इसी तरह के कार्यक्रमों को तमाम सुदूरवर्ती गावं मे किया जायेगा तथा उसका समाधान करना भी विभागीय जिम्मेदारी होगी। उपजिलाधिकारी ने कहा कि हमारा और सरकार का उद्देश्य भी यही है कि आमजन तक इसका लाभ मिले। इस मौके पर जेष्ठ प्रमुख प्रियंका जयाड़ा ने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता है कि हर व्यक्ति की शिकायतों को सुनना और उसका निवारण करना है। इस मौके पर पेयजल,सिंचाई, बाल विकास, वन विभागीय सहित आदि विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# अंकिता भंडारी हत्याकांड : कांग्रेस ने फूंका सरकार का पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** पहाड़ की बेटी अंकिता भंडारी की जघन्य और हृदय विदारक हत्या के मामले में एक नए और सनसनीखेज मोड़ ने प्रदेश के सियासी पारे को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। हत्याकांड में कथित श्वीआईपीश की संलिप्तता को लेकर सोशल मीडिया पर सामने आए गंभीर आरोपों के बाद राजनीतिक गलियारों में तूफान खड़ा हो गया है। इन आरोपों के सार्वजनिक होने के बाद से ही विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस पार्टी, सरकार पर हमलावर हो गई है। इसी क्रम में आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने टिहरी जिले के बौराड़ी और लंबगांव में जोरदार प्रदर्शन करते हुए भाजपा सरकार के



खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपना विरोध दर्ज कराया। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार रसूखदारों को बचाने का प्रयास कर रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मामले ने तूल तब पकड़ा जब उर्मिला सनावर नामक महिला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक लाइव के माध्यम से एक वीडियो जारी कर अत्यंत गंभीर दावे किए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि उर्मिला सनावर, जिन्होंने स्वयं को ज्वालापुर से भाजपा के पूर्व विधायक सुरेश राठौर की पत्नी बताया है, ने इस हत्याकांड में एक वीआईपी की भूमिका होने का दावा किया है। उन्होंने सीधे तौर पर भाजपा के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम का नाम लेते हुए उन्हें अपना भाई बताया और उन पर इस प्रकरण में संलिप्त होने के संगीन आरोप लगाए। उर्मिला सनावर ने अपने दावे में सुरेश राठौर के साथ हुई एक कथित टेलीफोनिक बातचीत की रिकॉर्डिंग का हवाला दिया है, जिसके सामने आने के बाद से जनता में भारी रोष व्याप्त है।

इसके अतिरिक्त, उन्होंने यमकेश्वर विधायक रेणु बिष्ट और भाजपा नेत्री आरती पर साक्ष्य मिटाने और मामले को दबाने में भूमिका निभाने की आशंका भी जताई है। इन सनसनीखेज आरोपों के सामने आते ही टिहरी में कांग्रेस संगठन उग्र हो उठा। बौराड़ी स्थित साईं चौक और लंबगांव के शहीद स्मारक पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए और प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए। प्रदर्शनकारियों ने भाजपा प्रभारी दुष्यंत गौतम और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का संयुक्त पुतला दहन किया। दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग दोहराई। इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष टिहरी मुरारीलाल खंडवाल, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप पंवार, प्रदेश प्रवक्ता एवं पीसीसी सदस्य शांति प्रसाद भट्ट, पूर्व प्रमुख विजय गुनसोला, पीसीसी सदस्य मुशर्रफ अली, पीसीसी सदस्य देवेंद्र नौडियाल, धूम सिंह और त्रेपन सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे,

# द सेपियंस विद्यालयों में मनाया क्रिसमस पर्व

**विकासनगर।** द सेपियंस विद्यालय, हरबर्टपुर एवं विक. ासनगर में क्रिसमस के पावन अवसर पर एक भव्य एवं उल्लासपूर्ण प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का कुशल एवं प्रभावशाली संचालन शिक्षिका मानसी पवार द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सदनों के विद्यार्थियों ने एकल नृत्य, एकल गीत गायन तथा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। नन्हे-मुन्ने छात्र रंग-बिरंगी एवं आकर्षक वेशभूषा में मंच पर प्रस्तुत हुए, जिनकी मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

## एक नजर .......

# हिंडोलाखाल में इंडोर स्टेडियम का शिलान्यास

**श्रीनगर।** देवप्रयाग विधानसभा में खेल प्रेमियों को विधायक विनोद कंडारी ने नई सौगात दी है। बुधवार को देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने हिंडोलाखाल में 9 करोड़ 4 लाख 88 हजार रूपये की लागत से इंडोर स्टेडियम का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होने कहा कि देवप्रयाग विस क्षेत्र के खेल प्रेमियों को अब मैदान के ओर दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। कहा कि करोड़ों की लागत से बनने वाला यह स्टेडियम इंडोर गेम्स के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। स्टेडियम में चें. जंग रूम, शौचालय, दर्शक दीर्घा व खेल आयोजन के लिए आवश्यक उपकरण व व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मौके पर ब्लॉक प्रमुख हिंडोलाखाल विनोद बिष्ट, मंडल अध्यक्ष कुलदीप रावत, जिला मंत्री प्रमोद चंद, जिला पंचायत सदस्य रजनी पयाल, ज्येष्ठ प्रमुख जगतराम रतूड़ी, क्षेत्र पंचायत सदस्य रानीहाट मनोज जोशी सहित आदि मौजूद थे।

# विवेकानंद पर्यटन पथ पर केंद्रित वृत्त चित्र राष्ट्रीय स्तर पर चयन

**श्रीनगर।** गढ़वाल विवि के पर्वतीय पर्यटन एवं आतिथ्य अध्ययन केंद्र ने उत्तराखंड में स्वामी विवेकानंद पर्यटन पथ सर्वेक्षण पर केंद्रित वृत्त चित्र राष्ट्रीय स्तर पर डीसीपी एक्सपीडिशन फोटोग्राफी एवं फिल्म फेस्टिवल में स्क्रीनिंग के लिए चयनित किया गया है। मुंबई में 9 जनवरी को बॉम्बे आर्ट सोसाइटी में राष्ट्रीय स्तर की चयनित फिल्मों के क्रम में इसका प्रदर्शन किया जायेगा। फिल्म का संयोजन तथा प्रारूप लेखन डॉ. सर्वेश उनियाल ने किया गया। वृत्त चित्र का निर्देशन चंद्रशेखर चौहान ने किया। प्रकृति छायाकार हरीश भट्ट एवं महेश पैन्यूली द्वारा छायांकन संपादित किया गया। पर्वतीय पर्यटन एवं आतिथ्य अध्ययन केंद्र की इस उपलब्धि पर केंद्र के निदेशक प्रो.राकेश कुमार डोढी ने खुशी जाहिर करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# भोजन माताओं की ब्लॉक स्तरीय पाक कला प्रतियोगिता हुई संपन्न

**कोटद्वार ।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत पोषक तत्वों से भरपूर एवं स्वादिष्ट व्यंजन बनाने को प्रेरित करने के उद्देश्य से भोजन माताओं की खंड स्तरीय पाक कला प्रतियोगिता बीआरसी सुखरो कोटद्वार में बुधवार को संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नगर क्षेत्र कोटद्वार की प्रधानाचार्या बबीता ध्यानी ने की। पाक कला प्रतियोगिता में विकासखंड दुगड्डा के विभिन्न विद्यालयों से आई भोजन माताओं ने उड़द राजमा, चावल मिक्स वेज, झंगोरे की खीर आदि व्यंजन तैयार किए। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका मंजू कुलासरी, पुष्पा वर्मा, छात्र विशाल ध्यानी और इल्मा निर्णायक रहे। प्रतियोगिता में राप्रावि झटरी की भोजन माता प्रीति बलोदी ने प्रथम, राप्रावि फतेहपुर की भोजन माता मंगली देवी ने द्वितीय तथा राप्रावि सिताबपुर की भोजन माता मीनाक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समस्त विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया ।इस अवसर पर पीएम पोषण मध्यान भोजन योजना कार्यक्रम सहयोगी सुधीर अग्रवाल, उमा बुड़ाकोटी, उमेश कुमार वर्मा, प्रकाश लाल, राजेंद्र प्रसाद कष्टवाल, लक्ष्मण सिंह, आशीष, संदीप नेगी, नरोत्तम रावत, प्रतिभा जाहिद अहमद आदि उपस्थित रहे।

# बकरी पालन से स्वरोजगार को बढ़ावा

**रूद्रप्रयाग।** बकरी पालन को प्रोत्साहित कर स्वरोजगार को बढ़ावा देने एवं किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से जिलाधिकारी प्रतीक जैन की अध्यक्षता में जिलास्तरीय गोट वैली क्रियान्वयन, मूल्यांकन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में जिला योजना अंतर्गत 127 लाभार्थियों का चयन किया गया। चयनित लाभार्थियों के माध्यम से जनपद में 5 गोट वैली डंगवाल गांव गोट वैली, पूर्वी बांगर गोट वैली, पठालीधार गोट वैली, जगोठ गोट वैली एवं चौरिया गोट वैली की स्थापना की जाएगी। इस योजना से पशुपालकों को बकरी पालन के माध्यम से अतिरिक्त आय का स्थायी स्रोत उपलब्ध होगा, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। गोट वैली परियोजना से न केवल पशुपालन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

# मयकोटी में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन

**रुद्रप्रयाग।** "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी प्रतीक जैन की अध्यक्षता में विकासखण्ड अगस्त्यमुनि की न्याय पंचायत मयकोटी राइंका मयकोटी में बहुउद्देशीय शिविर "प्रशासन गांव की ओर" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों ने अपने-अपने विभागीय स्टालों के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानक. ारी प्रदान करने के साथ-साथ मौके पर ही आवेदन, शिकायत एवं समस्याओं का निस्तारण किया गया।

# टिहरी में सांसद खेल महोत्सव का आगाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** "फिट युवा-विकसित भारत" की संकल्पना को धरातल पर उतारने और पहाड़ की युवा प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से जनपद में सांसद खेल महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस महाकुंभ का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि और टिहरी सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह ने किया। इस महोत्सव का मुख्य ध्येय केवल खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करना नहीं, बल्कि युवाओं के भीतर खेल भावना, कड़ा अनुशासन और एक स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता पैदा करना है, ताकि वे भविष्य में सशक्त भारत के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभा सकें। आयोजन के दौरान पूरा वातावरण



खेल प्रेमियों और युवाओं के उत्साह से सराबोर नजर आया।

इस अवसर पर स्थानीय विधायक किशोर उपाध्याय ने प्रदेश के मुख्यमंत्री और सांसद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस आयोजन को क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अक्सर ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाएं संसाधनों या उचित मंच के अभाव में दम तोड़ देती हैं, लेकिन इस प्रकार के खेल महोत्सव उन प्रतिभाओं के लिए संजीवनी का कार्य करेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि इस महोत्सव के माध्यम से टिहरी के होनहार बच्चों को न केवल प्रदेश, बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पटल पर भी अपने हुनर का प्रदर्शन करने का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा, जिससे वे देवभूमि का नाम रोशन कर सकेंगे।

घनसाली विधायक शक्तिलाल शाह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उनमें नई ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने कहा कि खेल हमें जीवन में हार न मानने और निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंगों की छटा भी देखने को मिली, जहां विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत और पारंपरिक सांस्कृतिक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस भव्य आयोजन के दौरान जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल नितिका खण्डेलवाल, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मोहन सिंह रावत, नगर पालिका चंबा अध्यक्ष शोभनी धनोला, बीजेपी जिलाध्यक्ष उदय रावत, प्रमुख सुमन सजवाण, पूर्व विधायक धन सिंह नेगी, विजय पंवार, पूर्व प्रमुखगण, जिला क्रीड़ा अधिकारी दीपक रावत सहित युवा कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी, पत्रकारगण और बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पीएम केयर के बच्चों का सहारा बना प्रशासन, डीएम ने जाना हाल

■ कलक्ट्रेट सभागार में पांच लाभार्थियों के साथ जिलाधिकारी का आत्मीय संवाद, शिक्षा और सेहत की सुरक्षा का दिया वचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** कोरोना काल या अन्य विषम परिस्थितियों में अपने अभिभावकों को खोने वाले बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने और उनके भविष्य को सुरक्षित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। इसी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने जिला कलेक्ट्रेट सभागार में "पीएम केयर फॉर



चिल्ड्रन" योजना के तहत पंजीकृत बच्चों के साथ एक विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान योजना के तहत पंजीकृत कुल आठ लाभार्थियों में से पांच बच्चे मौके पर उपस्थित रहे, जिनसे जिलाधिकारी ने बेहद आत्मीयता के साथ बातचीत की और उनकी समस्याओं व सपनों को साझा किया।

संवाद के दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों से उनकी शिक्षा, दैनिक जीवन और करियर संबंधी रुचियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में परिस्थितियां चाहे जैसी भी हों, शिक्षा और आत्मविश्वास के बल पर हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

जिलाधिकारी ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें भरोसा दिलाया कि जिला प्रशासन हर कदम पर उनके साथ खड़ा है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि उन्हें पढ़ाई-लिखाई या जीवन में अन्य किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना करना पड़ता है, तो वे बिना किसी संकोच के प्रशासन को अवगत कराएं, उनकी हर संभव मदद की जाएगी।बैठक में उपस्थित जिला प्रोबेशन अधिकारी (डीपीओ) संजय गौरव ने योजना के तकनीकी पहलुओं और लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने जानकारी दी कि बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ मिलने के साथ-साथ, उनकी आयु के अनुसार पोस्ट ऑफिस में जमा धनरा. शि के आहरण की सुविधा भी दी जाती है। स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए पीएम जन आरोग्य योजना के तहत बीमा कवर और उच्च शिक्षा के लिए तकनीकी शिक्षा छात्रवृत्ति का प्रावधान है।इस अवसर पर बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भी बच्चों और उनके संरक्षकों को जागरूक किया। बैठक में चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के अध्यक्ष ऋषि कुमार, लीगल प्रोटेक्शन अधिकारी सुखदेव बहुगुणा, प्रोटेक्शन अधिकारी विनीता उनियाल, सीडब्ल्यूसी के सदस्य निवेदिता पंवार, राजेंद्र गुसाईं, मस्तराम डोभाल और शोबन सिंह रावत सहित उपस्थित बच्चों के संरक्षक मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में बच्चों के बेहतर भविष्य निर्माण में योगदान देने का संकल्प दोहराया।

# पुलिस ने पेश की मानवता की मिसाल

**नई टिहरी।** उत्तराखंड पुलिस का मानवीय चेहरा एक बार फिर सामने आया है, जहां नरेंद्रनगर पुलिस की संवेदनशीलता और तत्परता ने एक बिछड़े हुए बच्चे को उसके परिवार से मिलवाकर दीपावली जैसा माहौल बना दिया। थाना नरेंद्रनगर पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए एक मूक-बधिर और मानसिक रूप से कमजोर किशोर को न केवल सुरक्षा प्रदान की, बल्कि अथक प्रयासों के बाद उसे सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द भी किया। पुलिस की इस मानवीय पहल की न केवल बच्चे के परि. जनों ने बल्कि पूरे क्षेत्र के लोगों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की है।

# देवभूमि रजत उत्सव : 25 साल का सफर बेमिसालः सीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद मोरी ब्लॉक और जिला मुख्यालय में उत्तराखंड राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय ष्देवभूमि रजत उत्सव एवं शीतकालीन चारधाम यात्रा पर आधारित कार्यक्रमष के अंतिम दिन के कार्यक्रम में पहुंचे।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया । उन्होंने ने प्रदेश की जनता को रजत जयंती वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उन सभी वीर शहीदों और आंदोलनकारियों को नमन किया, जिनके संघर्षों के फलस्वरूप



उत्तराखंड राज्य का सपना साकार हुआ। उन्होंने विशेष रूप से मातृशक्ति के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि राज्य के निर्माण में महिलाओं की भूमिका विस्मरणीय रही है और आज वे ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पृथक राज्य बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले और उत्तराखंड के गांधी स्व. श्री इंद्रमणि बडोनी जी की भी जयंती है।

# इंद्रमणि बडोनी की जयंती व क्रिसमस डे मनाया गया

**विकासनगर।** ब्राइट एंजेल्स स्कूल में लोकनायक इंद्रमणि बडोनी की जयंती व क्रिसमस डे बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत इंद्रमणि बडोनी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।इस मौके पर कक्षा ग्यारहवीं के दो छात्रों प्रसून गुप्ता व चारू ने उनके जीवन, संघर्ष एवं उत्तराखंड राज्य आंदोलन में दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका राणा अलमास, निदेशिका अजरा हुसैन एवं समस्त शिक्षक, छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# महिला सुरक्षा को लेकर कोटद्वार में कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** उत्तराखंड में महिलाओं एवं नाबालिग बेटियों के खिलाफ लगातार बढ़ते अपराधों तथा अंकिता भंडारी हत्याकांड में प्रभावशाली लोगों को संरक्षण दिए जाने के विरोध में बुधवार को जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी कोटद्वार द्वारा झंडाचौक पर भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए भाजपा सरकार का पुतला दहन किया गया।

प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार का बेटी बचाआ. ेदृबेटी पढ़ाओ का नारा पूरी तरह खोखला साबित हो चुका है और प्रदेश में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। प्रदर्शन में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस एवं आम नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी ने कहा कि उत्तराखंड में महिला सुरक्षा की स्थिति बेहद चिंताजनक है। भाजपा सरकार केवल नारों और विज्ञापनों तक सीमित रह गई है। बेटियों की सुरक्षा देने में सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। कहा कि प्रदेश में फास्ट ट्रैक कोर्ट, सख्त कानून और ठोस सुरक्षा व्यवस्था की तत्काल आवश्यकता है, लेकिन भाजपा सरकार इस दिशा में गंभीर नहीं है।

वहीं जिलाध्यक्ष कांग्रेस कोटद्वार विकास नेगी ने कहा कि बेटी बचाआ. ेदृबेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा आज महिला सुरक्षा के मामले में पूरी तरह फेल हो चुकी है। सबसे शर्मनाक तथ्य यह है कि महिलाओं और नाबालिग बच्चियों के खिलाफ अपराधों में स्वयं भाजपा के पदाधिकारी और नेता शामिल पाए जा रहे हैं, लेकिन सरकार और पुलिस मौन साधे हुए है।उन्होंने भाजपा से जुड़े मामलों का उल्लेख करते हुए कहा कि पूर्व भाजपा महिला मोर्चा पदाधिकारी अनामिका शर्मा पर 13 वर्षीय नाबालिग बेटी के साथ गैंगरेप करवाने का आरोप, भाजपा युवा मोर्चा नेता देव सिंह बगड़वाल पर 16 वर्षीय लड़की के अपहरण व बलात्कार का मामला, स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता कमल रावत पर नाबालिग से बलात्कार, भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवत सिंह बोरा पर 14 वर्षीय बच्ची से यौन उत्पीड़न, मुकेश बोरा पर महिला से नौकरी का झांसा देकर दुष्कर्म व उसकी बेटी को धमकी देने का मामला, भाजपा ओबीसी मोर्चा से जुड़े आदित्य राज सैनी पर नाबालिग से गैंगरेप व हत्या का मामला, हल्द्वानी दुग्ध संघ के अध्यक्ष पर विधवा महिला व उसकी 13 वर्षीय बच्ची से यौन शोषण तथा रुद्रपुर नगर निगम पार्षद पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न का मुकदमा, यह सभी घटनाएं भाजपा की महिला सुरक्षा को लेकर विफलता को उजागर करती हैं। कहा कि अब अंकिता भंडारी हत्याकांड में भाजपा के प्रदेश प्रभारी का नाम सामने आना यह साबित करता है कि अपराधियों को सत्ता के शीर्ष स्तर तक संरक्षण प्राप्त है। आखिर भाजपा सरकार और उसके प्रतिनिधियों की चुप्पी क्या दर्शाती है?

### अंतर्राष्ट्रीय मंच पर लहराया उत्तराखंड का परचम

# मुख्यमंत्री ने एथलीट कलम सिंह बिष्ट को किया सम्मानित

- ओमान की 120 किलोमीटर अल्ट्रा मैराथन जीतने वाले भूतपूर्व सैनिक बिष्ट ने सीएम धामी से की मुलाकात



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में चमोली के विकासखंड देवाल, ग्राम सभा मुंदोली निवासी, भूतपूर्व सैनिक एवं अंतरराष्ट्रीय एथलीट कलम सिंह बिष्ट ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ओमान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्तर की अत्यंत कठिन 120 किलोमीटर अल्ट्रा मैराथन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उन्हें सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कलम सिंह बिष्ट की यह ऐतिहासिक उपलब्धि न केवल उत्तराखंड बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। रेगिस्तानी और पथरीले मार्गों पर आयोजित इस कठिन प्रतियोगिता में दुनिया भर के हजारों एथलीट्स के बीच प्रथम स्थान प्राप्त कर उन्होंने भारत का मान बढ़ाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिष्ट पूर्व में भारतीय सेना की प्रतिष्ठित चौथी गढ़वाल राइफल में सेवाएं दे चुके हैं और उनका सैन्य अनुशासन, दृढ़ इच्छाशक्ति एवं समर्पण आज भी उनके व्यक्तित्व में परिलक्षित होता है। देश सेवा के बाद खेल के माध्यम से भी उन्होंने भारत का नाम विश्व पटल पर रोशन किया है।

राज्य के युवाओं को कलम सिंह बिष्ट के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जा सकता है। राज्य सरकार प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## विकास योजनाओं के लिए 508 करोड़ की धनराशि का अनुमोदन

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की और से पंचम राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के क्रम में समस्त शहरी स्थानीय निकायों को वित्तीय वर्ष 2025-26 की चतुर्थ त्रैमासिक किश्त के लिये कुल 315 करोड़ तथा 15वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के क्रम में वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम एवं द्वितीय किश्त के भारत सरकार से प्राप्त कुल 94 करोड की धनराशि वित्तीय वर्ष 2025-26 में संबंधित त्रिस्तरीय पंचायतीराज संस्थाओं को हस्तान्तरित किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम लिमिटेड के तहत राज्य पोषित सरकारी भ्योल रूपसियाबगड जल विद्युत परियोजना (120 मेवा) के लिए कैट प्लान मद में एनपीवी, क्षतिपूरक वनीकरण सहित वन भूमि की लीज के लिये 15 करोड़ की मंजूरी दी है।

मुख्यमंत्री द्वारा उत्तराखण्ड निवेश और आधारिक संरचना विकास बोर्ड के अन्तर्गत 'आपदा से निपटने की क्षमता के लिए नाइक गोठ में पारिस्थितिक गलियारे का विकास (पूर्व में किरोदा नाले से नदी तट तक सड़क का विकास और किरोदा नाले के किनारे भूमि का पुनर्ग्रहण के रूप में जाना जाता था)' के निर्माण के लिये 84 करोड़ की योजना स्वीकृत किये जाने के साथ कृषि एवं कृषक कल्याण के अन्तर्गत मिशन फोर आत्मनिर्भरता इन पल्सेस योजनान्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

## एनएसएस शिविर में कई कार्यक्रमों का आयोजन

**नैनीताल।** भारतीय शहीद सैनिक स्कूल में चल रहे एनएसएस शिविर में स्वयंसेवियों ने शिविर स्थल के आस पास परिसर के चारों ओर श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। बौद्धिक सत्र में लोक संस्कृति दिवस मनाया गया। इस सत्र के मुख्य अतिथि रंगकर्मी श्री महेश रहे। कार्यक्रम के दौरान लोक संस्कृति विषय पर निबंध प्रतियोगिता व भाषण प्रतियोगिता एवं पोस्टर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेवियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। बौद्धिक सत्र में कार्यक्रम प्रभारी विद्यालय के उप प्रधानाचार्य प्रवीण सती व मीनाक्षी बिष्ट एवं भावना शाह रहीं। इस अवसर पर कुमारी निशा, गीतिका नेगी, श्रीमती नेहा, श्रीमती कविता, श्रीमती दिव्या ढैला एवं आलोक भट्ट की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि द्वारा लोक संस्कृति पर अत्यंत सुंदर विचार प्रस्तुत किए गए तथा सुमधुर लोकगीत गाए गए। अन्य शिक्षकों द्वारा भी लोकसंस्कृतिक गीतों के माध्यम से इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर महेश जी के प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने इंद्रमणि बडोनी, तीलू रौतेली एवं रानी बौरानी की आत्मकथाओं का उल्लेख करते हुए स्वयंसेवियों को प्रेरित किया।

## सूचना निदेशालय में स्व. इंद्रमणि बडोनी की जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** सूचना एवं लोक सम्पर्क निदेशालय में बुधवार को उत्तराखण्ड के गांधी के नाम से विख्यात महान राज्य आंदोलनकारी स्व. इंद्रमणि बडोनी की जयंती के अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में स्व. बडोनी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

स्व. बडोनी की जयंती को उत्तराखण्ड लोक संस्कृति दिवस के रूप में भी मनाये जाने के दृष्टिगत इस अवसर पर लोक संस्कृति पर आधारित कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। संयुक्त निदेशक डॉ. नितिन उपाध्याय ने स्व. बडोनी का जीवन परिचय और राज्य निर्माण आंदोलन में दिए गए उनके अमूल्य योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड राज्य निर्माण आंदोलन को स्व. बडोनी ने नई दिशा दी।

उपनिदेशक मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि स्व. इंद्रमणि बडोनी न केवल एक प्रखर राज्य आंदोलनकारी थे, बल्कि उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति, परंपरा और पहाड़ी अस्मिता के प्रबल पक्षधर भी थे। इस अवसर पर विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अटल जी का व्यक्तित्व हमें सदैव प्रेरणा देता रहेगा: धामी

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उनका भावपूर्ण स्मरण करते हुए कहा कि अटल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व हमें सदैव प्रेरणा देता रहेगा।

स्व. वाजपेयी के लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि था। अटल जी उत्तराखण्ड राज्य के प्रणेता रहे हैं। उन्होंने न केवल उत्तराखण्ड राज्य का निर्माण किया, बल्कि राज्य के समग्र विकास के लिए मजबूत आधार भी तैयार किया। स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रधानमंत्री रहते हुए राज्य निर्माण के साथ-साथ विशेष औद्योगिक पैकेज प्रदान कर उत्तराखण्ड के विकास की सुदृढ़ नींव रखने का महान कार्य किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में भारत ने विश्व पटल पर अपनी नई पहचान बनाई और 21वीं सदी में मजबूती के साथ कदम बढ़ाया।

## मुख्यमंत्री ने इंद्रमणि बडोनी की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखंड के गांधी के नाम से विख्यात, महान राज्य आंदोलनकारी इंद्रमणि बडोनी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बडोनी के राज्य निर्माण आंदोलन में दिए गए अमूल्य योगदान को भावपूर्ण स्मरण करते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन संघर्ष, त्याग और जनसेवा को समर्पित रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंद्रमणि बडोनी ने उत्तराखंड राज्य आंदोलन को दिशा और जनशक्ति प्रदान की। उनके विचार, संकल्प और राज्य हित के प्रति निस्वार्थ सेवा भाव आज भी हम सबके लिए प्रेरणास्रोत हैं।



### सीएम ने 'गढ़वाली' को किया याद

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पेशावर कांड के नायक वीर चन्द्र सिंह 'गढ़वाली' की जयंती पर उनका भावपूर्ण स्मरण किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने देश की आजादी के लिए आंदोलनरत निहत्थी जनता पर गोली चलाने के आदेश को अस्वीकार कर अद्वितीय देशभक्ति, साहस एवं नैतिक दृढ़ता का परिचय दिया।

## सीबीआई, केन्द्र व राज्य सरकार को नोटिस

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने मसूरी वन प्रभाग से 7 हजार से अधिक पिलरों के गायब होने और इसमें वनाधिकारियों की संदिग्ध भूमिका की जांच को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने सीबीआई तथा केंद्र सरकार और राज्य सरकार को नोटिस जारी किए और जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई अब तीन सप्ताह बाद की तिथि नियत की। मामले के अनुसार नरेश चौधरी ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि मंसूरी वन प्रभाग ने वन प्रभाग की सीमा को दर्शाने के लिए कई हाजर पीलर लगाए गए थे लेकिन लगाए गए पिलरों में से लगभग 7375 पीलर गायब हो गये। यह वनाधिकारियों व राजनीतिक लोगों और भूमि माफियाओं के गठजोड़ के चलते हुआ हुए हैं। अब गायब पिलरों की जगह पर अतिक्रमण हो गया है जिसकी पुष्टि वन विभाग की रिपोर्ट से भी हुई है जिसमें पता चला है कि इनमें से अधिकांश मसूरी और रायपुर रेंज से गायब हुए हैं। याचिका में बताया गया कि इससे वन क्षेत्र को नुकसान हुआ है। जनहित याचिका में कोर्ट से उनके द्वारा प्रार्थना की है कि इसकी जांच कराई जाए। दोषियों के खिलाफ विभागीय व दण्डात्मक कार्यवाही की जाय।

## कैम्पा की डिस्ट्रीब्यूटरशिप के नाम पर लाखों की ठगी, दो गिरफ्तार

- एचडीएफसी कुमाऊं टीम और रुद्रपुर पुलिस ने दिया साइबर ठाकुर को पकड़ने का काम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड एसटीएफ और साइबर थाना कुमाऊं पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रिलायंस इंडस्ट्रीज की श्कैम्पा कोलाश कंपनी की डीलरशिप दिलाने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के दो मुख्य सदस्यों को दिल्ली के रोहिणी इलाके से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से भारी मात्रा में चेकबुक, एटीएम कार्ड और मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। रुद्रपुर निवासी एक व्यक्ति ने नवंबर 2025 में शिकायत दर्ज कराई थी कि गूगल की डिस्ट्रीब्यूटरशिप तलाशने के दौरान साइबर ठगों ने रिलायंस का फर्जी अधिकारी बनकर उनसे संपर्क किया। ठगों ने रजिस्ट्रेशन, सिक्योरिटी फीस और स्टॉक के नाम पर अलग-अलग किश्तों में कुल 23,55,451 रुपये हड़प लिए।




### बिहार के युवाओं का इस्तेमाल कर खोलते थे खाते

एसएसपी नवनीत सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त राम कुमार (नवादा, बिहार) और शुभम कुमार (नालंदा, बिहार) शातिर अपराधी हैं। ये लोग बिहार के गरीब युवाओं को नौकरी का झांसा देकर दिल्ली बुलाते थे और उनके नाम पर बैंक खाते खुलवाकर एटीएम और बैंकिंग किट अपने पास रख लेते थे। ठगी की रकम इन्हीं खातों में मंगवाकर तुरंत एटीएम से निकाल ली जाती थी। पुलिस टीम ने आरोपियों के कब्जे से डिजिटल ठगी का बड़ा जखीरा बरामद किया है।

## यूजेवीएन मुख्यालय में बडोनी की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** दून स्थित यूजेवीएन लिमिटेड के मुख्यालय उज्ज्वल में राज्य आंदोलन के प्रणेता पर्वतीय गांधी स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यूजेवीएन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप सिंघल ने स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी के जीवन, विचारों और संघर्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इंद्रमणि बडोनी ने उत्तराखंड के पृथक राज्य आंदोलन को जन-जन तक पहुँचाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई तथा अपना संपूर्ण जीवन उत्तराखंड के लोगों के अधिकारों, सम्मान और पहचान के लिए समर्पित कर दिया। उनकी सादगी, सत्य और अहिंसा के अनुपालन के कारण उन्हें पर्वतीय गांधी की उपाधि मिली। कार्यक्रम में निदेशक परियोजना सुरेश चंद्र बलूनी, निदेशक परिचालन एके सिंह, अधिशासी निदेशक आशीष जैन व विवेक आत्रेय, महाप्रबंधक सीपी दिनकर, केके जायसवाल, संजय जोशी व भरत भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अधिशासी अभियंता राकेश कुमार चौहान ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने बडोनी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

## अंकिता भंडारी हत्याकांड: दून से लेकर हल्द्वानी तक मचा संग्राम

- कांग्रेस, यूकेडी व समाज संगठन से जुड़े लोग सड़कों पर उतरे

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड के अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले में भाजपा के पूर्व विधायक की कथित पत्नी की और से सोशल मीडिया में किए गए पोस्ट के बाद प्रदेश में राजनीतिक हलचल बढ़ गई है। कांग्रेस, यूकेडी और समाज संगठनों से जुड़े लोग सड़कों में उतरने लगे हैं। बुधवार को हरिद्वार, रूडकी, देहरादून, हल्द्वानी, रामनगर, काशीपुर, जसपुर, विकासनगर, मसूरी, रुद्रप्रयाग समेत प्रदेश के कई शहरों में प्रदर्शन करते हुए सरकार का पुतला दहन किया गया।

इस वीडियो के बाद कांग्रेस समेत अन्य सामाजिक संगठन भी अब सड़क पर उतर आए हैं, जिसको लेकर आज महिला कांग्रेस नैनीताल की और हल्द्वानी बुद्ध पार्क में भाजपा सरकार का पुतला दहन किया गया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, साथ ही सरकार से मांग की गई कि अंकिता के हत्यारों को कठोर से कठोर सजा दी जाए। देहरादून में भी महानगर कांग्रेस ने सरकार का पुतला दहन किया।

पहाड़ों की रानी मसूरी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को जोरदार प्रदर्शन किया। झूला घर चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए और भाजपा सरकार के पुतले को आग के हवाले कर अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के दौरान लगातार भाजपा मुर्दाबाद के नारे लगाए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जोत सिंह गुनसोला, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित गुप्ता और कांग्रेस नेता उपेंद्र थपली ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए सवाल उठाए कि भाजपा क्यों उस नेता का नाम उजागर नहीं कर रही है, जो अंकिता भंडारी की हत्या में शामिल है?

आरोपी नेता का नाम सार्वजनिक नहीं करती है, तो पार्टी 5 जनवरी से पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन करेगी। नैनीताल के रामनगर में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। रानीखेत रोड पर एकत्रित हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए भाजपा सरकार का पुतला फूंका। अंकिता भंडारी हत्याकांड में वीआईपी का नाम उजागर होने के बाद मामला फिर से तूल पकड़ने लगा है।

## दून बासमती और पोषक आटा उत्पादों का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** पारंपरिक कृषि, मूल्य संवर्धन तथा महिला नेतृत्व वाले ग्रामीण उद्यमों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत पारंपरिक दून बासमती चावल तथा विभिन्न पोषक आटा उत्पादों का मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह द्वारा विकास भवन परिसर स्थित हिलांस बेकरी एवं आउटलेट परिसर में औपचारिक शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर पारंपरिक दून बासमती चावल, गेहूं आटा, मक्का आटा, मल्टीग्रेन आटा तथा मंडुवा (फिंगर मिलेट) आटा का लोकार्पण किया गया। ये सभी उत्पाद सक्षम क्लस्टर लेवल फेडरेशन, स्वाभिमान महिला क्लस्टर लेवल फेडरेशन एवं उड़ान क्लस्टर लेवल फेडरेशन द्वारा उत्पादित एवं प्रसंस्कृत किए गए हैं। यह पहल ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना (रीप) के अंतर्गत उत्तराखंड ग्राम्य विकास समिति द्वारा ग्राम्य विकास विभाग, उत्तराखंड सरकार के सहयोग से संचालित की जा रही है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने स्थानीय उत्पादों, पारंपरिक फसलों तथा सामुदायिक संस्थाओं को सशक्त बनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहलें किसानों और स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बाजार से जोड़ने के साथ-साथ उत्तराखंड में सतत आजीविका और ग्रामीण आर्थिक विकास को नई गति देती हैं।

रीप परियोजना के अंतर्गत क्लस्टर लेवल फेडरेशनों को प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना हेतु वित्तीय एवं तकनीकी सहयोग प्रदान किया गया है।

उड़ान सीएफएफ द्वारा आटा प्रसंस्करण इकाई स्थापित की गई है, जिससे स्थानीय किसानों से सीधे गेहूं मंडुआ एवं मक्का की खरीद संभव हुई है। वहीं सक्षम सीएलएफ पारंपरिक दून बासमती चावल के उत्पादन, प्रसंस्करण एवं विपणन को बढ़ावा दे रही है. जबकि स्वाभिमान महिला सीएलएफ मिलेट आधारित उत्पादों के माध्यम से पोषण सुरक्षा एवं पारंपरिक खाद्य प्रणाली के पुनर्जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इन उद्यमों के माध्यम से कच्चे माल की आपूर्ति, प्रसंस्करण, पैकेजिंग एवं विपणन गतिविधियों में 2500 से अधिक महिलाएं प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हो रही हैं। सभी उत्पादों का विपणन हिलांस ब्रांड के अंतर्गत किया जा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं को शुद्ध, उच्च गुणवत्ता वाले स्थानीय हिमालयी उत्पाद उपलब्ध हो रहे हैं तथा ग्रामीण महिलाओं की मेहनत और उद्यमशीलता को पहचान मिल रही है। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार, जिला मिशन प्रबंधक/सहायक परियोजना निदेशक, सोनम गुप्ता सिंघल आदि उपस्थित रहे।

## अटल जयंती की पूर्व संध्या पर भाजपा मुख्यालय में दीपोत्सव आयोजित

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में भारत रत्न, पूर्व पीएम स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जयंती की पूर्व संध्या पर दीपोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर सीएम पुष्कर सिंह धामी, प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट एवं प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं ने अपने संस्थापक संरक्षक और राष्ट्र विचारक अटल को दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम के दौरान सीएम धामी ने स्वर्गीय अटल के चित्र पर पुष्प अर्पित उनकी याद में दीपक जलाया। इस दौरान उन्होंने पूर्व पीएम की सरकार के कार्यकाल को मजबूत राष्ट्र निर्माण की दिशा निर्धारित करने वाला बताया।




सुशासन के साथ विकास का जो मूल मंत्र उन्होंने स्थापित किया, वह भाजपा की सभी सरकारों के लिए मार्गदर्शन और दिशा निर्देशिका का काम कर रहा है। संगठन के लिए उनका सम्पूर्ण जीवनकालखंड, वैचारिक एवं सैद्धांतिक एनसाइक्लोपीडिया की तरह है। उनका व्यक्तिगत जीवन, पार्टी के लिए श्रेष्ठ कार्यकर्ता और जागरूक नागरिक निर्माण का प्रेरणादायक मानदंड है।

इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट, राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष नरेश बंसल, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने भी दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में दीपक प्रज्ज्वलित करने वालों में प्रमुख रूप से प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, विधायक डॉ प्रेमचन्द्र अग्रवाल, खजान दास, सविता कपूर, देहरादून महापौर सौरभ थपलियाल, प्रदेश कोषाध्यक्ष पुनीत मित्तल, आदित्य चौहान, जगमोहन रावत, सरकार में दायित्वधारी डा देवेंद्र भसीन, विनोद उनियाल, सुभाष बड़थ्वाल, मुफ्ती शमून कासमी, पूर्व प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

## दिव्यांग व कमजोर वर्ग तक अधिकारी खुद पहुंचें: सीएम

- जन-जन की सरकार अभियान कागजों तक सीमित न रहे, बने निर्णायक 'गेम चेंजर': मुख्यमंत्री
- समस्याएं सिर्फ सुनी नहीं जाएं, समाधान की प्रक्रिया का हिस्सा बने प्रशासन

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** सीएम धामी ने सख्त निर्देश दिए हैं कि जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार कार्यक्रम के तहत दिव्यांगों, बुजुर्गों, महिलाओं एवं कमजोर वर्ग के ऐसे लाभार्थी जो शिविरों तक नहीं आ सकते, उनके घर तक अधिकारी स्वयं पहुँचें, मौके पर ही आवेदन भरवाएँ और समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि यह अभियान किसी भी स्थिति में औपचारिकता बनकर नहीं रहना चाहिए।

मुख्यमंत्री धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस समीक्षा का उद्देश्य कार्यक्रम को और अधिक गति देना, उसे परिणाम-केंद्रित बनाना और जनता तक वास्तविक लाभ पहुँचाना है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यह कार्यक्रम निरीक्षण का नहीं बल्कि सेवा और समाधान का मंच है। बैठक में सचिव विनोद कुमार सुमन एवं अपर सचिव बंशीधर तिवारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि शिविरों की सूचना पूर्व से व्यापक स्तर पर दी जाए और इन्हें उत्सव के स्वरूप में आयोजित किया जाए। स्थानीय भाषाओं-गढ़वाली, कुमाऊँनी एवं अन्य स्थानीय बोलियों-में प्रचार-प्रसार अनिवार्य किया जाए, ताकि आमजन सहजता से जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि लोगों को आवेदन के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े और प्रत्येक समस्या के समाधान के लिए स्पष्ट समयसीमा तय हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान केवल समस्याएँ सुनने तक सीमित न रहे, बल्कि समाधान की पूरी प्रक्रिया का हिस्सा बने। जहाँ समाधान तत्काल संभव हो, वहाँ मौके पर ही कार्रवाई की जाए। जहाँ समय लगे, वहाँ स्पष्ट समय सीमा और उत्तरदायित्व तय कर लाभार्थी को जानकारी दी जाए। यदि किसी क्षेत्र से फीडबैक संतोषजनक न आए तो वहाँ पुनः शिविर लगाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत अब तक 56,550 से अधिक लोग प्रतिभाग कर चुके हैं। उन्होंने हाल ही में बिना पूर्व सूचना अल्मोड़ा के एक शिविर में पहुँचकर स्वयं जनता से फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि वे आगे भी शिविरों का औचक निरीक्षण करेंगे, ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधि भी मैदान में सक्रिय भूमिका निभाएँ। मंच तक सीमित न रहकर स्टॉल स्तर पर जाकर नागरिकों से संवाद करें। विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं, दिव्यांगजनों और कमजोर वर्ग को आवेदन, दस्तावेज एवं पात्रता से जुड़ी प्रक्रियाओं में प्रत्यक्ष सहायता दी जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि शिविरों का व्यापक प्रचार किया जाए। स्थानीय बोलियाँ जानने वाले अधिकारियों को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। डीएम/सीडीओ बिना पूर्व सूचना के भी शिविरों में पहुँचें। बड़े न्याय पंचायतों में एक से अधिक कैंप तथा सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भी शिविर लगाए जाएँ। आधार कार्ड अपडेशन, आयुष्मान कार्ड निर्माण जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँ।

## सुभारती पूर्व छात्र मिलन समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** महाप्रजापति गौतमी सुभारती बौद्ध अध्ययन विभाग, रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय की ओर से बुधवार को प्रथम पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

यह आयोजन विभाग और उसके वैश्विक पूर्व छात्रों के बीच अकादमिक, सांस्कृतिक एवं मानवीय मूल्यों के सतत संवाद की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. हिमांशु ऐरन रहे। उनके साथ विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार खालिद हसन व परीक्षा नियंत्रक डॉ. पीके शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर बैच 2022-24 एवं 2023-25 के सभी विदेशी विद्यार्थियों को बौद्ध अध्ययन की स्नातकोतर उपाधियाँ माननीय कुलपति महोदय के कर-कमलों से प्रदान की गईं।




अपने संबोधन में कुलपति प्रो डॉ. हिमांशु ऐरन ने कहा कि उपाधि-प्रदान का यह क्षण विद्यार्थियों के जीवन का अत्यंत भावनात्मक और आनंददायक पड़ाव होता है। बौद्ध अध्ययन केवल एक अकादमिक विषय नहीं, बल्कि जीवन-मूल्योंख्रकरुणा, अहिंसा, सम्यक दृष्टि और वैश्विक शांतिख्रकी साधना है। मुझे विश्वास है कि हमारे विद्यार्थी इस ज्ञान का उपयोग अपने-अपने देशों और समाजों में सकारात्मक परिवर्तन के लिए करेंगे। पूर्व छात्र भंते धमासारा एवं भंते वारामिंडा ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि सुभारती का बौद्ध अध्ययन विभाग उनके बौद्धिक एवं आध्यात्मिक विकास का सशक्त मंच रहा है, जहाँ शास्त्रीय अध्ययन के साथ व्यवहारिक जीवन-दृष्टि का संतुलन सिखाया जाता है।

# महानगर कांग्रेस कमेटी ने फूंका सरकार का पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** महानगर कांग्रेस कमेटी ने अंकिता भण्डारी हत्याकांड में भाजपा नेताओं की संलिप्तता का आरोप लगाते हुए भाजपा के उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत गौतम और विधायक रेणु बिष्ट की गिरफ्तारी की मांग को लेकर देवपुरा चौक पर प्रदर्शन किया और सरकार का पुतला फूंका। प्रदर्शन के दौरान जिला महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग और स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुरली मनोहर ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा सरकार में बेटियां असुरक्षित हैं। कांग्रेस की मांग है कि भाजपा प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम व विधायक रेणु बिष्ट को गिरफ्तार कर हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए। पूर्व प्रदेश महासचिव वरुण बालियान और वरिष्ठ नेता महेश प्रताप राणा ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं के प्रति अपराध बढ़ रहे हैं। अपराधियों को सरकार का संरक्षण प्राप्त है। जिसे उत्तराखंड की जनता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। वरिष्ठ नेता राजबीर सिंह और मनोज सैनी ने कहा कि कांग्रेस लगातार अंकिता भण्डारी हत्याकांड में वीआईपी की गिरफ्तारी की मांग कर रही है। भाजपा के पूर्व विधायक की आडियो से साफ हो गया है कि सरकार इस मामले में भाजपा के बड़े नेताओं को बचाने का काम कर रही थी। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंजू मिश्रा और जिला उपाध्यक्ष रचना शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं है। भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों को भाजपा से तत्काल रूप से त्यागपत्र दे देना चाहिए। पूर्व सभासद अशोक शर्मा और पूर्व पार्षद राजीव भार्गव ने कहा कि भाजपा सरकार में अगर थोड़ी सी भी नैतिकता बची है तो दोषियों को तुरंत गिरफ्तार कर जेल भेजना चाहिए। वरिष्ठ नेता इरफान अंसारी और पूर्व पार्षद इसरार अहमद ने कहा कि भाजपा सरकार में हर वर्ग परेशान है। महिला अपराध में उत्तराखंड हिमालयी राज्यों में एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार पहले स्थान पर है। जोकि बहुत ही निंदनीय है। वरिष्ठ नेता सोम त्यागी और पार्षद महावीर वशिष्ठ ने कहा कि भाजपा सरकार में बेटियां असुरक्षित हैं और न्याय के लिए दर दर की ठोकरें खा रही हैं। प्रदर्शन में मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष ओपी चौहान, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष कैश खुराना, पार्षद हिमांशु गुप्ता, सोहित सेठी, विवेक भूषण विक्की, सुनील कुमार सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष अंकित चौहान, ब्लाक अध्यक्ष विमल शर्मा साटू, आयान सैफी आदि कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।



# रन फॉर नेशन कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सासंद खेल महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत बीते कल राज्य सभा सासंद कल्पना सैनी के नेतृत्व में खेल विभाग,युवा कल्याण विभाग एव शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। रन फॉर नेशन दौड़ को राज्य सभा सासंद एवं जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया।दौड़ का शुभारंभ हरकी पौड़ी से किया गया तथा इसका समापन ऋषिकुल महाविद्यालय में किया गया। इस अवसर पर राज्य सभा सासंद कल्पना सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए पूरे देश में सासंद खेल महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं को खेलो से जोड़ना है जिससे कि उनका समुचित विकास हो सके। उन्होंने कहा कि आज भारत का युवा आज खेल के हर क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्व में भारत के नाम का डंका बजा रहे है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में खेलो को प्रोत्साहित करने के लिए तथा युवाओं के उज्वल भविष्य के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है तथा उनके कुशल नेतृत्व में प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड देव भूमि के साथ साथ वीर भूमि भी है तथा मुख्यमंत्री इसको खेल भूमि बनाने को ओर अग्रसर है। रन फॉर नेशन दौड़ में विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया तथा इस अवसर पर 200 लक्की ड्रॉ कूपन भी निकले गए,जिसमें प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर रानीपुर विधायक आदेश चौहान, हरिद्वार मेयर किरण जैसल, रुड़की मेयर अनीता अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, राज्य मंत्री श्यामवीर सैनी, महामंडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष प्रीति गुप्ता, लव शर्मा, आशु चौधरी, विवेक कंबोज,सौरभ सैनी,रेणु शर्मा,वासु पाराशर, विशाल गर्ग, जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रमोद पांडे, जिला क्रीड़ा अधिकारी शबाली गुरूंग, डीडीओ पीआरडी मुकेश भट्ट, डीपीटी डीएसओ प्रदीप कुमार, प्रजापति कुकरेती सहित युवा, स्वास्थ्य कर्मी, विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



# एमटीपी स्किल सेंटर पर उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** दिनांक 24 दिसंबर को जनपद हरिद्वार के ज्वालापुर क्षेत्र में स्थित एम.टी.पी. स्किल सेंटर (प्रोजेक्ट सक्षम) में Haloniñ Technologies के CSR अंतर्गत तथा Meeri Te Peeri Charitable Society के सहयोग से मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना एवं ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना के अंतर्गत एक दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं एवं इच्छुक उद्यमियों को स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना उन्हें उद्यमिता के लिए प्रेरित करना तथा आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की दिशा में सशक्त बनाना रहा। कार्यक्रम के दौरान ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना के अंतर्गत संचालित ग्रामीण रोजगार सृजन, कृषि विकास, कौशल प्रशिक्षण एवं गैर-कृषि गतिविधियों से संबंधित कार्यों की जानकारी भी साझा की गई। साथ ही मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, जिसमें आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, वित्तीय सहायता एवं योजना के अंतर्गत उपलब्ध लाभों पर प्रकाश डाला गया।कार्यक्रम में युवाओं पर विशेष फोकस रखते हुए संजय सक्सेना, जिला परियोजना प्रबंधक, ग्रामोत्थान परियोजना द्वारा प्रतिभागियों को भविष्य में सफल उद्यमी बनने हेतु प्रेरित किया गया तथा परियोजना की समस्त गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। एम.टी.पी. स्किल सेंटर के निदेशक आलोक श्रीवास्तव ने कहा, इस कार्यक्रम के माध्यम से हम युवाओं को उनके सपनों को साकार करने की दिशा में एक नया मार्ग दिखाना चाहते हैं। मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना एवं ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना के सहयोग से क्षेत्र के युवाओं को न केवल रोजगार के अवसर मिलेंगे, बल्कि वे नवाचार एवं विकास की दिशा में भी आगे बढ़ेंगे। कार्यक्रम में 50 से अधिक प्रतिभागियों ने सहभागिता की, जिनमें छात्र, महिलाएं, किसान एवं स्थानीय उद्यमी शामिल रहे। प्रतिभागियों द्वारा उद्यमिता से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे गए, जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संजय सक्सेना, जिला परियोजना प्रबंधक, ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना ने कहा, ग्रामीण विकास एवं युवाओं के कौशल संवर्धन के लिए सरकार द्वारा संचालित ये योजनाएं मील का पत्थर साबित होंगी। हमारा उद्देश्य है कि प्रत्येक युवा आत्मनिर्भर बनकर समाज एवं राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाए।



# हर्षोल्लास से मनाई जाएगी काउंट सीजर मैटी की जयंती : डॉ. केपीएस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** इएमए के केंद्रीय कार्यालय ज्वालापुर में इएमए से जुड़े चिकित्सकों की बैठक को सम्बोधित करते हुए इएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.केपीएस चौहान ने बताया कि 11 जनवरी को इलेक्ट्रोहोम्योपैथी के अविष्कारक काउंट सीजर मैटी की 217वी जयंती राष्ट्रीय इलेक्ट्रोहोमियोपैथी दिवस के रुप मे अलीपुर बहादराबाद स्थित इएमए कैम्पस बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव मेडिकल साइंस एंड कैंसर रिसर्च सेंटर के सभागार में समारोह पूर्वक मनायी जायेगी। डा. केपीएस चौहान ने बताया कि समारोह मे सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत मुख्य अतिथी, विधायक आदेश चौहान व इएमए की आसाम प्रदेश अध्यक्ष डा.कबिता शर्मा विशिष्ट अथिती तथा अन्य प्रदेशों से प्रख्यात चिकित्सक शामिल होंगे। समारोह में कैंसर, ट्यूमर, गाल ब्लेडर तथा रीनल स्टोन आदि पर चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा किये गये शोध कार्य प्रस्तुत किये जायेगे। समारोह में चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले चिकित्सकों को पुरस्कृत भी किया जायेगा। बैठक मे डा. वीएल अल्खनिया, डा. हीना कुशवाहा, डा.लक्ष्मी, डा.एसके अग्रवाल, अशोक कुशवाहा, डा. आदेश शर्मा, डा.सुबोध चौहान, डा. एमटी अंसारी, डा.आफाक, डा. अमरपाल अग्रवाल, डा.वसीम अहमद आदि उपस्थित रहे।



## हरिद्वार में घने कोहरे ने बढ़ाई मुश्किल


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** हरिद्वार में बुधवार को मौसम ने अचानक करवट लेते हुए घना कोहरा ला दिया। सुबह से छाए कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम रही, जिससे हाईवे और शहर की सड़कों पर यातायात धीमा पड़ गया। वाहन चालकों को लाइट जलाकर चलना पड़ा और कई स्थानों पर जाम जैसी स्थिति बन गई। वहीं हाईवे पर बिना रिफ्लेक्टर और संकेतक के चल रहे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों ने खतरा बढ़ा दिया। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि कोहरे के दौरान यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि हादसों से बचा जा सके।

# चोरी के अपराध में दो चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** दिनाँक 23 दिसम्बर को विक्की कुमार पुत्र ओमप्रकाश सिंह निवासी ग्राम कांगडी थाना श्यामपुर जनपद हरिद्वार ने उनकी मोबाईल रिपेयरिंग की दुकान से अज्ञात चोरो द्वारा इलेक्ट्रॉनिक सामान व मोबाईल चोरी करने के सम्बन्ध में थाना श्यामपुर पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। जिसपर कार्यवाही करते हुए थाना श्यामपुर पुलिस द्वाराघटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरो को बारीकी से खंगाल कर सर्वेलांस टीम की मदद से 24 घण्टे के अन्दर ही दो अभियुक्तों राहुल कुमार व रोहन को घटना में प्रयुक्त बाइक व चोरी किये गये सामान के साथ दबोचा गया।



# हरकी पैड़ी में अतिक्रमण पर सख्ती

## प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई से घाट क्षेत्र हुआ व्यवस्थित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** हरिद्वार के हरकी पैड़ी क्षेत्र में बुधवार को प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक अभियान चलाया। सुभाष घाट, मालवीय घाट, शिव घाट, सीसीआर रोड, हाथी पुल और तिरछा पुल समेत आसपास के इलाकों में अस्थायी कब्जों को हटाया गया। अभियान के दौरान घाटों और संपर्क मार्गों पर लगे ठेले, अस्थायी दुकानें और अन्य अवैध संरचनाएं हटाकर क्षेत्र में साफ-सफाई कराई गई। कार्रवाई में करीब 30 अस्थायी अतिक्रमण हटाए गए, जबकि नियमों का उल्लंघन करने पर 15 लोगों का सामान जब्त किया गया। प्रशासन, नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर मौजूद अतिक्रमणकारियों को पहले चेतावनी दी, इसके बाद नियमानुसार कार्रवाई की गई। सहायक नगर आयुक्त श्याम सुंदर प्रसाद ने बताया कि यह कदम श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षित आवागमन और घाटों की पवित्रता बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाओ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। प्रशासन ने दोबारा कब्जा करने वालों को सख्त कार्रवाई की चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया कि नियमों के उल्लंघन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# 2011 की जनगणना पर देश को चलाया जा रहा: राव आफाक अली

## जनगणना से पहले एसआईआर कराना जनहित के मुद्दों से ध्यान भटकाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राव आफाक अली ने कहा कि वर्ष 2011 की जनगणना पर देश को चलाया जा रहा है। जिससे न विकास, आवंटन, आरक्षण और परिसीमन हो पा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार के सवालों पर सरकार गंभीर नहीं है। जनहित के मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए जनता को वर्ष 2003 की वोटर लिस्ट ढूंढने में लगा दिया गया है। प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए राव आफाक अली ने कहा कि जन्म प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए लोग धक्के खा रहे हैं। एसडीएम के यहां प्रार्थना पत्र के साथ आंगनबाड़ी व ग्राम प्रधान के लिखित प्रमाण व मोहर, माता-पिता के शपथ पत्र के अलावा दो स्वतंत्र गवाहों के शपथ पत्र देने के बाद भी जन्म प्रमाण-पत्र नहीं बन रहा है। इसके बाद ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, एडीओ व बीडीओ की रिपोर्ट लगवाने के बाद फिर उप जिलाधिकारी के यहां सभी रिपोर्टों व पत्रों को प्रस्तुत करना होता है। तब कहीं जाकर ग्राम पंचायत विकास अधिकारी को जन्म प्रमाण-पत्र जारी करने के आदेश दिए जाते हैं। इस प्रक्रिया में महीनों लग जाते हैं। गरीब अपनी मजदूरी छोड़कर तमाम कार्यालयों के चक्कर काटता है और खर्च अलग से करता है। राव आफाक अली ने कहा कि आधार कार्ड बनवाने और उसमें सुधार कराने की प्रक्रिया पूरी तरह बंद पड़ी है। गरीबों, विधवाओं व विकलांग जनों के राशन कार्ड बनना तो दूर की बात है, एक यूनिट तक नहीं बढ़ाई जा रही है। अधिकारी कहते हैं कि हरिद्वार का एनएफएसए का लक्ष्य 9 लाख 75 हजार पूरा हो गया है। जबकि हरिद्वार की आधे से ज्यादा जनता राशन कार्ड से वंचित है। यदि कोई राशन कार्ड सरेंडर होता है या कोई यूनिट समाप्त हो जाती है, तो सेटिंग-गेटिंग के खेल में विधवाएं एवं विकलांग मूंह ताकते रह जाते हैं। राव आफाक अली ने कहा कि सरकार ने खनन, शराब व भ्रष्टाचार के अलावा भी आमजन को लूटने के लिए अनेक विभागों को लगा रखा है। जहां एक प्लॉट की रजिस्ट्री फीस पहले 25 हजार थी, उसे 50 हजार कर दिया गया है और स्टांप ड्यूटी भी बेतहाशा बढ़ा दी गई है। बिजली विभाग ने पहले से दोगुनी महंगी बिजली कर दी है। यदि कोई गरीब महंगाई व बेरोजगारी के कारण एक-आध बल्ब या पंखे के लिए कभी-कभार इधर-उधर से बिजली लेता है, तो उस पर एक-आध महीने का नहीं बल्कि एक साल के बिल से भी कई गुना ज्यादा वसूलने हेतु मुकदमे दर्ज कराए जा रहे हैं। जबकि बड़े-बड़े उद्योगों, बिल्डरों और अवैध रूप से बिजली यंत्रों का इस्तेमाल करने वालों से मिलीभगत कर सरकार से छिपाकर अपनी जेबें भरने का काम किया जा रहा है। राव आफाक अली ने कहा कि इतने बड़े-बड़े चक्रव्यूहों में फंसा आम आदमी शिक्षा, स्वास्थ्य, महंगाई और बेरोजगारी की बात कैसे करेगा। इसलिए डबल इंजन सरकार ने जनगणना से पहले एसआईआर कराकर जनता को जन्म प्रमाण-पत्र व 2003 की वोटर लिस्ट में उलझा दिया है। पूर्व मंत्री किरण पाल वाल्मीकि और महेश प्रताप राणा ने कहा कि यातायात नियमों के पालन के नाम पर लोगों को परेशान किया जा रहा है। राव काशिफ, डा.अनूप और निजाम पठान ने कहा कि विकास के नाम पर आपदा, पीडब्लयूडी, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि विभागों में कई महीनों से बजट नहीं है। जबकि अभी वर्ष 2025-26 के तीन महीने से अधिक का समय शेष है।




# लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन 26 दिसम्बर से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** दिनांक 26 से 28 दिसम्बर तक तीसरे लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। हरिद्वार लिटरेचर फेस्टिवल के निदेशक प्रो. श्रवण कुमार शर्मा ने बताया कि श्रीकृष्ण कृपा धाम भीमगोड़ा में आयोजित किए जा रहा लिटरेचर फेस्टिवल साहित्य, रंगकर्म, शायरी और रचनात्मक संवादों का एक महत्वपूर्ण मंच बनने जा रहा है। अंत: प्रवाह सोसाइटी हरिद्वार तथा जीआईईओ गीता संस्थान, कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे फेस्टिवल में देश के विभिन्न हिस्सों से लेखक, कवि, शायर, रंगकर्मी और विचारक सहभागिता करेंगे। प्रो. श्रवण कुमार शर्मा ने बताया कि फेस्टिवल के पहले दिन उद्घाटन सत्र से पूर्व री-इमेजिंग इंडियन लिटरेचर विषय पर एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभिन्न राज्यों से आए शोधार्थी अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। इसी दिन स्थानीय नवोदित रचनाकारों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से ओपन माइक सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रतिभागी अपनी रचनाओं का पाठ करेंगे। मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलाधिपति डा.सत्यपाल सिंह फेस्टिवल का 26 दिसम्बर को अपराह्न 3 बजे फेस्टिवल का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर शहर विधायक मदन कौशिक तथा रानीपुर विधायक आदेश चौहान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद का आशीर्वचन भी प्राप्त होगा। उद्घाटन दिवस पर राजस्थान के लोक जीवन पर आधारित फोकलोर ऑफ बागड़ डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे फेस्टिवल के दूसरे दिन, 27 दिसम्बर को साहित्यिक और वैचारिक सत्र की शुरुआत 'सफरनामारू प्रेमभंवर से स्थितप्रज्ञ तक से होगी, जिसमें लेखक एवं उत्तराखंड के पूर्व डीजीपी डा.अनिल रतूड़ी अपने अनुभव साझा करेंगे। इसके पश्चात लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी मसूरी के पूर्व निदेशक संजीव चोपड़ा इंडियाज बाउंड्री मेकिंग एंड रिमेकिंग विषय पर विशेष संवाद सत्र में सहभागिता करेंगे। हिंदी गीत यात्रा पर मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा के साथ एक विशेष संवाद सत्र आयोजित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अंग्रेजी साहित्य लेखन पर आधारित व्हिसपरिंग रिदमस् ऑफ लाइफ जैसे सत्रों में इतिहास, कविता और जीवनानुभवों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। दूसरे दिन साहित्य नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित नाटक 'वेलकम, स्वागत है का मंचन किया। जिसका निर्देशन डा.हितेन्द्र गोयल ने किया है। यह नाटक हरिद्वार में पहली बार प्रस्तुत किया जाएगा। प्रो.श्रवण कुमार शर्मा ने बताया कि इस नाटक के माध्यम से समकालीन सामाजिक यथार्थ को सशक्त रंगमंचीय अभिव्यक्ति के साथ प्रस्तुत किया जाएगा, जो दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण रहेगा। फेस्टिवल का अंतिम दिन बाल साहित्य, शायरी और कवि सम्मेलनों को समर्पित रहेगा। जियो गीता के संग सत्र में स्वामी ज्ञानानंद बच्चों से संवाद करेंगे। इसके बाद हरिद्वार के नवोदित बाल एवं किशोर लेखकों पर केंद्रित विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें युवा रचनाकारों की लेखन प्रक्रिया और रचनात्मक संसार पर चर्चा होगी। प्रसिद्ध शायर पद्मश्री शीन काफ निजाम के साथ गुफ्तगूरू आपकी शायरी, आपकी जुबान' विषय पर विशेष संवाद सत्र आयोजित किया जाएगा। इसके उपरांत मुशायरा एवं कवि सम्मेलन होगा। जिसमें दिलदार देहलवी, अम्बर खरबन्दा, डा.ए.एस.कुशवाह सहित देश के चर्चित शायर और कवि अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे। फेस्टिवल का समापन सांस्कृतिक एवं संगीत प्रस्तुतियों के साथ किया जाएगा। अन्त: प्रवाह सोसायटी के सचिव संजय हांडा ने बताया कि हरिद्वार लिटरेचर फेस्टिवल का उद्देश्य साहित्य और कला को आम पाठक व दर्शक से जोड़ना तथा हरिद्वार को एक जीवंत और सशक्त साहित्यिक मंच के रूप में स्थापित करना है।




# पतंजलि में हर समाज को समान शिक्षा : स्वामी रामदेव

## यज्ञोपवित देव, ऋषि व पितृ ऋण के बोध का प्रतीकः आचार्य बालकृष्ण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पतंजलि योगपीठ के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी रामदेव जी तथा महामंत्री आचार्य बालकृष्ण जी के दिशानिर्देशन में पतंजलि आयुर्वेद महाविद्यालय (पतंजलि भारतीय आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान) के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का शिक्षारम्भ एवं एवं उपनयन संस्कार पतंजलि योगपीठ स्थित आयुर्वेद भवन सभागार में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर स्वामी जी महाराज ने कहा कि पतंजलि आयुर्वेद महाविद्यालय के विद्यार्थी यहाँ पर दीक्षित होकर चिकित्सक की भूमिका में आएँगे तथा स्वदेशी चिकित्सा के हमारे ध्येय संकल्प को पूरे विश्व में स्थापित करने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि हमें अपने सनातन धर्म, वेद धर्म, ऋषि धर्म तथा अपने पूर्वजों में दृढ़ता होनी चाहिए। कालांतर में यज्ञोपवित, वेद, धर्म व अध्यात्म के नाम पर भ्रांतियाँ समाज में व्याप्त हो रही थी। पतंजलि योगपीठ ने इन सभी भ्रांतियों को समाप्त किया है। हमने किसी भी कुल, वंश, जाति व सम्प्रदाय में पैदा हुए व्यक्ति को समान शिक्षा प्रदान की है। हमने न केवल स्त्री-पुरुषों का भेद समाप्त कर बेटियों को यज्ञोपवित धारण करवाया अपितु आज पतंजलि की बेटियाँ आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ व्याकरण, शास्त्र से लेकर वेदों में भी निष्णात हो रही हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा बोर्ड के माध्यम से आधुनिक शिक्षा में नवीन क्रांति हो रही है। कार्यक्रम में आचार्य बालकृष्ण जी ने कहा कि यज्ञोपवित मात्र प्रतीक नहीं है, यह हमारे सौभाग्य का पर्व है। जीवन के पूर्वार्द्ध के बाद आप उत्तरार्द्ध की ओर जाएँगे यानि शिक्षा के उपरान्त सेवा कार्य करेंगे तब आपको यज्ञोपवीत की महत्ता का आभास होगा। उन्होंने कहा कि दुनिया में आए प्रत्येक मनुष्य पर तीन ऋण होते हैं पहला देव ऋण, दूसरा ऋषि ऋण और तीसरा पितृ ऋण। यज्ञोपवित के तीन धागे हमारे तीन ऋणों का प्रतीक हैं जो हमें सदैव यह स्मरण कराते रहते हैं कि हमें परमात्मा, हमारे पूर्वज ऋषियों व गुरुजनों तथा माता-पिता के ऋण से उऋण होना है। इसका एकमात्र मार्ग हमारे सद्कर्म हैं। इस यज्ञोपवित को धारण करते समय हम तीन ऋणों से उऋण होने के लिए संकल्पबद्ध होते हैं। समय व कालखण्ड के प्रभाव से यज्ञोपवित धारण करने की परंपरा भी विकृत होती गई। पहले यह धर्म विशेष तथा बाद में स्त्री-पुरुष के भेद में विकृत हुई। महर्षि दयानंद ने इस व्यवस्था में सुधार किया, उनके अनुसार यज्ञोपवीत का अधिकार किसी विशेष जाति या लिंग तक सीमित नहीं होना चाहिए। पतंजलि भी महर्षि दयानंद के आदर्शों पर गतिमान है। यहाँ यज्ञोपवित को लेकर मत-पंथ-संप्रदाय तथा स्त्री-पुरुष का कोई भेद नहीं है। आचार्य जी ने कहा कि यदि व्यक्ति अपने कर्म से द्विज नहीं है तो जन्म से द्विज होना भी व्यर्थ है। उच्चता, पवित्रता तथा विद्वत्ता को पाने का सभी का समान रूप से अधिकार है। इस अवसर पर संप्रेषण विभाग प्रमुख बहन पारूल, मुख्य महाप्रबंधक ब्रिगेडियर टी.सी. मल्होत्रा (से.नि.), स्वामी परमार्थदेव, पतंजलि आयुर्वेद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल यादव व डॉ. गिरिश के.जे., डॉ. राजेश मिश्र, साध्वी देवसुमना, साध्वी देवस्वस्ति, साध्वी देवविभा सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगणों उपस्थित रहे।



# अंकिता भंडारी मामले पर राजनीति कर रहे लोगों पर कार्रवाई की जाए: संदीप खत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** रविदासीय धर्म प्रचारक रविदासी संदीप खत्री ने कहा है कि अंकिता भंडारी के हत्यारे जेल की सलाखों के पीछे भेज दिए गए हैं। इसके बावजूद कुछ लोग घटना पर राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम कर रहे हैं। प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए संदीप खत्री ने कहा कि सोशल मीडिया पर उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी को लेकर तरह-तरह की चर्चा की जा रही है। जोकि दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। कुछ लोग सोशल मीडिया पर तथ्यहीन और बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। दुख का विषय है कि जब अंकिता भंडारी की हत्या हुई तो ऐसे लोग कहीं नजर नहीं आए और अब इस मामले को लेकर राजनीति कर रहे हैं। संदीप खत्री ने कहा कि कांग्रेस इस प्रकरण को लेकर राजनीतिक बयानबाजी करने में लगी हुई है। लेकिन अंकिता के परिवार की आर्थिक सहायता इन लोगों द्वारा नहीं की गई। जो लोग इस घटना को लेकर सोशल मीडिया पर झूठा प्रचार कर भ्रम फैला रहे हैं। ऐसे लोगों का सामाजिक बहिष्कार किया जाना चाहिए। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं पुलिस प्रशासन से मांग की है कि सोशल मीडिया पर ऑडियो वीडियो जारी कर भ्रम फैला रहे लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। ऑडियो वीडियो की सत्यता का भी पता लगाया जाए। संदीप खत्री ने कहा कि बेटियों के सम्मान के लिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा।



हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
**डी. एस. वर्मा प्रभारी हरिद्वार/ब्यूरो चीफ**
मो.: 9411100741

# ग्रामीण समृद्धि की धुरी बनेगी सहकारी समितियां: डॉ. रावत

■ प्रत्येक ग्राम सभाओं में होगी स्थापित, सहकारिता आंदोलन को मिलेगा बल, सहकारिता के माध्यम से स्टार्टअप व आधुनिक व्यवसायों से जुड़ेंगे युवा



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सूबे की प्रत्येक ग्राम सभाओं में सहकारी समितियों की स्थापना की जायेगी। इन समितियों के जरिये ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जायेगा, साथ ही इन्हें ग्रामीण समृद्धि की धुरी बनाया जायेगा। सहकारिता के माध्यम से अबतक प्रदेशभर के 11.50 लाख किसानों एवं स्वयं सहायता समूहें को 7000 करोड़ से अधिक ब्याज मुक्त ऋण वितरित किया जा चुका है, जिससे लाभार्थियों की आर्थिकी को विस्तार मिला। इसके अलावा राज्य व जिला सहकारी बैंकों की कार्यप्रणाली में व्यापक सुधार किया गया, जिससे बैंकों का एनपीए कम हुआ और बैंक डिपोजिट में खासी वृद्धि हुई।

यह बात सूबे के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बुधवार को देहरादून के रेंजर्स ग्राउंड में सहकारिता विभाग द्वारा आयोजित सहकारिता मेले में बतौर मुख्य अतिथि कही। डॉ. रावत ने कहा कि राज्य सरकार ने 'सशक्त उत्तराखंड' का संकल्प लिया है। अग्रणी उत्तराखंड के ध्येय वाक्य के तहत संकल्प से सिद्धि के लिये सहकारिता में बहुआयामी कार्ययोजनाओं का काम किया जा रहा है, जिसके सुखद परिणाम भी सामने आ रहे हैं। डॉ. रावत ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामसभा स्तर पर सहकारी समितियों की स्थापना कर रही है ताकि प्रत्येक व्यक्ति को सहक. ारिता से लाभान्वित किया जा सके। इसके योजना के तहत वर्तमान में 602 से अधिक नई एमपीएसीएस, 258 डेयरी समितियां तथा 119 मत्स्य समितियों का गठन किया जा चुका है। युवाओं को स्टार्टअप, ऑग्रेनिक उत्पादों की मार्केटिंग एवं प्रोसेसिंग जैसे आधुनिक व्यवसायों से जोड़ने का कार्य भी सहकारिता के माध्यम से किया जा रहा है। सहकारिता का यह विस्तार न सिर्फ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा बल्कि ग्रामीण समृद्धि की धुरी भी बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में 670 एमपैक्स जनसुविधा केन्द्र तथा 23 एमपैक्स जन औषधि केन्द्र के रूप में कार्य कर आम लोगों को लाभान्वित कर रहे हैं।

### कहा - सहकारिता में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का निर्णय कारगर साबित हुआ

सहकारिता मंत्री डॉ. रावत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सहकारिता में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का जो एतिहासिक निर्णय लिया था, वह कारगर साबित हुआ और सहकारिता में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी। उन्होंने बताया कि हाल ही में हुये सहकारी समितियों के निर्वाचन में 668 समितियों में से 280 से अधिक समितियों में महिलाएं अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुई, जो महिला सशक्तिकरण का एक अनुपम उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि इन एमपैक्स को ई-पैक्स बनाया जा रहा है ताकि आम लोगों को ई-सेवाओं का लाभ मिल सके। डॉ. रावत ने अपने सम्बोधन में कहा कि सहकारिता विभाग के तहत संचालित दीनदयाल उपाध्याय सहक. ारिता किसान कल्याण योजना का लाभ प्रदेश के किसान, काश्तकार, कारीगर और स्वयं सहायता समूह बखूबी उठा रहे हैं। अब तक सरकार ने 11.50 लाख से अधिक लाभार्थियों को रूपये 7000 करोड़ से अधिक ब्याज मुक्त ऋण वितरित कर दिया है, जो कि अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। डॉ. रावत ने कहा कि राज्य एवं जिला सहकारी बैंकों का कायाकल्प किया जा रहा हैं। इस अवसर पर दर्जा राज्य मंत्री गीताराम गौड़, निवर्तमान चौयरमैन, जिला सहकारी बैंक टिहरी सुभाष रमोला, अपर निबंधक इरा उप्रेती, आनंद शुक्ला सहित अन्य उपस्थित रहे।

# राज्यपाल से की पूर्व सैनिक कलम सिंह बिष्ट ने मुलाकात

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को लोक भवन में भूतपूर्व सैनिक कलम सिंह बिष्ट ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष मेजर जनरल एम. एल. असवाल (से नि) भी उपस्थित रहे।

चमोली जनपद के मुन्दोली गाँव निवासी कलम सिंह बिष्ट ने ओमान में आयोजित प्रतिष्ठित "द हजर अल्ट्रा ट्रेल" रन प्रतियोगिता (120 किलोमीटर) में प्रथम स्थान प्राप्त कर देश एवं प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया। यह अंतर्राष्ट्रीय ट्रेल रन प्रतियोगिता 11 से 13 दिसम्बर 2025 के मध्य आयोजित की गई थी, जिसमें विश्व के शीर्ष धावकों ने भाग लिया। दौड़ के दौरान प्रतिभागियों को पथरीली पहाड़ियों, खड़ी चढ़ाइयों, रेगिस्तानी क्षेत्रों और ऐतिहासिक पर्वतीय मार्गों जैसी कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। इन विषम हालातों के बावजूद, कलम सिंह बिष्ट ने अद्‌भुत सहनशक्ति और दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए 18 घंटे में यह दौड़ पूरी कर प्रथम स्थान हासिल किया।

राज्यपाल ने कहा कि उनकी सफलता न केवल उत्तराखण्ड बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि श्री बिष्ट का साहस, संकल्प और जज्बा अत्यंत प्रशंसनीय है तथा उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर उत्तराखण्ड का मान बढ़ाया है। यह उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और यह सिद्ध करती है कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी आत्मविश्वास के बल पर वैश्विक स्तर पर सफलता प्राप्त की जा सकती है।

# जोशी ने किया मसूरी विंटर लाइन कार्निवाल 2025 का भव्य शुभारंभ

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**मसूरी।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आज मसूरी स्थित लाइब्रेरी चौक में मसूरी विंटर लाइन कार्निवालख्र2025 का रिबन काटकर एवं गुब्बारे उड़ाकर भव्य शुभारंभ किया। कार्निवाल का पहला दिन उत्तराखंड राज्य की रजत जयंती के क्रम में उत्तराखंड राज्य आंदोलन के नायक इंद्रमणि बडोनी को समर्पित रहा। जोशी ने इंद्रमणि बडोनी नमन करते हुए उनके योगदान पर भी प्रकाश डाला। विंटर कार्निवाल में हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा भी की गई।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि कार्निवाल का प्रत्येक दिवस महान विभूतियों के नाम समर्पित रहेगा। 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर आयोजन होगा। इसके साथ ही शहीदों, पद्मश्री सम्मानित विभूतियों, रस्किन बॉण्ड एवं राज्य के अन्य महानायकों के नाम पर भी कार्निवाल के दिन समर्पित किए जाएंगे। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मसूरी विंटर लाइन कार्निवाल न केवल पर्यटन को बढ़ावा देता है, बल्कि देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को पहाड़ी क्षेत्रों के पौष्टिक व स्वादिष्ट स्थानीय व्यंजनों का अनुभव भी कराता है। उन्होंने बताया कि विंटर लाइन कार्निवाल की शुरुआत वर्ष 2013 में आपदा के बाद पर्यटन को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से की गई थी, जो आज मसूरी की पहचान बन चुका है।

उन्होंने आगे कि कार्निवाल के दौरान एडवेंचर स्पोर्ट्स, साइकिल रैली, हार्ले डेविडसन बाइक रैली, साहसिक खेल, विंटेज कार रैली, स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियां और स्टार नाइट जैसे आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, कैबिनेट मंत्री ने कहा कि इस वर्ष कार्निवाल का आयोजन एक स्थान के बजाय गांधी चौक, शहीद स्थल, पिक्चर पैलेस, लण्ढोर चौक, टाउन हॉल सहित कई प्रमुख स्थलों पर किया जाएगा।

# रिश्तों का हुआ खून: कलयुगी भाई व भाभी ने छोटे भाई के दोनों हाथ काटे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद के सीमांत क्षेत्र घनसाली के पट्टी बासर अंतर्गत लसियाल गांव से एक ऐसी दिल दहला देने वाली और अमानवीय घटना सामने आई है, जिसने पवित्र रिश्तों की मर्यादा को तार-तार कर दिया है। यहां पारिवारिक कलह और आपसी विवाद ने इस कदर विकराल रूप धारण कर लिया कि खून के रिश्तों का ही खून हो गया। एक कलयुगी बड़े भाई ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर अपने ही सगे छोटे भाई पर न केवल जानलेवा हमला किया, बल्कि क्रूरता की सारी हदें पार करते हुए उसके दोनों हाथ काटकर उसे जीवन भर के लिए अपाहिज बना दिया। इस विभत्स घटना के सामने आने के बाद से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैली हुई है और हर कोई इस हैवानियत की निंदा कर रहा है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की और बुधवार को आरोपी दंपति को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लसियाल गांव निवासी स्वर्गीय गजे सिंह के परिवार में पिछले काफी समय से भाइयों के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था।



यह विवाद 20 दिसंबर को उस वक्त खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया, जब बड़े भाई पूरब सिंह और उसकी पत्नी अंजली ने मिलकर 25 वर्षीय छोटे भाई अंग्रेज सिंह को अपना निशाना बनाया। आरोपियों ने पहले अंग्रेज सिंह के साथ बेरहमी से मारपीट की और धारदार हथियारों से उस पर जानलेवा हमला बोल दिया। दरिंदगी यहीं नहीं रुकी, बल्कि विवाद के दौरान आरोपियों ने पीड़ित को गंभीर चोटें पहुंचाई और अंततः उसके दोनों हाथ कटवा दिए। इस अमानवीय कृत्य ने मानवता को झकझोर कर रख दिया है।घायल और पीड़ित अंग्रेज सिंह ने मंगलवार शाम को घनसाली थाने पहुंचकर अपने सगे भाई और भाभी के खिलाफ नामजद तहरीर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। घनसाली थाना प्रभारी निरीक्षक अजय सिंह जाटव ने मामले की संवे. दनशीलता को देखते हुए तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराया और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने बिना वक्त गंवाए आरोपियों की धरपकड़ के लिए दबिश दी और बुधवार को लसियाल गांव से ही आरोपी पूरब सिंह और उसकी पत्नी अंजली को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पुलिस द्वारा की गई इस त्वरित कार्रवाई से जहां पीड़ित पक्ष को न्याय की आस जगी है, वहीं गांव में अभी भी तनाव और डर का माहौल बना हुआ है। घटना की वैज्ञानिक जांच के लिए फॉरेंसिक फील्ड यूनिट को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर वहां से साक्ष्य संकलित किए हैं ताकि अभियोजन पक्ष को मजबूत किया जा सके। थाना प्रभारी अजय सिंह जाटव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को बृहस्पतिवार को सक्षम न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

# एमडीडीए ने सेरगढ़ माजरी ग्रांट में की 20 बीघा अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त

■ बिना स्वीकृति विकसित कॉलोनियों पर सख्ती, एमडीडीए की ध्वस्तीकरण कार्रवाई जारी



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए लगातार प्रवर्तन कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को विभिन्न क्षेत्रों में बिना स्वीकृति की जा रही प्लॉटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। एमडीडीए का स्पष्ट संदेश है कि प्राधिकरण क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध प्लॉटिंग, अवैध निर्माण और भूमि उपयोग परिवर्तन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह कार्रवाई शहर की सुव्यवस्थित योजना, पर्यावरण संरक्षण और आम नागरिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। प्राधिकरण की टीमें लगातार क्षेत्र में सक्रिय हैं और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। एमडीडीए का उद्देश्य अवैध कॉलोनियों पर प्रभावी रोक लगाकर नियोजित शहरी विकास को बढ़ावा देना है।

इसी क्रम में पवन, अमित, गोविन्द एवं अन्य द्वारा सेरगढ़ माजरी ग्रांट, हरिद्वार रोड, डोईवाला, देहरादून क्षेत्र में लगभग 20 बीघा भूमि पर की जा रही अवैध प्लॉटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई।

मौके पर बिना किसी वैधानिक अनुमति के सड़कें काटने, भूखण्डों का विभाजन करने और प्लॉटिंग विकसित करने की गतिविधियां पाई गईं, जिस पर प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माणों और संरचनाओं को ध्वस्त किया। इस कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता प्रमोद मेहरा, अवर अभियंता प्रवेश नौटियाल, सुपरवाइजर स्वती दीपक नौटियाल तथा पर्याप्त पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा, जिससे कार्रवाई शांतिपूर्ण और प्रभावी ढंग से संपन्न हुई।

### अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर प्राधिकरण : तिवारी

उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रहा है। बिना मानचित्र स्वीकृति और लेआउट अप्रूवल के की जा रही प्लॉटिंग न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि इससे भविष्य में आम जनता को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्राधिकरण का उद्देश्य शहर और आसपास के क्षेत्रों में नियोजित, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल विकास सुनिश्चित करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### भूमि या प्लॉट को खरीदने से पूर्व वैधानिक स्थिति की जांच अवश्य करें : बर्निया

सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि अवैध प्लॉटिंग करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार ध्वस्तीकरण और सीलिंग की कार्रवाई लगातार की जा रही है। आम नागरिकों से अपील है कि किसी भी भूमि या प्लॉट को खरीदने से पूर्व उसकी वैधानिक स्थिति की जांच अवश्य करें। एमडीडीए की स्वीकृति के बिना विकसित की जा रही कॉलोनियों में निवेश न करे।

# शिक्षा की गुणवत्ता को शिक्षकों का प्रशिक्षण जरूरी: डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उच्च शिक्षा में गुणवत्ता उन्नयन के दृष्टिगत राजकीय विश्व. विद्यालय एवं महाविद्यालयों के शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके लिये विभाग द्वारा देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ एमओयू साइन किया गया है। योजना के तहत राजकीय विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों से चयनित विज्ञान संवर्ग के 89 शिक्षकों के दल को सूबे के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सम्बोधित किया।

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा राजकीय पीजी कॉलेज डोईवाला में आयोजित कार्यक्रम में आज डॉ. धन सिंह रावत ने इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस (आईआईएससी) बेंगलुरू में प्रशिक्षण हेतु चयनित विज्ञान शिक्षकों को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उच्च शिक्षा में गुणवत्ता उन्नयन के लिये निरंतर प्रयासरत है। जिसके तहत देशभर के प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ एमओयू साइन किये गये हैं ताकि शिक्षकों को बेहतर प्रशिक्षण दिया जा सके। डा. रावत ने कहा कि पीढ़ियों को तैयार करने का दायित्व शिक्षकों के कंधों पर है, ताकि एक गौरवपूर्ण राष्ट्र का निर्माण हो सके। इस अवसर पर डॉ. रावत ने आईआईएससी बेंगलुरू में प्रशिक्षण हेतु चयनित विज्ञान वर्ग के विभिन्न विषयों के 89 शिक्षकों को कहा कि वह आईआईएससी में पढ़ने व शोध की संस्कृति सीखने पर फोकस करें।

# जोशी ने किया ओमान अल्ट्रा ट्रेल रन जीतने वाले कलम सिंह को सम्मानित

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने आज अपने शासकीय आवास पर जनपद चमोली के देवाल ब्लॉक स्थित मुन्दोली गांव के पूर्व सैनिक नायक कलम सिंह बिष्ट (50 वर्ष) को ओमान में आयोजित 120 किलोमीटर अल्ट्रा ट्रेल रन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया। मंत्री ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर एवं पौधा भेंट कर सम्मान दिया तथा बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।



सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि पूर्व सैनिक कलम सिंह बिष्ट की यह उपलब्धि न केवल उत्तराखंड बल्कि पूरे देश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों की प्रतिभा, अनुशासन और संकल्प देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहा है।इस अवसर पर रिटायर्ड कर्नल ईश्वर सिंह फर्स्वाण, कैप्टन विशन सिंह दत्त कुनियाल, हवलदार खिलाफ सिंह बिष्ट, सूबेदार नरेंद्र सिंह, भरत सिंह राणा, धर्म सिंह, सुंदर सिंह, प्रधान दर्शन सिंह, कुशाल शाह, रघुवीर सिंह, कैप्टन वीरेंद्र सिंह, कृष्णा सिंह, सुंदर सिंह, हीरा फर्स्वाण सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# साहिबजादों की शहादत आज के समाज के लिए एक जीवंत संदेश: डॉ. गीता खन्ना

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने वीर बाल दिवस, 2025 के पावन अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन आईआरडीटी ऑडिटोरियम, देहरादून में किया ।

कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य साहिबजादा जोरावर सिंह एवं साहिबजादा फतेह सिंह के अद्वितीय साहस, बलिदान और अटूट आस्था को नमन करते हुए बच्चों में साहस, नैतिक मूल्यों, आत्मसम्मान तथा अधिकारों के प्रति जागरूकता का प्रसार करना था। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम ने न केवल उनके शौर्य का स्मरण कराया,

कार्यक्रम में डा शिव कुमार बरनवाल, सचिव, उत्तराखण्ड बाल अधिकार संरक्षण आयोग, डा सतीश कुमार सिंह, अनुसचिव, उत्तराखण्ड बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नरेन्द्रजीत सिंह बिंद्रा ,अध्यक्ष, हेमकुण्ड सहिब ट्रस्ट/पूर्व अध्यक्ष, अल्पसंख्यक आयोग, विनोद कपरवाण पूर्व सदस्य, उत्तराखण्ड बाल अधिकार संरक्षण आयोग, अभिनव शाह, मुख्य विकास अधिकारी, देहरादून, पीएल भारती, शिक्षा विभाग व आयोग की टीम उपस्थित रही।

आयोग अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना ने मुख्य वक्तव्य प्रस्तुत किया ।

# कांग्रेस कर रही अनुसूचित समाज और दिवंगत बेटी की आत्मा का अपमान : भट्ट

■ संदिग्ध व्यक्तियों के अपुष्ट आरोपों के आधार पर भाजपा को साजिशन बदनाम कर रहा विपक्ष

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने कांग्रेस पर अनुसूचित जाति समाज और दिवंगत बेटी की आत्मा के अपमान का आरा. ेप लगाया है। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने आरोप लगाया कि विपक्ष, संदिग्ध व्यक्तियों के अपुष्ट आरोपों के आधार पर साजिशन भाजपा नेताओं को बदनाम करने का प्रयास कर रहा है।

वहीं हरीश रावत के भाजपा मुख्यालय आने का स्वागत करते हुए कहा, जो कांग्रेस हमारे ऑडियो वीडियो में एआई से छेड़छाड़ को अस्वीकार्य करती थी, आज उन्हें एआई से अज्ञात लोगों द्वारा बनाई छवि पर आपत्ति है।पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों द्वारा तथाकथित ऑडियो प्रकरण को लेकर पूछे सवालों का जवाब देते हुए आक्रोश व्यक्त किया कि कांग्रेस पार्टी साजिशन अनैतिक राजनीति कर रही हैं। वहीं सीधा सीधा आरोप लगाया कि कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष एवं अन्य शीर्ष नेता एक संदिग्ध सामाजिक गतिविधि वाली महिला के ऑडियो वीडियो की आड़ में बेहद शर्मनाक राजनीति कर रही है। एक तरफ वे एआई से रचित अपुष्ट वायरल ऑडियो की आड़ लेकर अनुसूचित जाति के बहुत ही सम्माननीय नेता ही नही बल्कि समूचे अनुसूचित समाज का अपमान कर रहे हैं। उनके द्वारा नकारात्मक राजनैतिक लाभ लेने के उद्देश्य से भाजपा के प्रदेश प्रभारी और अनुसू. चत समाज के बड़े हितचिंतक का चरित्र हनन किया जा रहा है। प्रदेश की जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं में इसको लेकर बेहद रोष है और वह जगह जगह वे पार्टी के अनुसूचित मोर्चा के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

# नशे के विरोध में सैकड़ों छात्र उतरें सड़कों पर

■ एक युद्ध नशे के विरुद्ध के नारों से गूंजा साहिया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिया।** जौनसार बावर क्षेत्र में बढ़ते नशे और जुए की प्रवृत्ति के खिलाफ आज सहिया की सड़कों में सैकड़ो छात्र उतरे और उन्होंने नारा लगाया एक युद्ध नशे के विरुद्ध, सशक्त संद. ेश देने के उद्देश्य से विशाल जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अभियान का नेतृत्व सरदार महिपाल राजेंद्र जनजाति पीजी कॉलेज, सजग इंडिया के तत्वावधान में रैली आयोजन किया गया।

जौनसार-बावर क्षेत्र के 14 इंटर कॉलेजों के सैकड़ो छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पंकज गैरोला ने कहा है कि नशे के समाप्ति के लिए सरकारी स्तर पर भी नियमित प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने समाज के लोगों से अपील की है कि नशे से जुड़ी हुई जो भी शिकायतें मिलती है कृपया पुलिस प्रशासक तक पहुंचाएं। नशा समाप्त करने को लेकर पुलिस प्रशासन आम जनमानत के साथ खड़ा है।इस मौके पर सजग इंडिया के संयोजक ललित जोशी ने कहा है कि रैली का मुख्य उद्देश्य युवाओं में फैल रहे नशे, विशेषकर सुखा नशे की लत से समाज को मुक्त करना है। साहिया कॉलेज के चौयरमैन अनिल तोमर के नेतृत्व में इस अभियान को 'एक युद्ध नशे के विरुद्ध' नाम दिया गया है। विधानसभा के पूर्व सूचना अधिकारी भारत चौहान ने बताया कि सुखे नशे का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है, जिससे युवाओं का भविष्य खतरे में पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि छात्र रैली के माध्यम से आम जनता को जागरूक करेंगे ताकि लोग नशे और जुए जैसी कुरीतियों से दूर रहें। रैली में जहां एसएमआर साहिया कॉलेज के छात्र उपस्थित रहे वहीं विभिन्न इंटर कॉलेज के छात्रों ने भी प्रतिभाग किया।

# एसपी देहात ने किया चकराता कोतवाली का अर्धवार्षिक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति को और मजबूत करने के उद्देश्य से एस.पी (ग्रामीण) पंकज गैरोला ने चकराता कोतवाली का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण से पूर्व उन्होंने स्थानीय जनप्रति. निधियों, व्यापारियों एवं ग्रामीणों के साथ बैठक कर क्षेत्र की समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना।

बैठक को संबोधित करते हुए एस. पी देहात पंकज गैरोला ने कहा कि क्षेत्र में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति चिंता. जनक है। नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है, लेकिन इसमें आमजन की भूमिका भी बेहद अहम है। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की कि नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों पर नजर रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने बताया कि चकराता क्षेत्र में होटल और होम स्टे की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। ऐसे में होटल व होम स्टे संचालकों को सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाने तथा कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि चकराता संवे. दनशील क्षेत्र है, इसलिए बाहर से आने वाले व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखना आवश्यक है।स्थानीय लोगों ने बैठक के दौरान महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती तथा पुलिस बल की संख्या बढ़ाने की मांग उठाई, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था में भी सुधार हो सके।

इसके पश्चात एस.पी देहात ने चकराता कोतवाली का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाने की जर्जर भवन स्थिति और पुलिस कर्मियों के लिए अपर्याप्त आवास की समस्या भी सामने आई इस अवसर पर कोतवाली अध्यक्ष चंद्रशेखर नौटियाल, उपनिरीक्षक युद्धवीर सिंह, सुधीर कुमार, वीरेंद्र, व्यापार मंडल अध्यक्ष केशर चौहान, छावनी परिषद सदस्य अनिल चांदना, व्यापार मंडल उपाध्यक्ष दिनेश चांदना, सरदार सिंह राणा, पूर्व सदस्य कमल रावत, अंकित मोहल, अमृतपाल सिंह, अनिल चौहान सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# राज्यपाल ने प्रदेशवा. सियों को सुशासन दिवस की दी बधाई

**देहरादून ।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर उनका भावपूर्ण स्मरण करते हुए प्रदेशवासियों को सुशासन दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। पूर्व संध्या में जारी अपने संद. ेश में राज्यपाल ने कहा कि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी का संपूर्ण जीवन त्याग, समर्पण और राष्ट्रसेवा को समर्पित रहा। वे एक प्रखर वक्ता, संवेदनशील कवि, दूरदर्शी राजनेता एवं कुशल प्रशासक थे। उनके विचार, मूल्य और नेतृत्व शैली भारतीय लोकतंत्र के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बने रहेंगे।

# नशे में बड़े भाई की हत्या!

## वारदात को अंजाम देकर खुद भी ठंड में मर गया

- लामाचौड़ बच्चीनगर में हुई दो सगे भाइयों की संदिग्ध मौत में आया नया मोड़
- बड़े भाई के सिर पर हैं गहरे घाव, बुधवार को दोनों के पोस्टमार्टम, विसरा सुरक्षित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुखानी थाना क्षेत्र के बचीनगर में दो सगे भाइयों की मौत के मामले में नया मोड़ आया है। पहले यह घटना एक अचंभे के रूप में सामने आई थी, लेकिन अब यह बताया जा रहा कि छोटे भाई ने शराब के नशे में अपने बड़े भाई को मारा और फिर लहूलुहान हालत में उसे कमरे में छोड़कर खुद घर के पीछे चबूतरे में सोने चला गया, जहां कड़ाके की ठंड के कारण उसकी भी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस इस मामले में अभी कुछ कह नहीं पा रही है, और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। बता दें कि लामाचौड़ बचीनगर निवासी मनोज कुमार आर्या (45) और उनके छोटे भाई सुनील (31) दोनों ही पेशे से मजदूर और शराब के आदी थे। वे अपनी मानसिक दिव्यांग मां देवकी देवी और 12 वर्षीय बेटी प्रमिता के साथ रहते थे। बीते मंगलवार सुबह जब प्रमिता उठी, तो घर के अंदर का दृश्य बेहद खौफनाक था। मनोज का शरीर लहूलुहान पड़ा था, जबकि सुनील का शव घर के पीछे चबूतरे के बरामदे में अकड़ा हुआ था। माना जा रहा कि है कि सोमवार रात दोनों भाइयों ने जमकर शराब पी और जमीनी सौदे को लेकर उनका आपस में झगड़ हो गया होगा, और इसी विवाद में छोटे भाई सुनील ने बड़े भाई मनोज के सिर पर किसी वस्तु से हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर फर्श पर गिर पड़ा और बेहोश हो गया। इसके बाद सुनील ने फिर जमकर शराब पी और अपना बिस्तर घर के पीछे बरामदे में डालकर सोने चला गया होगा। सर्दी अधिक होने के कारण सुनील की भी मौत हो गई, और उसे कंबल ओढ़ने की कोशिश की थी, लेकिन ठंड के कारण वह अकड़कर मर गया। पुलिस का कहना है कि मौत की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है, और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पूरी स्थिति साफ होगी। मंगलवार को पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था, लेकिन कुछ देरी के कारण पोस्टमार्टम बुधवार को किया गया। बिसरा सुरक्षित रख लिया गया है, और परिजनों ने दोनों का अंतिम संस्कार इलेक्ट्रिक शवदाह गृह में किया। इधर सीओ अमित कुमार ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की सही वजह का पता चलेगा। फिलहाल जांच की जा रही है।

## इंस्पिरेशन में धूमधाम से मनाया क्रिसमस

**हल्द्वानी।** इंस्पिरेशन स्कूल में क्रिसमस का पर्व हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरा विद्यालय रंग-बिरंगी सजावट, क्रिसमस ट्री, सितारों और गुब्बारों से सुसज्जित था। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई। इसके बाद नर्सरी से कक्षा दो तक के विद्यार्थियों ने मेरी क्रिसमस और हैप्पी न्यू ईयर पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कक्षा 1 की उन्नति चौधरी एवं हृदयांश जोशी ने क्रिसमस पर्व पर अपने विचार व्यक्त किए। वहीं यूकेजी के विद्यार्थियों ने क्रिसमस से जुड़े प्रमुख प्रतीकों सांता क्लॉज, क्रिसमस ट्री, बेल, एंजेल और स्टार की जानकारी दी। इस मौके पर बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक गति. विधियों का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सांता क्लॉज रहे जिन्होंने बच्चों को उपहार और चॉकलेट बांटी। विद्यालय की चेयरपर्सन डा. गीतिका बल्यूटिया, प्रबंधक डा.दीपक बल्यूटिया एवं कोऑर्डिनेटर प्रियंका शर्मा ने बच्चों को क्रिसमस का संदेश दिया।

# चोरी की योजना में जुटे थे जनक राज व उसकी गैंग

- फर्जी आधार कार्ड बनाने की कोशिश'
- गैंग में शामिल एक भीमकाय शरीर वाला लगा रहा था सीएससी के चक्कर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नेपाल से हल्द्वानी आए नेपाली अपराधी जनक राज जोशी और उसकी गैंग ने चोरी की एक बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बनाई थी। गैंग के सदस्य स्थानीय पहचान बनाने के लिए फर्जी आधार कार्ड बनाने की कोशिश में जुटे थे। बता दें कि बीते 17 दिसंबर को राधिका ज्वैलर्स में हुई चोरी की वारदात के बाद पुलिस ने गैंग के सदस्य को ट्रैक करना शुरू किया। गैंग का एक सदस्य, जो एक भीमकाय शरीर वाला था, सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) के चक्कर लगा रहा था।

उस व्यक्ति का उद्देश्य एक फर्जी आधार कार्ड बनवाना था ताकि वह खुद को स्थानीय निवासी साबित कर सके, क्योंकि जनक राज ने दुकान मालिक से यह दावा किया था कि वह हल्द्वानी का स्थानीय निवासी है। रामड़ी जसुवा में सीएससी चलाने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि वह जनक राज और उसके साथी को रोजाना देखा करते थे। वह हमेशा साथ में एक भीमकाय व्यक्ति को लेकर आता था। जब यह व्यक्ति सीएससी सेंटर पर आधार कार्ड बनाने के लिए आया, तो उसके पास न तो आधार कार्ड का नंबर था और न ही उसे आधार से लिंक मोबाइल नंबर की जानकारी थी। जब सेंटर संचालक ने उसे बताया कि अगर उसकी फोटो आधार में है तो वह उसे ढूंढ सकते हैं, तो वह गुमराह करने की कोशिश करने लगा और दावा किया कि मुंबई में नौकरी करते वक्त उसका आधार कार्ड खो गया था। इसके बाद वह कई अन्य सीएससी सेंटरों में भी गया, लेकिन हर बार उसे निराशा हाथ लगी। पुलिस को अब ऐसे सात से आठ फर्जी आधार कार्ड मिले हैं, जिनका इस्तेमाल आरोपी शहर में कर रहे थे। इधर एसपी सिटी मनोज कत्याल ने कहा कि इन सभी आधार कार्ड की जांच की जा रही है, और जल्द ही आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस को यह पता चला है कि जनक राज और उसकी गैंग बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी करने के प्रयास में थे, और अब उनकी योजना पर पानी फिर चुका है।

# युवती से दुष्कर्म का प्रयास आरोपी युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा क्षेत्र में एक युवक ने दुष्कर्म की कोशिश की और जब युवक उसमें नाकाम हुआ तो युवती के घर जा पहुंचा और हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद युवती ने आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर सौंपी, पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा थानाक्षेत्र के अंतर्गत रहने वाली युवती ने पुलिस को सौंपी तहरीर में आरोप लगाते हुए कहा कि जवाहरनगर में मोहसिन नामक युवक रहता है और उसे लंबे समय से परेशान कर रहा है। वह लगातार फोन कर युवती पर मिलने का दबाव बना रहा था। आरोप है कि आते-जाते वह युवती पर छींटाकशी भी करता था। मोहसिन की इस हरकतों से तंग युवती ने उसे समझाने का भी प्रयास किया लेकिन वह नहीं माना और उसके साथ छेड़छाड़ कर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। आरोप है कि बीते मंगलवार को मोहसिन पीड़िता के घर के बाहर पहुंचा और हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा देख आस-पास के लोग एकत्र हो गए। बनभूलपुरा पुलिस भी मौके पर पहुंची और उसे हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष दिनेश सिंह फर्त्याल ने बताया कि तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# वेंडिंग जोन चयन के लिए नगर आयुक्त अधिकृत

- वेंडिंग जोन बनाए जाने के लिए लोगों को किया जा रहा प्रोत्साहित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगरीय फेरी समिति की बैठक बुधवार को नगर निगम सभागार में संपन्न हुई। बैठक में नगर निगम हल्द्वानी क्षेत्र के अंतर्गत फड़-फेरी एवं अन्य व्यवसाय कर रहे व्यवसाइयों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने कहा कि निजी वेंडिंग जोन बनाए जाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिसमें 25 प्रतिशत पंजीकृत फेरी व्यवसाइयों को सम्मिलित किया जाएगा। साथ ही फेरी व्यवसाइयों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से फेरी व्यवसाय का समय दो चरणों में निर्धारित किया जाएगा, जिसमें प्रातः 7 बजे से सायं 4 बजे तक तथा सायं 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक अलग-अलग समयावधि तय की जाएगी। नए वेंडिंग जोनों के चयन के लिए भी नगर आयुक्त को अधिकृत किया गया।

मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने कहा कि फेरी व्यवसाइयों के लिए शीघ्र ही नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत अच्छे एवं सुविधायुक्त वेंडिंग जोन का निर्माण किया जाएगा। सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान ने सभी से अनुरोध किया कि बाजार क्षेत्र में कोई भी व्यापारी अपनी दुकान के आगे ठेला न लगने दें, जिससे यातायात व्यवस्था बाधित न हो। बैठक में नगरीय फेरी समिति द्वारा फड़-फेरी व्यवसाइयों के व्यवसाय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वेंडिंग जोनों के निर्माण, फेरी क्षेत्रों में समय निर्धारण तथा नए वेंडिंग जोनों के चयन के लिए नगर आयुक्त को अधिकृत करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके साथ ही विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर व्यापार मंडल के साथ बैठक आयोजित करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक में टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्य, संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# युवा कलाकारों ने मन मोहा

- स्व. चन्द्र शेखर पंत स्मृति संगीत समारोह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** स्वर संगम संगीत संस्थान और संगीत संकल्प हल्द्वानी के संयुक्त तत्वावधान में स्व. पं. चन्द्र शेखर पंत स्मृति संगीत समारोह-2025 का आयोजन राजकीय प्राइमरी विद्यालय देवलचौड़ में किया गया।

इस समारोह में युवा कलाकारों ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में देव आराधना, ध्रुपद गायन, वायलिन, बांसुरी वादन और तबला ट्रायो की शानदार प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्या पुष्पा सुयाल, डा. आभा भैसोड़ा और स्वर संगम के आचार्यगणों द्वारा दीप प्रज्वलन और पुष्पार्पण से हुई। संगीत समारोह का समापन लखनऊ घराने के तबला वादकों हिमांशु जोशी, रिजुल पांडे और रणविजय की सामूहिक प्रस्तुति से हुआ, जिसमें आचार्य डा. मुकेश चन्द्र पंत ने हारमोनियम पर संगति प्रदान की। कार्यक्रम में डा. आभा भैसोड़ा, डा. मुकेश चन्द्र पंत, विनीता पांडे आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन, फूंका पुतला

**हल्द्वानी।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष रविंद्र बाली की अगुवाई में तिकोनिया स्थित बुद्धपार्क में कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी कर पुतला दहन किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष रविंद्र बाली आर्य ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता राष्ट्रीय महामंत्री एवं उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम के खिलाफ एक महिला द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह निराधार हैं। दुष्यंत कुमार गौतम अनुसूचित समाज से आते है और उनकी छवि को धूमिल करने के लिए यह षड्यंत्र रचा जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने राजनीतिक लाभ के लिए उक्त महिला को आगे कर भाजपा के अनुसूचित समाज के नेताओं को बदनाम करने की साजिश रची है। आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस इस तरह के हथकंडे अपना रही है जिसकी अनुसूचित समाज घोर निंदा करता है। पुतला दहन करने वालों में सुमित्रा प्रसाद, दिनेश सागर, हरिमोहन अरोड़ा, गणेश जोशी, नंदकिशोर आर्य, ईश्वरी राम, अजय आर्या, जानकी प्रसाद, आनंद आर्य, मुकेश आर्य, सोनू शर्मा, अजय राज, हरीश मनराल, अमोल मल्होत्रा, दीपांशु शर्मा, रजत कुमार, नकुल देव, पनराम आदि शामिल रहे।

# लोकगीतों के माध्यम से दी श्रद्धांजलि

**हल्द्वानी।** बुधवार को जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत सुबह उत्तराखंड राज्य गठन आंदोलन के जननायक एवं प्रणेता उत्तराखंड के गांधी के नाम से विख्यात स्व. इंद्रमणि बड़ौनी की 100वीं जयंती के अवसर पर उन्हें शत-शत नमन किया गया। इस अवसर पर हल्द्वानी स्टेडियम में राज्य स्तरीय सांस्कृतिक आयोजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय पहाड़ी भाषा-शैली में लोकगीत गायन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्व. बड़ौनी जी के जीवन संघर्ष और उत्तराखंड राज्य आंदोलन में उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की शुरुआत सेवानिवृत्त सुरेश चंद पाण्डेय, डा. निर्मला पंत, वरुण बेलवाल, शशी देवी एवं किशोर पाल द्वारा मधुर कंठ में प्रस्तुत लोकगीतों से हुई। इस मौके पर खेल विभाग की उपनिदेशक रसिका सिद्दीकी, सतीश कुमार, त्रिलोक जीना, श्याम मनु भट्ट, निशांत मेहता, नमन नवियाल, उमेश रावत, गोपाल नेगी, गोविंद लटवाल, दिनेश रावत, महेश बिष्ट, रितिका जोशी, कल्पित चौशाली, पूनम सिरोला, किरण मोर्या सहित आवासीय फुटबॉल हॉस्टल के समस्त खिलाड़ी मौजूद रहे।

## सार्वजनिक सूचना

मेरी सम्पत्ति संख्या खाता संख्या 241 खसरा नं0 257 (फसली वर्ष 1416 से 141) रकबा 139.175 वर्ग मीटर स्थिर ग्राम माजरी परगना परखाइने तहसील सदर जिला देहरादून की मालिक स्वामी काबिज है प्रार्थिनी ने यह सम्पति श्रीमती दर्शनी गौतम पत्नी श्री जय प्रकाश गौतम निवासिनी श्रीनगर जिला पौडी गढ़वाल से दिनांक 6.9.2010 को विक्रय पत्र के माध्यम से खरीदी थी। उपरोक्त सम्पत्ति खरीदते समय श्रीमती दर्शनी गौतम द्वारा प्रार्थिनी को उपरोक्त सम्पत्ति के मूल विक्रय पत्र की प्राप्ति भी दी गई की। परन्तु श्रीमति दर्शनी गोतम मूल विक्रय पत्र प्रार्थिनी के हार में कही रखी गई।

**पूनम कुमारी पत्नी श्री रंजीत सिंह**
110 धर्मपुर, नेहरू कालोनी, देहरादून।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान,
60/1, एक्वा हाऊस, इन्दिरा नगर ( अनुराग चौक के पास), देहरादून - 248006.
Phone No/Fax. 0135 2532509 Email Id.eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक : 3765/ निविदा सूचना / 2025-26, दिनांक : 24.12.25

"जल संचय जीवन संचय"

### अल्पकालीन निविदा सूचना

मुख्य महाप्रबंधक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से जनपद देहरादून की अनुरक्षण खण्ड शाखा के हरबर्टपुर इकाई की हरबर्टपुर नगरीय पेयजल योजना के अन्तर्गत समरफिल्ड के सामने विभागीय परिसर में पम्प हाऊस निर्माण, 600 के०एल० क्षमता के उर्ध्व जलाशय मरम्मत एवं तत्सम्बन्धित कार्य हेतु शाखा में पंजीकृत ठेकेदारो/फर्मो से मुहरबंद निविदायें दिनांक 09.01.2026 की सायं 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन सायं 3.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख अधोहस्ताक्षरी अथवा मनोनीत अधिकारी द्वारा कार्यालय अधिशासी अभियंता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून में खोली जाएंगी, निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में (राजकीय / सार्वजनिक अवकाश को छोडकर) निर्धारित शुल्क जमा कर दिनांक 08.01.2026 सांय 5.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकतें हैं।

| क. स. | इकाई का नाम | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हरबर्टपुर इकाई | हरबर्टपुर नगरीय पेयजल योजना के अन्तर्गत समरफिल्ड के सामने विभागीय परिसर में पम्प हाऊस निर्माण,600 के०एल० क्षमता के उर्ध्व जलाशय मरम्मत एवं तत्सम्बन्धित कार्य। | 39980.00 | 1500.00+ 18% GST | डी० एवं उच्चत्तर | 02 माह |

नोट- निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी एवं शर्ते विभागीय नोटिस बोर्ड पर चस्पा है।

**अधिशासी अभियन्ता**

## यूजेवीएन लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालय "उज्जवल" महारानीबाग, जी० एम० एस०रोड, देहरादून-248006
दूरभाशः 0135-2763508, 2763808, फैक्स नं0 0135-2463507
UJVNL
CIN No. U4101UR2001SGC025866, Website: WWW. Uttarakahndjalvidyut.com

RO No. 1013 **निविदा आमंत्रण सूचना** Dated : 24/12/2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, परियोजना जानपद अनुरक्षण (गंगावैली), मायापुर, हरिद्वार द्वारा इच्छुक निविदादाताओं से मोहरबन्द एवं पृथक निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् हैः -

1. निविदा सूचना सन्दर्भः-
   निविदा संख्याः- 15/2025-26/अधि0अभि0/पीसीएम(जीवी)/मायापुर :- वर्ष 2025-26 हेतु चीला कालोनी की वार्षिक साफ-सफाई का कार्य।
2. निविदा लागतः- रू0 24,93,440.93 मात्र, जी0एस0टी0 अतिरिक्त। ।
3. वेबसाइट पर निविदा की उपलब्धता की तिथि एवं समयः- 26 दिसम्बर, 2025 11:00 बजे से।
4. निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय :- 16 जनवरी, 2026 13:00 बजे तक।

उक्तकार्य के निविदाप्रपत्र निगम की वेबसाइट http://ujvnl.com से सीधे डाउनलोड किये जा सकते हैं और निविदा प्रपत्र का मूल्य निविदा जमा करते समय अदा किया जायेगा। पात्रता मापदंड एवं विस्तृत विवरण हेतु कृपया निगम की वेबसाईट देखें।

**अधिशासी अभियन्ता, परि0जान0अनु0(गंगावैली), मायापुर, हरिद्वार**

"बिजली के दुरुपयोग से बचें"

## उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लि0
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, कॉरपोरेट आईडेन्टीटी नं0 U40109UR2001SGC025867
विद्युत वितरण खण्ड (दक्षिण), 18-ई0सी0 रोड़, देहरादून

पत्रांक :832/EE(CM)/UPCL/A-2 दिनांक : 24.12.2025

### विद्युत बाधित सूचना

कृपया उपरोक्त विषयक आपके संज्ञान में लाना है कि इस खण्ड के अन्तर्गत आने वाले उपखण्ड-टर्नर रोड़, के क्षेत्राधीन 33/11 के0वी० उपसंस्थान पत्थरीबाग में स्थापित पावर परिवर्तक की क्षमता वृद्धि का कार्य किया जाना प्रस्तावित है, जिस कारण निम्नलिखित फीडरों से पोषित होने वाले समस्त क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति अंकित तिथि में पूर्ण/आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

| दिनांक | समय | 33/11 उपसंस्थान का नाम | 11 के०वी० फीडर का नाम | बाधित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 26.12.2025 | प्रातः 08.00 से सांय 06.00 बजे तक | पत्थरीबाग | देहराखास | देवऋषि एन्कलेव, आशीर्वाद एन्कलेव, वसुन्दरा एन्कलेव, त्रिमूर्ति विहार, देहराखास, पटेलनगर थाना, साईबाबा एन्कलेव इत्यादि |
| | | | नारायण विहार | नारायण विहार, ओम सिटी, पाम सिटि, अंवतिका विहार, कारगी रोड़, कारगी चौक, आदर्श विहार, बहुगुणा कालोनी, वसुन्दरा एन्कलेव, टी०एच०डी०सी० कालोनी, विद्या विहार इत्यादि |
| | | | पत्थरीबाग | ओम सिटी, ग्रीन सिटी, पॉम सिटी, पत्थरीबाग इत्यादि |
| | | | सरस्वती विहार | फीडर से पोषित होने वाले समस्त क्षेत्र |
| | | | दून मेडिकल | फीडर से पोषित होने वाले समस्त क्षेत्र |
| | | | औद्यागिक | फीडर से पोषित होने वाले समस्त क्षेत्र |

अतः समस्त सम्मानित उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की जाती है।

**अधिशासी अभियन्ता**

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. ब्लब का प्रयोग करें।
(टोल फ्री नं0 1912) विद्युत बिलों के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएँ
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं0 18001804185/फैक्स नं0 0135-2760911 पर दें)

## कार्यालय अपर जिलाधिकारी/सचिव, जिलास्तरीय विकास प्राधिकरण, चमोली (गोपेश्वर)।
E-mail-dldachamoligpr@gmail.com

पत्रांक : 1577/जि0स्त0वि0प्राधि0/निविदा-सूचना/2025-26 दिनांकः19/12/2025

### "ई-निविदा आमन्त्रण सूचना"

महा महिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से उत्तराखण्ड सरकार के जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण में सिविल कार्यों हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नकार्यों की ई-निविदाऑन-लाईन दिनांक **15.01.2026** को अपरान्ह 12.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं। निविदायें उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित कमेटी के समक्ष ऑन लाईन इस कार्यालय में खोली जायेंगी। निविदा के सम्बन्ध मेंसभी सूचनाऐं/शर्तें http://www.uktenders.gov.in पर दिनांक **23.12.2025** से उपलब्ध रहेंगी।

| क0 सं0 | कार्य का नाम/ विकास खण्ड का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य + 18 %GST | धरोहर धनराशि (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारों की पंजीकृत श्रेणी | निविदा की वैधता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | भराडी सैंण के सारकोट ग्राम में पौराणिक क्वाठा का जीर्णोद्धार/पुर्ननिर्माण किया जायेगा। | 44.02 | निविदा मूल्य रू0 3000.00 + 18%GST- 540.00 | 88041.70 | 12 माह | 'डी' एवं उच्चतर | 90 दिन |
| 2 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र देवाल में चारदीवारी का कार्य। | 29.12 | निविदा मूल्य रू0 2000.00 + 18%GST- 360.00 | 58250.02 | 12 माह | 'डी' एवं उच्चतर | 90 दिन |

निर्माण कार्यों से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी/प्राक्कलन/रेखाचित्र एवं निविदा की शर्तें आदि किसी भी कार्यदिवस में इस कार्यालय से ली जा सकती हैं, तथा निविदा प्रपत्र मूल्य ई-चालान का हैड-32820100002578 IFSC Code BARB0GOPESH Bank of Baroda Gopeshwar, निविदा जी0एस0टी0 ई-चालान मूल्य विभागीय जी0एस0टी0 नं005 AAAGD5000N1ZS मे लगाया जायेगा।

**(विवेक प्रकाश)**
अपर जिलाधिकारी/सचिव,
जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण,
चमोली (गोपेश्वर)।

## टाटा कैपिटल लिमिटेड
TATA
पंजीकृत कार्यालय : 11 वीं मंजिल, टॉवर ए, पेनीनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोवर परेल, मुम्बई-400013.
शाखा कार्यालय : 9वीं मंजिल, विडियोकॉन टॉवर, ब्लॉक ई-1, झण्डेवालन एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055.

### अचल संपत्ति के विक्रय के लिए बिक्री सूचना

(प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9(1) के साथ पठित नियम 8(6) के तहत)

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के साथ पठित नियम 8(6) वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

**ऋण खाता संख्या 21344607 पुनर्गठित ऋण खाता संख्या TCFLA0374000011058948 : मेसर्स एचडीआईएनएन ट्रेडर्स**

यह सूचित किया जाता है कि **टाटा कैपिटल लिमिटेड (टीसीएल)** एक गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी है और कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के तहत निगमित है और इसका पंजीकृत कार्यालय पेनिनसुला बिजनेस पार्क, टॉवर ए, 11वीं मंजिल, गणपतराव कदम मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013 में और **उत्तराखण्ड** में अन्य स्थानों के बीच एक शाखा कार्यालय ("शाखा") है, दिनांक **24.11.2023** के आदेशों के तहत, नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) मुंबई ने टाटा कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ("टीसीएफएसएल") और टाटा क्लीनटेक कैपिटल लिमिटेड ("टीसीसीएल") के बीच हस्तांतरणकर्ता और टाटा कैपिटल लिमिटेड ("टीसीएल") हस्तांतरिती के रूप में, के बीच व्यवस्था की योजना को कंपनी अधिनियम, 2013 ("उक्त योजना") की धारा 66 और अन्य लागू प्रावधानों के साथ पठित धारा 230 से 232 के प्रावधानों के तहत विधिवत मंजूरी दे दी है। इसके संदर्भ में, **टीसीएफएसएल और टीसीसीएल (स्थानांतरित कंपनियां)** अपने उपक्रम के साथ सभी संपत्तियों, परिसंपत्तियों, अधिकारों, लाभ, ब्याज, कर्तव्यों, दायित्वों, देनदारियों, अनुबंधों, समझौतों, प्रतिभूतियों आदि, जैसा कि प्रभावी तिथि यानी **01.01.2024** से साथ एक चालू कंपनी के रूप में **टीसीएल** में विलय कर चुकी हैं। उक्त आदेश और योजना के अनुसरण में, टीसीएफएसएल द्वारा निष्पादित सभी सुविधा दस्तावेज और उनके संबंध में सभी बकाया आवेदक कंपनी को हस्तांतरित कर दिए गए और इस प्रकार टीसीएल वहां की शर्तों के अनुसार (उधारकर्ताओं / सह-उधारकर्ताओं) से दावा करने का हकदार है।

निम्नलिखित ऋणकर्ता/सह-ऋणकर्ता को व्यक्तिगत रूप से तथा जनसामान्य को सार्वजनिक रूप से एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि **टाटा कैपिटल लिमिटेड (प्रतिभूत लेनदार/टीसीएल)** के पास गिरवीकृत नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जिसका कब्जा टाटा कैपिटल लिमिटेड (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर लिया गया है, की बिक्री **"जैसे है जहाँ है" तथा "जो है वही है" और "जो कुछ भी है वहीं है तथा उपचार रहित"** आधार पर **20 जनवरी 2026** को की जायेगी।

जबकि प्रतिभूत आस्ति का विक्रय प्रतिभूति ऋण की वसूली के लिए किया जाना है और जबकि दिनांक **23.12.2025 को बकाया राशि ऋण खाता संख्या 21344607 पुनर्गठित ऋण खाता संख्या TCFLA0374000011058948 रु. 4,48,91,074/- (रूपये चार करोड़ अड़तालिस लाख इंक्यानवे हजार चौहत्तर मात्र)** समस्त लागतो, ब्याज आदि सहित **कर्जदारों एवं सहकर्जदारों/जमानतदारों** अर्थात **(1) मैसर्स एचडीआईएनएन ट्रेडर्स,** एचडीआईएनएन कॉम्प्लेक्स, हरिद्वार बाईपास रोड, देहरादून-248001; **(2) मो. अहमद,** पिता हसनोद्दीन; **(3) मो. ज़ामा खान; (4) खुशनुमा खान,** पति मो. ज़ामा खान; **(5) मो. बिलाल खान; सभी निवासी**: लेन नंबर सी-7, टर्नर रोड, क्लेमेंट टाउन देहरादून-248002; **(6) मो. अकमल,** लेन सी-7, 417 टर्नर रोड, भारू वाला ग्रांट, क्लेमेंट टाउन, देहरादून - 248002; **अन्य पता**: कारगी ग्रांट, बंजारावाला, देहरादून - 248001; **(7) शमा खान,** पति मो. अकमल खान, कारगी ग्रांट, बंजारावाला, देहरादून - 248001 एवं **(8) शनरोज़ खान,** पति अहमद, सी-7/13, टर्नर रोड, क्लेमेंट टाउन, देहरादून - 248001, से बकाया है।

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि विक्रय के किसी विलम्बन/अनिरन्तरता के उपस्थित होने पर कथित सम्पत्ति का विक्रय ई-नीलामी के माध्यम से **टीसीएल** द्वारा कथित **20 जनवरी 2026** को **2:00 बजे अपरान्ह** शाखा कार्यालय **9वीं मंजिल, विडियोकॉन टॉवर, ब्लॉक ई-1, झण्डेवालन एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055** पर किया जायेगा।

ईएमडी राशि के डिमाण्ड ड्राफ्ट सहित सम्पति के क्रय हेतु मुहरबन्द ई-नीलामी कथित **19 जनवरी 2026** को **5:00 बजे अपरान्ह** तक **टाटा कैपिटल लिमिटेड** के अधिकृत प्राधिकारी द्वारा ग्रहण किया जायेगा।

| सुरक्षित संपत्ति का विवरण | आधिपत्य का प्रकार रचनात्मक/भौतिक | आरक्षित मूल्य (रू.) | बयाना राशि (रू.) |
|---|---|---|---|
| **वह समस्त निचला भूतल जिसका माप 122 वर्ग मीटर है एवं उपरी भूतल जिसका माप 107.48 वर्ग मीटर है, वाणिज्यिक परिसर जिसे लोकप्रिय रूप से "एचडीआईएनएन" के रूप में जाना जाता है, जिसमें भूमि संख्या 1695 (फसली 1417 से 1422) खसरा संख्या 290 मिन (पुराना खसरा संख्या 429 एवं 430) एवं खसरा संख्या 447 शामिल हैं, जो मौजा माजरा, परगना पछवा दून, जिला देहरादून में स्थित है, उपहार विलेख दिनांक 26.09.2018 के अनुसार श्रीमती फातिमा शमरोज खान पति मोहम्मद अहमद ज़ामा के पक्ष में है। चर्तुसीमा : पूर्व : मोहम्मद ज़ामा एवं अन्य की संपत्ति; पश्चिम: मोहम्मद इमरान की संपत्ति; उत्तर: श्री जैसवाल की संपत्ति; दक्षिण: हरिद्वार बाईपास रोड.** | भौतिक | ₹ 1,36,91,000/- (रूपये एक करोड़ छत्तीस लाख इक्यानवे हजार मात्र) | ₹ 13,69,100/- (रूपये तेरह लाख उन्नहत्तर हजार एक सौ मात्र) |

बिक्री के लिए रखी जाने वाली संपत्ति ऊपर वर्णित अनुसार सुरक्षित परिसंपत्ति के अंदर या भीतर पड़ी चल वस्तुएं घरेलू सूची यदि कोई हो तो सुरक्षित परिसंपत्ति के साथ बिक्री के लिए तब तक उपलब्ध नहीं होगी जब तक कि नीलामी बिक्री नोटिस में विशेष रूप से वर्णित न हो। विक्रय उस दशा में रोक दिया जाएगा जब प्राधिकृत अधिकारी के पास इस बात का सबूत पेश किया जाए या उन्हें इस बात से संतुष्ट किया जाए कि समस्त ब्याज एवं लागत (विक्रय की लागत सहित) सहित उक्त देय राशि का भुगतान कर दिया गया है। विक्रय प्रक्रिया में सामान्य रूप से सर्वसामान्य व्यक्तियों को अपनी निविदा प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया है। इस विक्रय से सम्बन्धित किसी प्रकार का कर्तव्य निर्वहन करने वाला कोई अधिकारी या अन्य व्यक्ति विक्रीत सम्पत्ति के अधिग्रहण या किसी हित के अधिग्रहण के प्रयास हेतु प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संविदा नहीं कर सकेगा। यह बिक्री सरफेसी अधिनियम, 2002 के तहत निर्धारित नियमों शर्तो के अधीन होगी। ई-नीलामी प्रत्येक 10 मिनट के असीमित विस्तार सहित **20 जनवरी, 2026** को **2.00 बजे अपरान्ह से 3.00 बजे अपरान्ह** के बीच पोर्टल https://BidDeal.in के माध्यम से की जायेगी सम्पत्ति के क्रय हेतु जमा की गयी समस्त संविदाओं के साथ ऊपर लिखे के अनुसार जमा धरोहर राशि **दिल्ली** में देय" **टाटा कैपिटल लिमिटेड**" के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा करनी होगी। सम्पत्ति का निरीक्षण **12 जनवरी, 2026** को **प्रातः 11 बजे से सायं 5.00 बजे** के बीच किया जा सकता है।

"**भार**: यहाँ वर्णित संपत्ति की नीलामी बिक्री, **एसए संख्या 44/2025, डायरी संख्या 130/2025, मेसर्स एचडीआईएनएन ट्रेडर्स एवं अन्य बनाम टाटा कैपिटल लिमिटेड (एनडीओएच 29.12.25)** के अधीन है, जो वर्तमान में डीआरटी देहरादून में लंबित और न्यायनिर्णित है। पक्षकार स्वीकार करते हैं कि उक्त संपत्ति डीआरटी देहरादून के समक्ष चल रही कानूनी कार्यवाही का विषय है, और न्यायालय/न्यायाधिकरण द्वारा जारी किसी भी परिणाम या निर्देशों का कानून के अनुसार कड़ाई से पालन किया जाएगा। सफल बोलीदाता संपत्ति को उसकी वर्तमान कानूनी स्थिति में स्वीकार करने के लिए सहमत होता है, यह समझते हुए कि संपत्ति को प्रभावित करने वाले किसी भी भार या देनदारियों का वहन नीलामी के बाद बोलीदाता द्वारा किया जाएगा। इसके अलावा, बोलीदाता संपत्ति की कानूनी स्थिति और भार के संबंध में स्वयं उचित जांच करने की आवश्यकता को स्वीकार करता है और इससे उत्पन्न होने वाले किसी भी दावे के लिए विक्रेता को क्षतिपूर्ति देने के लिए सहमत होता है।"

**नोटः इच्छुक संविदाकार टाटा केपिटल लिमिटेड मोबा.नं. +91-8691005238 / प्राधिकृत अधिकारी श्री देवराज सिंह से ई-मेल आईडी devraj.singh@tatacapital.com तथा मो. +91-9312316519 पर संपर्क कर सकते हैं।**

विक्रय के विस्तृत नियम एवं शर्तो के लिए कृपया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट http://www.tatacapital.com/content/dam/tata-capital/pdf/e-auction/tcfsl/07th-E-Auction-Newspaper-Publication-Hdinn-Traders TCFLA0374000011058948.pdf पर दिये गये लिंक को देखें।

ह/-
**(प्राधिकृत अधिकारी)**
**टाटा कैपिटल लिमिटेड**

**स्थान : नई दिल्ली**
**दिनांक : 25-12-2025**

# 36 गेंदों में शतक जड़ वैभव ने बनाया विश्व रिकॉर्ड



● बिहार की ओर से खेल रहे वैभव सूर्यवंशी ने 36 गेंदों में बनाया शतक

**रांची, वार्ता।** युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी विजय हजारे ट्रॉफी के पहले दिन मात्र 36 गेंदों में शतक बनाकर 14 साल और 272 दिन की उम्र में पुरुषों की लिस्ट ए क्रिकेट में शतक जड़ने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। रांची में प्लेट लीग के मैच में बिहार की ओर से खेल रहे सूर्यवंशी ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ मात्र 36 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, जो कि टी-20 के इतर सीनियर क्रिकेट में उनका पहला शतक है। यह लिस्ट-ए मैचों में भारत की ओर से दूसरा सबसे तेज शतक भी है। रिकॉर्ड पंजाब के अनमोलप्रीत सिंह के नाम है, जिन्होंने पिछले साल अरुणाचल प्रदेश के खलाफ ही केवल 35 गेंदों में शतक बनाया था। सूर्यवंशी ने इससे एक कदम आगे बढ़ते हुए मात्र 59 गेंदों में 150 रन पूरे किए, जो कि विश्व रिकॉर्ड है। उन्होंने इस मामले में एबी डिविलियर्स का रिकॉर्ड तोड़ा। डिविलियर्स ने 2015 में

**विजय हजारे ट्रॉफी**

वेस्टइंडीज के खिलाफ मात्र 64 गेंदों में 150 रन बनाए थे। सूर्यवंशी अंत में 84 गेंदों में 190 रन बनाकर आउट हुए और अपने दोहरे शतक से चूक गए। उनकी उस पारी में 16 चौके और 15 गगनचुंबी छक्के शामिल थे। सूर्यवंशी ने इसी महीने यूएई में हुए अंडर-19 एशिया कप में मेजबान के खिलाफ 95 गेंदों में 171 रन की शानदार पारी खेली थी। उस पारी के दौरान वह 2002 में टॉन्टन में इंग्लैंड के खिलाफ अंबाती रायडू द्वारा बनाए गए भारत के लंबे समय से चले आ रहे यूथ वनडे रिकॉर्ड 177 रन से मात्र छह रन दूर रह गए थे। 15 यूथ एकदिवसीय मैचों में सूर्यवंशी का औसत 51.13 और स्ट्राइक रेट 158.79 का रहा है, जिसमें दो शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल हैं। पिछले महीने दोहा में सूर्यवंशी ने पुरुषों की टी-20 क्रिकेट में किसी भारतीय द्वारा संयुक्त रूप से तीसरा सबसे तेज शतक जड़ा था, जब उन्होंने राइजिग स्टार्स एशिया कप में यूएई के खिलाफ 42 गेंदों में 144 रन बनाए थे। उस दिन उन्होंने 32 गेंदों में शतक पूरा किया, जो पुरुषों की टी-20 क्रिकेट में संयुक्त रूप से छठा सबसे तेज शतक भी था। इस टूर्नामेंट के तुरंत बाद वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी शतक जड़ने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने, जब उन्होंने इस महीने कोलकाता में महाराष्ट्र के खिलाफ नाबाद 61 गेंदों में 108 रन बनाए थे। साल 2025 वैभव के लिए ब्रेकथ्रू साल साबित हुआ है। 13 साल की उम्र में आईपीएल नीलामी में चुने जाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने के बाद उन्होंने आईपीएल में सबसे कम उम्र में शतक जड़ा। उन्होंने कुल सात आईपीएल मैच खेले, जिनमें उन्होंने 206-55 के स्ट्राइक रेट से 252 रन बनाए। आईपीएल के बाद सूर्यवंशी ने इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया दौरों पर भी यूथ शतक जड़े। इंग्लैंड दौरा उनके लिए विशेषकर सफल रहा, जहां उन्होंने 174-01 के स्ट्राइक रेट से 355 रन बनाए। संभावना है कि वैभव चल रही विजय हजारे ट्रॉफी के केवल शुरुआती कुछ मैचों के लिए ही उपलब्ध रहेंगे। इसके बाद वह 15 जनवरी से शुरू होने वाले अंडर-19 विश्वकप से पहले बेंगलुरु में होने वाले कंडीशनिंग कैंप के लिए भारत अंडर-19 टीम से जुड़ जाएंगे।

## वैभव, आयुष व सकीबुल के शतक, बिहार ने अरुणाचल प्रदेश को रिकॉर्ड 397 रनों हराया

**रांची, वार्ता।** वैभव सूर्यवंशी (190), आयुष लोहारुका (116) और कप्तान सकीबुल गनी (नाबाद 128) की विस्फोटक शतकीय पारियों के बाद आकाश राज और संजय कश्यप (तीन-तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत बिहार ने बुधवार को विजय हजारे ट्रॉफी के प्लेट ग्रुप मुकाबले में आंध्र प्रदेश को रिकार्ड 397 रनों से रौंद दिया। यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बिहार ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी का रिकार्ड छह विकेट पर 574 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। बिहार ने तमिलनाडु का दो विकेट पर 506 रन का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा। मंगल महरौर और वैभव सूर्यवंशी की सलामी जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 158 रन जोड़े। 15वें ओवर में तेची नेरी ने मंगल महरौर (33) को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। 27वें ओवर में बिहार का दूसरा विकेट वैभव सूर्यवंशी के रूप में गिरा। उन्हें भी नेरी ने आउट किया। वैभव सूर्यवंशी ने 84 गेंदों में 16 चौके और 15 छक्के उड़ाते हुए 190 रनों की पारी खेली। प्लेयर ऑफ द मैच सूर्यवंशी ने रिकार्ड पारी खेलते हुए मात्र 35 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। पीयूष सिंह 66 गेंदों में (77), आकाश राज (आठ) और बिपिन सौरभ एक रन बनाकर आउट हुए। आयुष लोहारुका ने 56 गेंदों में 11 चौके और आठ छक्के लगाते हुए 116 रन बनाये। कप्तान सकीबुल गनी ने 40 गेंदों में 10 चौके और 12 छक्के उड़ाते हुए नाबाद 128 रन बनाये। आंध्र प्रदेश के लिए तेची नेरी और तड़कमल्ला मोहित को दो-दो विकेट मिले। धीरज एंटिन ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद पहाड़ जैसे लक्ष्य का पीछा करने उतरी आंध्र प्रदेश की टीम बिहार के गेंदबाजी आक्रमण का सामना नहीं कर सकी और 42-1 ओवर में 177 के स्कोर पर ढेर हो गई।

**खेल विशेष**

## भारतीय डेविस कप टीम घोषित

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन की प्रोफेशनल सिलेक्शन कमेटी की एक मीटिंग 7 और 8 फरवरी 2026 को बेंगलुरु में होने वाले वर्ल्ड ग्रुप क्वालिफायर में नीदरलैंड्स के खिलाफ भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली डेविस कप टीम को चुनने के लिए 23 दिसंबर 2025 को वर्चुअली आयोजित की गई। कमेटी में निम्नलिखित सदस्य शामिल हैं: नंदन बल - चेयरमैन, बलराम सिंह, मुस्तफा घोस सिलेक्शन मीटिंग में भारतीय डेविस कप टीम के कप्तान रोहित राजपाल, कोच आशुतोष सिंह, और एआईटीए के महासचिव अनिल धूपर भी मौजूद थे। रैंकिंग, उपलब्धता और प्रदर्शन के आधार पर, निम्नलिखित खिलाड़ियों का चयन किया गया: सुमित नागल, करण सिंह, दक्षिणेश्वर सुरेश, यूकी भांबरी, ऋत्विक बोलिपल्ली, आर्यन शाह (रिजर्व), अनिरुद्ध चंद्रशेखर (रिजर्व), दिग्विजय प्रताप सिंह (रिजर्व) इस टाई के लिए टीम के कप्तान रोहित राजपाल होंगे और आशुतोष सिंह टीम के कोच होंगे।

## चोटिल जोफ्रा आर्चर हुए ऐशेज से बाहर

**मेलबर्न, वार्ता।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर साइड स्ट्रेन के कारण ऐशेज के शेष आखिरी दो टेस्ट मैचों से बाहर हो गए हैं, उनकी जगह गस एटकिंसन को टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा खराब फार्म में चल रहे ऑली पोप को भी टीम से बाहर कर दिया गया है और उनकी जगह जैकब बेथेल को टीम में जगह दी गई है। आर्चर ने जुलाई में चार साल से जयादा समय बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी की थी। इससे पहले वह कोहनी और पीठ की समस्याओं से जूझ रहे थे। ऑस्ट्रेलिया में इस सीरीज में वह यकीनन इंग्लैंड के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे हैं, जहां उन्होंने नौ विकेट लिए और निचले क्रम में उपयोगी रन भी बनाए।

## टाटा ओपन में होगी 2 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि

**जमशेदपुर, वार्ता।** टाटा स्टील ग्रुप और प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) ने टाटा ओपन गोल्फ टूर्नामेंट की घोषणा की है जो 25 से 28 दिसंबर, 2025 तक जमशेदपुर में आयोजित किया जाएगा। यह चार दिवसीय टूर्नामेंट जमशेदपुर के बेल्डीह और गोलमुरी गोल्फ कोर्स में आयोजित किया जाएगा। इस इवेंट में 2 करोड़ रुपये का प्राइज पर्स है और यह 2025 पीजीटीआई सीजन का आखिरी चरण है।

इस टूर्नामेंट में 126 प्रोफेशनल खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। यह इवेंट स्ट्रोक-प्ले फॉर्मेट में खेला जाएगा जिसमें 18 होल के चार राउंड होंगे। टॉप 50 खिलाड़ी और टाई वाले खिलाड़ी दो राउंड के बाद कट में जगह बनाएंगे। टाटा ओपन दुनिया के उन दुर्लभ इवेंट्स में से एक है जो दो जगहों पर खेला जाता है।

# शेफाली ने टी-20 में तीसरे सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीते



● शेफाली वर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी-20 में शानदार प्रदर्शन किया, 34 गेदों में 69 रन बनाकर भारत को सात विकेट से बड़ी जीत दिलाई

**विशाखापत्तनम, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की ओपनिंग बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी20 में शानदार प्रदर्शन किया, सिर्फ 34 गेंदों पर नाबाद 69 रन बनाकर भारत को सात विकेट से बड़ी जीत दिलाई। शेफाली की विस्फोटक पारी, जिसमें 11 चौके और एक छक्का शामिल था, ने न सिर्फ जीत पक्की की बल्कि उन्हें टी20 में अर्द्धशतक बनाने वाली सबसे कम उम्र की महिला क्रिकेटर के तौर पर रिकॉर्ड बुक में भी जगह दिलाई। इस पारी के साथ, शेफाली ने 12 टी20 अर्द्धशतक भी पूरे किए, जो 21 साल की उम्र में किसी भी महिला क्रिकेटर द्वारा सबसे जयादा हैं।

वेस्टइंडीज की स्टेफनी टेलर और आयरलैंड की गैबी लुईस संयुक्त रूप से 10-10 अर्द्धशतकों के साथ इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर हैं, जबकि भारत की जेमिमा रोड्रिग्स सातवें स्थान पर हैं। शेफाली अब तक 92 टी20 मैच खेल चुकी हैं, जिसमें उन्होंने 26-73 की औसत से 2,299 रन बनाए हैं, जिससे सबसे छोटे फॉर्मेट में भारत की सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से एक के रूप में उनकी प्रतिष्ठा और मजबूत हुई है। इस मैच जिताऊ प्रदर्शन के लिए इस दाएं हाथ की बल्लेबाज को सही मायनों में 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया, जिससे उन्हें टी20 इंटरनेशनल में यह आठवां अवॉर्ड मिला। इसके साथ, वह मिताली राज और हरमनप्रीत कौर के बाद इस फॉर्मेट में सबसे जयादा प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने वाली तीसरी भारतीय महिला क्रिकेटर बन गईं।

# विराट कोहली लिस्ट 'ए' में 16000 रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने



● विराट कोहली ने आंध्र प्रदेश के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली लिस्ट ए क्रिकेट में 16 हजार रन पूरे करने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए है। उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी टूर्नामेंट में बुधवार को आंध्र प्रदेश के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। वह सचिन तेंदुलकर के बाद यह कारनामा करने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज हैं। कोहली ने इस मैच से पहले तक 342 लिस्ट ए मैचों में 57-34 की शानदार औसत से 15,999 रन बनाए हैं, जिसमें 57 शतक और 84 अर्द्धशतक शामिल हैं। उन्होंने अपनी पारी का पहला रन बनाने के साथ ही यह उपलब्धि हासिल कर ली। कोहली ने आज यहां आंध्र प्रदेश के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी मैच में 16 हजार रन बनाने की उपलब्धि हासिल करने के साथ क्रिकेट इतिहास में यह कारनामा करने वाले नौवें बल्लेबाज बन गए है। कोहली लगभग 15 साल बाद 2025-26 सीजन में भारत के प्रमुख घरेलू 50 ओवर के टूर्नामेंट में वापसी कर रहे हैं। वह ऋषभ पंत की कप्तानी में खेल रहे है।

## कोहली का शतक, दिल्ली ने आंध्र को चार विकेट से हराया

**बेंगलुरु, वार्ता।** सिमरजीत सिंह (पांच विकेट) और प्रिंस यादव (तीन विकेट) के बाद विराट कोहली (131) की शतकीय, प्रियांश आर्य (74) और नीतीश राणा (77) की अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत दिल्ली ने बुधवार को विजय हजारे ट्रॉफी 2025 के एलीट ग्रुप डी मुकाबले में आंध्र प्रदेश को 74 गेंदे शेष रहते चार विकेट से हरा दिया। 299 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली ने 37.4 ओवर में छह विकेट पर 300 रन बनाकर मुक. ाबला चार विकेट से जीत लिया। दिल्ली की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहले ही ओवर में नीतीश कुमार रेड्डी ने अर्पित राणा को बिना खाता खोले ही पवेलियन भेज दिया।

# विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड ने भारत के लिए टी-20, वनडे टीम की घोषणा की

**वेलिंगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड ने भारत के आगामी सफेद गेंद दौरे के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। इन सीरीजों के लिए न्यूजीलैंड ने चोट से वापसी कर रहे मिचेल सेंटनर टी-20 टीम का कप्तान, जबकि माइकल ब्रेसवेल को एकदिवसीय सीरीज में अगुवाई की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार तीन एकदिवसीय मैचों के बाद होने वाली पांच मैचों की अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैचों की सीरीज को सात फरवरी से भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 से पहले एक जरूरी तैयारी के तौर पर देखा जा रहा है। टीम में क्लार्क एक और अनकैप्ड खिलाड़ी हैं। जैकब डफी, रचिन रवींद्र, केन विलियमसन, विल ओ' रूर्के और ब्लेयर टिकनर जैसे कई फंटलाइन खिलाड़ियों को चोट और वर्कलोड प्रबंधन के कारण आराम दिया गया हैं। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने इस दौरे के महत्व पर बल देते हुए कहा है कि कैसे भारतीय हालात का अनुभव न्यूजीलैंड के विश्वकप के लक्ष्यों के लिए निर्णायक साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि उपमहाद्वीप में खेलना जाहिर तौर पर न्यूजीलैंड में खेलने के आदी होने से बहुत अलग है, इसलिए हमें अपने खिलाड़ियों को उन हालातों में खेलने का कोई भी मौका मिल सकता है, खासकर उपमहाद्वीप में टी-20 विश्वकप से पहले।

**भारत के खिलाफ टी-२० टीम:**- मिचेल सेंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, जैक फाउल्केस, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, बेवोन जैकब्स, डेरिल मिचेल, जेम्स नीशम, फिलिप्स, रचिन, रॉबिन्सन व ईश सोढ़ी।

जैमीसन ठीक होने के बाद दोनों प्रारूपों में खेलेंगे। बेवॉन जैकब्स और टिम रॉबिन्सन जैसे उभरते हुए खिलाड़ियों को घरेलू और हाल के अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिला है।

# रोहित शर्मा ने लगाया आतिशी शतक



● रोहित शर्मा की 155 रनों की पारी बदौलत मुंबई ने सिक्किम को 8 विकेट से हराया

**जयपुर, वार्ता।** रोहित शर्मा (155) की आतिशी शतकीय पारी की बदौलत मुंबई ने बुधवार को विजय हजारे टूर्नामेंट एलीट ग्रुप सी मुकाबले में सिक्किम को 117 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। रोहित शर्मा को उनकी शानदार पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। 237 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतर मुंबई के लिए अंगकृष रघुवंशी और रोहित शर्मा की जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए पहले विकेट के लिए 141 रन जोड़े। मुम्बई का पहला विकेट अंगकृष रघुवंशी (38) के रूप में गिरा। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके लगाये। रोहित शर्मा ने आतिशी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए शतकीय पारी खेली। उन्होंने 94 गेंदों में 18 चौके और नौ छक्के उड़ाते हुए 155 रनों की मैच विजयी पारी खेली। वह 30वें ओवर में दूसरे विकेट के रूप में आउट हुए। उन्हें क्रांति कुमार ने आउट किया। मुंबई ने 30-3 ओवर में दो विकेट पर 237 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। मुशीर खान (27) और सरफराज खान (आठ) रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर सिक्किम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 236 का स्कोर खड़ा किया। आशीष थापा ने सिक्किम के लिए सर्वाधिक 79 रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में आठ चौके भी लगाये। के साई सत्विक ने (34), क्रांति कुमार (34), रॉबिन लिम्बो (नाबाद 31), गुलरदर सिंह और पलजोर तमांग ने 10 रनों का योगदान दिया। मुंबई के लिए शार्दुल ठाकुर ने छह ओवर में 19 रन देकर दो विकेट झटके। तुषार देशपांडे, तनुष, शम्स मुलानी और मुशीर खान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# इशान किशन लिस्ट 'ए' में शतक लगाने वाले दूसरे सबसे तेज भारतीय बल्लेबाज बने

**अहमदाबाद, वार्ता।** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉघी के फाइनल में पिछले हघ्ते झारखंड की तरफ से बेहतरीन शतकीय पारी खेलने वाले इशान किशन ने विजय हजारे ट्रॉफी के पहले मैच में अहमदाबाद में कर्नाटक के खिलाफ सिर्फ 33 गेंदों में ही शतक लगा दिया। किशन अब लिस्ट-ए में शतक लगाने वाले दूसरे सबसे तेज भारतीय और विश्व में जेक फ्रेजर-मक्गर्क, एबी डिविलियर्स और सकीबुल गनी के बाद चौथे सबसे तेज बल्लेबाज़ बन गए हैं। किशन के शतक से ठीक पहले बिहार के सकीबुल गनी ने सिर्फ 32 गेंदों में शतक लगाया था और लिस्ट-ए में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बने थे। इसकी बदौलत बिहार ने रांची में प्लेट ग्रुप के मुकाबले में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 574 रनों का विश्व रिकॉर्ड स्कोर बना दिया। उससे पहले बिहार के लिए उसी मैच में वैभव सूर्यवंशी ने सिर्फ 36 गेंदों में अपना शतक पूरा किया था और 84 गेंदों में 190 रनों की पारी खेली थी। इस दौरान वैभव लिस्ट-ए में शतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बनने के अलावा सबसे तेज 150 (59 गेंद) बनाने वाले बल्लेबाज भी बने। एक ही दिन में भारतीय बल्लेबाजों की तरफ से दो अलग जगहों पर तीन सबसे तेज लिस्ट-ए शतक का रिकॉर्ड देखने को मिला।

न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज और टी20 विश्व कप 2026 के लिए भारतीय टीम में वापसी करने वाले किशन ने अपनी पारी में सात चौके और 14 छक्के लगाए। उनके 39 गेंदों में बनाए गए 125 रनों की मदद से झारखंड ने कर्नाटक के खिलाफ 412 रनों का पहाड़ खड़ा कर दिया।

# पूरन की तूफानी पारी से एमआई एमिरेट्स ने प्लेऑफ में जगह पक्की की

● निकोलस पूरन ने 69 और मुहम्मद वसीम 59 रनों की तीसरे विकेट के लिए साझेदारी जीत में अहम रही

**अबू धाबी, वार्ता।** एमआई एमिरेट्स ने अबू धाबी में गल्फ जायंट्स को आसानी से हराकर आईएलटी-20 के प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लिया। सामूहिक गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद निकोलस पूरन (69') और मुहम्मद वसीम (59') की तीसरे विकेट के लिए नाबाद 140 रन की साझेदारी एमआई एमिरेट्स की जीत में अहम रही।

इस बीच, जायंट्स का खराब प्रदर्शन जारी है, उन्होंने अपने पिछले सात में से छह मैच गंवा दिए हैं और प्लेऑफ में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने के लिए उन्हें अबू धाबी नाइट राइडर्स को हराना होगा। जब जायंट्स पहले बल्लेबाजी करने उतरे, तो गुरबाज ने एक बड़े छक्के और चौके के साथ शुरुआत की, लेकिन वह क्रीज पर जयादा देर नहीं टिक पाए और तीसरे ओवर में फजलहक फारूकी ने उन्हें आउट कर दिया। इसी बीच, जायंट्स ने कप्तान जेम्स लवस को भी रोमारियो शेफर्ड के हाथों गंवा दिया और वे 16 रन पर 2 विकेट गंवाकर मुश्किल में आ गए। दो से तीन विकेट हो गए, जब आसिफ खान, जिन्होंने एक छक्के और एक चौके के साथ जवाबी हमला करने की झलक दिखाई थी, शेफर्ड का शिकार हो गए और जायंट्स ने पावरप्ले में 36 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। यही हाल लोर्कन टकर का भी रहा, जिन्होंने दो चौके लगाने के बाद अरब गुल मोमंद के हाथों अपना विकेट गंवा दिया। नियमित विकेट गिरने का मतलब यह भी था कि जायंट्स बीच के ओवरों में खुलकर नहीं खेल पाए और 7वें से 15वें ओवर के बीच सिर्फ 55 रन बना पाए। इसके बाद मोईन अली और काइल मेयर्स ने आखिरी पांच ओवरों में एमआई एमिरेट्स के गेंदबाजों पर हमला बोला। दोनों बाएं हाथ के बल्लेबाजों ने एएम गजनफर के ओवर में 15 रन बनाए और फिर शेफर्ड को दो चौके और एक छक्का जड़ा। मोईन ने 45 गेंदों में अपना अर्द्धशतक पूरा किया - एक धीमी पारी, लेकिन जिसने जायंट्स को 141 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। गेंदबाजी में, जायंट्स ने शुरुआत से ही अच्छी गेंदबाजी की। आयरिश खिलाड़ी मार्क अडायर ने जॉनी बेयरस्टो को बिना खाता खोले पगबाधा आउट कर दिया और बल्लेबाज पवेलियन लौट गए, लेकिन बॉल-ट्रैकिंग से पता चला कि गेंद स्टंप्स के ऊपर से जा रही थी। अगले ओवर में उमरज़ई ने दूसरे इंग्लिश खिलाड़ी टॉम बैंटन को आउट कर दिया।

# टेनिस स्टार वीनस लिलियम्स ने एंड्रिया से शादी की

वीनस विलियम्स और एक्टर एंड्रिया प्रेटी पहली बार 2024 में मिलान फैशन वीक में मिल थे



**फ्लोरिडा, वार्ता।** टेनिस लेजेंड वीनस विलियम्स और एक्टर एंड्रिया प्रेटी पहली बार 2024 में मिलान फैशन वीक में मिले थे, एक ऐसा इवेंट जिसमें दोनों में से किसी ने भी जाने का प्लान नहीं बनाया था। वीनस याद करते हुए कहती हैं, हम गुच्ची शो में मिले थे। वोग के अनुसार, एंड्रिया ने एक एपेरिटिवो के दौरान उनसे बात की, जिससे बातचीत शुरू हुई और फिर व्हाट्सएप पर बातचीत हुई और उनके परिवार के साथ लंदन में मुलाकात हुई। मैं अपनी बहनों के साथ लेक कोमो में ट्रिप पर थी जब मुझे आखिरी मिनट में इनवाइट मिला और मैंने अचानक जाने का फैसला किया, और एंड्रिया थके हुए थे। हम दोनों में से कोई भी वहां जाने का प्लान नहीं बना रहा था। वोग के हवाले से, वीनस कहती हैं कि लंदन में हमारी डेट्स के बाद, मुझे बस पता था कि मैं उससे शादी करने वाली हूं। मिलने के दस दिन बाद, वीनस को एडेनोमायोमा का पता चला। एंड्रिया ने इटली में कंसल्टेशन और सर्जरी के दौरान उनका साथ दिया। छह महीने बाद, 31 जनवरी, 2025 को टस्कनी में उनकी सगाई हुई, जिसमें एंड्रिया ने थर्मल पूल में एक रोमांटिक दिन के बाद प्रपोज किया। वीनस याद करते हुए कहती हैं, मैं खुशी से उछलना और हंसना बंद नहीं कर पा रही थी।

उनकी पहली शादी 18 सितंबर को इस्चिया, इटली में हुई, जिसके बाद वीनस की फ्लोरिडा की जड़ों का सम्मान करने के लिए पाम बीच में दूसरा समारोह हुआ। हफ्ते भर चले सेलिब्रेशन में यॉट पार्टी, पूल पार्टी, स्पोर्ट्स इवेंट और परिवार और दोस्तों के साथ डिनर शामिल थे। वीनस कहती हैं कि हमें हर दिन अपने घर में लोगों का स्वागत करना पसंद है। वोग के अनुसार, कपल ने शुक्रवार सुबह एक प्राइवेट कोर्टहाउस सेरेमनी की, जिसे उन्होंने सुंदर, शांत, पवित्र, रोमांचक और शानदार बताया। वीनस ने मोरिली न्यूयॉर्क की ड्रेस पहनी थी, जबकि एंड्रिया अपनी मां के साथ जैक्सन 5 के आई विल बी देयर गाने पर बाहर आए। रिसेप्शन में दिल को छू लेने वाली कसमें, फ्लेमिंगोस के आई ओनली हैव आइज फॉर यू पर पहला डांस और देर रात आफ्टर-पार्टी शामिल थी। वीनस आखिर में कहती हैं, यह सबसे खुशी का, सबसे सुंदर, सबसे प्यारा दिन था।

# दिनदहाड़े पुलिस अभिरक्षा में बदमाश पर बरसाई गोली

## लक्सर फ्लाईओवर पर हुई वारदात, कुख्यात बदमाश विनय त्यागी फायरिंग में गंभीर, दो पुलिसकर्मी भी घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की/ लक्सर।** लक्सर क्षेत्र में बुधवार को दिन दहाडे भीड भाड के बीच फलाईओवर पर दो बाईक सवार अज्ञात बदमाशों ने पुलिस अभिरक्षा में ले जाये जा रहे एक कुख्यात बदमाश पर गोलिया बरसाई जिसमें गोली लगने से जहां बदमाश विनय त्यागी गंभीर घायल हो गया तो उसे पेशी पर ले जा रहे दो पुलिसकर्मी भी घायल हो गये। मोके पर पहुंची पुलिस ने घायल बदमाश को गेंभीर हालात होने पर हायर सैंटर रेफर कर दिया तो घायल पुलिसकर्मियों को रूडकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। दिन दहाडे भीडभाड के बीच हुई इस वारदात से बाजार में जहां भगदड मच गयी तो लोगों में दहशत फैल गयी।

जानकारी के मुताबिक, यह वारदात लक्सर फ्लाईओवर के पास हुई। विनय त्यागी को पुलिस अभिरक्षा में रुड़की उप कारागार से लक्सर न्यायालय में पेशी के लिए लाया जा रहा था। जैसे ही वे फ्लाईओवर के पास पहुंचे, घात लगाकर बैठे हमलावरों ने फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगने से विनय त्यागी लहूलुहान होकर गिर पड़ा। बीच-बचाव और जवाबी कार्रवाई की कोशिश में दो पुलिस कांस्टेबल भी चोटिल हुए हैं। बदमाशों ने हमला चुपचाप इस तरह घात लगाकर किया किकानों खान किसी को पता भी नहीं चल पाया और सटीक निशाने से बदमाशों



ने कुख्यात पर गोलियां बरसा दी।

कुख्यात बदमाश विनय त्यागी की घ्हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वह उक्त हमले में घायल पुलिस कर्मियों ने आनन-फानन में घायल विनय त्यागी को स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर (ऋषिकेश

❖रुड़की कारागार से लक्सर एसीजेएम कोर्ट में ले जाया जा रहा था कुख्यात बदमाश को

❖दिन दहाड़े वारदात से क्षेत्र के लोगों में दहशत, पुलिस ने जनपद की नाकेबंदी कर चलाया चेकिंग अभियान

एम्स या जौलीग्रांट) के लिए रेफर कर दिया है। बताया जा रहा है कि विनय को गंभीर चोटें आई हैं और उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। वही वारदात की सूचना पर एसपी देहात व एसएसपी खुद मौके पर पहुंचे और एसएसपी ने पूरे जिले में पुलिस फोर्स को नाकेबंदी कर आरोपियों को दबोचने के निर्देश दिए पूरे जनपद में बॉर्डर पर नाकेबंदी का चेकिंग अभियान चल रहा है।

एसएसपी का दावा है कि जल्द हीआरोपी बदमाशों को दावत लिया जाएगा। गैंगवार की आशंका, जिले में नाकेबंदी घदिनदहाड़े हुई इस फायरिंग से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया है। : पुलिस ने लक्सर सहित जिले के सभी बॉर्डर सील कर दिए हैं और हमलावरों की तलाश में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। घ्गैंगवार का अंदेशा: विनय त्यागी का संबंध सुनील राठी गैंग से होने के कारण पुलिस इसे आपसी रंजिश या गैंगवार से जोड़कर देख रही है।

### फाइनेंसकर्मी को पीटा, बाइक तोड़ी

**रूडकी।** परिचित को अपशब्द बोलने वाले युवक का विरोध करना फाइनेंस कर्मी को महंगा पड़ गया। आरोप है कि पास के ही एक ऑफिस में काम करने वाले युवक ने अपने अन्य साथियों को बुलाकर मारपीट की। आरोपी युवक के पीछे चाकू लेकर भी दौड़े। किसी तरह हमलावरों से बचकर वह अपने ऑफिस के अंदर घुस गया। पूरी वारदात घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस को पीड़ित ने तहरीर देकर हमलावरों पर कार्रवाई की मांग की है।गंगनहर कोतवाली को मखदुमपुर मंगलौर हाल अंबर तालाब निवासी मोहित सहगल ने बताया कि वह क्षेत्र स्थित एक फाइनेंस ब्रांच में काम करता है। बुधवार सुबह 11 बजे वह अपने ऑफिस के नीचे खड़ा था। वहां उन्होंने अपने एक परिचित सूरज को आवाज लगाकर अपने पास बुलाया था। तभी वहां पर बराबर के ऑफिस के एक कर्मी ने सूरज को आवाज लगाने पर उसे अपशब्द बोले थे। इसका उन्होंने विरोध किया था। आरोप है कि पड़ोस के ऑफिस में काम करने वाले कर्मी ने उनके साथ गाली-गलौज कर अंजाम भुगतने की धमकी दी। इसके कुछ देर बाद मुख्यारोपी ने तीन-चार साथियों को मौके पर बुला लिया।

# झबरेड़ा के बाजार में अतिक्रमण पर नहीं चला पुलिस का डंडा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** नगर पंचायत झबरेड़ा के मुख्य बाजार में दुकानदारों द्वारा किया गया अतिक्रमण हटने का नाम नहीं ले रहा है। जबकि कुछ दिन पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष व कस्बे के दुकानदारों द्वारा बैठक कर सहमति बनी थी कि दुकानों के आगे सड़क पर 3:15 फुट पर निशान देही करने के बाद उसके आगे दुकानदार अपना सामान नहीं रखेंगे।

नगर पंचायत झबरेड़ा अधि शासी अधिकारी हर्षवर्धन रावत द्वारा कस्बे के मुख्य बाजार में दुकानों के आगे बने नाले से सवा तीन फुट आगे पेंट से पट्टी खींचकर निशान लगा दिए गए थे। कुछ समय पूर्व नगर पंचायत झबरेडा अध्यक्ष किरण चौधरी व कस्बे के गण मान्य व्यक्तियों तथा दुकानदारों की एक बैठक नगर पंचायत में हुई थी जिसमें तय किया गया था कि कस्बे के मुख्य बाजार व बस अड्डा अमर जवान चौक के पास अतिक्रमण को हटाया जाएगा। इसमें सब की सहमति से तय हुआ था कि मुख्य बाजार में सड़क के दोनों और बने नाले से सवा तीन फुट आगे नगर पंचायत द्वारा पक्के पैंट से निशान लगा दिया जाएगा। उसके आगे कोई भी दुकानदार अपना सामान नहीं रखेगा। दुकानदार द्वारा निशान से आगे सामान रखने पर ₹5000 का चालान काटा जाएगा। इसके बावजूद भी कस्बे के मुख्य बाजार तथा अमर जवान चौक के पास से अतिक्रमण हटने का नाम नहीं ले रहा है। दुकानदारों की मनमर्जी के चलते नगर पंचायत के द्वारा लगाये गये निशान से आगे दुकानदारों द्वारा अपना सामान रखकर अतिक्रमण को बढ़ावा दिया जा रहा है। नगर पंचायत झबरेड़ा अधिशासी अधिकारी हर्षवर्धन रावत का कहना है कि जिस दुकानदार द्वारा लगाए गए निशान से आगे सामान रखा हुआ मिलेगा उस पर 5000 का जुर्माना लगाते हुए चालान काटकर कार्रवाई की जाएगी।

# वारदात के बाद आसानी से फरार हुए बदमाश

## फलाईओवर पर पैदल भाग रहे बदमाशों पर गोली न चलाने से पुलिस कार्यशैली पर भी उठ रहे सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** दिनदहाड़े पुलिस अभिरक्षा में कुख्यात बदमाश पर गोलियां बरसाने वाले बदमाश फ्लाईओवर पर भीड़भाड़ होने के बावजूद भी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सके और आसानी से कुछ दूर पैदल दौड कर भीड को धमकाते हुए बाइक पर सवार होकर आसानी से फरार होने में कामयाब रहे। लेकिन पुलिसकर्मीयों के बदमाशों पर गोली न चलाने से भी पुलिस की कार्यशैली पर सवार खडे हो रहे हैं अगर पुलिसकर्मी इस भीडभाड के बीच थोडा भी साहस जुटाते तो शायद जनता के साथ मिलकर बदमाशों को दबोचा जा सकता है। भले ही बाद में पुलिस के आला अधि



कारी दावा कर रहे हैं कि पूरे जनपद में चेकिंग अभियान चलाकर जल्द ही आरोपी बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा

बुधवार को जिस तरह से दिनदहाड़े लक्सर फ्लावर पर यह वारदता हुई वहां उस वक्त भी जाम की स्थिति थी। फ्लाईओवर पर जहां वाहनों का जमावड़ा था दुपहिया चौपाइयां वाहनों की कतार लगी थी तो फ्लावर के नीचे भी भारी भीड़ थी लेकिन बदमाशों ने जिस तरह से दुस्साहस को परिचय दिखाते हुए पुलिस अभिरक्षा में ही पेशी पर ले जाते समय कुख्यात बदमाश को मारने की योजना बनायी यह एक प्रीप्लान वारदता को अंजाम देने की योजना दिखाई दे रही है क्योंकि रूडकी से लक्सर तक काफी खाली जगह थी लेकिन बदमाशों ने लक्सर के भीडभाड वाले फलाईओवर को ही चुना ओर फिर अपने मकसद में कामया होते भी दिख रहे हैं जिस तरह से बदमाशों ने जाम के बहाने पुलिस कर्मियों को भी वाहन से बाहर निकलने को मजबूर किया ओर फिर कुख्यात पर गोलियां बरसाकर वारदता को अंजाम दिया फिर मरा समझकर ही जिस तरह से वे आसानी से फलाई ओवर पर भीड को धमकाते हुए पैदल ही कुछ दूर दौडते हुए फिर बाद में बाईक पर सवार होकर आसानी से निकल गये उससे पुलिस की कार्यशैली पर भी सवार खडे हो रहे हैं जिस तरह बदमाश आसानी से सीसीटीवी की वीडियो में भागते हुए दिखाइ दे रहे हैं इस तरह अगर पुलिसकर्मी थोडी भी हिम्मतद दिखाते बदमाशों पर गोली चलाते तो शायद बदमाश घिर सकते थे क्योंकि फलाईओवर व उसके नीचे भारी भीड थी और यहा से कुछ दूर पर ही अन्य प्वाइंटों पर भी पुलिस की डयूटी रहती है। लेकिन जब पुलिस ने हिम्मत नहीं दिखाई तो आम जनता कैसे हिम्मत दिखाती पुलिस के ढीलेपन का ही फायदा उठाकर बदमाश आसानी से फरार होने में कामयाब रहे।

# बीएसएम में उत्साह से मनाया इंद्रमणि बडोनी का जन्मदिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीएसएम इंटर कॉलेज रुड़की में स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी का जन्म दिवस बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बीएसएम शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष ममतेश कुमार शर्मा एडवोकेट वरिष्ठ भाजपा नेता और बीएसएम शिक्षण संस्थान के सचिव रजनीश कुमार शर्मा एडवोकेट वरिष्ठ भाजपा नेता उपस्थित रहे मुख्य अतिथियों ने छात्रों को संबोधि त करते हुए कहा कि स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी जी 1994 के राज्य आंदोलन के सूत्रधार रहे वे देवभूमि के संस्कारों के अग्रदूत व पहाड़ के सच्चे हितेषी थे पर्वतीय क्षेत्र के विकास के लिए उनकी स्पष्ट सोच एवं राज्य निर्माण के संघर्ष में उनके योगदान को कभी बुलाया नहीं जा सकता उन्होंने 1988 में 105 दिन की ऐतिहासिक पदयात्रा निकाली थी और उन्होंने उत्तराखंड क्रांति दल का गठन किया और आजीवन उसके सदस्य रहे स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी जी का जन्म 24 दिसंबर 1925 को टिहरी गढ़वाल रियासत के अखोडी गांव में हुआ था इनकी माता का नाम कुलदी देवी और पिताजी का नाम सुरेशानंद था मुख्य अतिथियों ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी जी को अपनी सच्ची श्रद्धांजलि देनी चाहिए और उनके सत्य और अहिंसा के बताए मार्ग पर चलना चाहिए की किस प्रकार उन्होंने उत्तराखंड राज्य को अलग करने के लिए अपना जीवन न्योछावर कर दिया उनका निधन 18 अगस्त 1999 को हुआ था मुख्य अतिथियों ने छात्रों को



अपना शुभ आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक जी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी राज्य आंदोलन के जननायक और सूत्रधार थे पर्वतीय क्षेत्र के विकास के लिए उनकी स्पष्ट सोच और पहाड़ के प्रति उनके लगाओ को कभी बुलाया नहीं जा सकता उनके अच्छे कार्यों के लिए ही उन्हें उत्तराखंड का गांधी कहा जाता है। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि हमें स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके द्वारा किए गए कार्यों के लिए हमेशा याद रखना चाहिए प्रधानाचार्य जी ने छात्रों को अपना आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की बीएसएम इंटर कॉलेज रुड़की की एनएसएस इकाई ने भी स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी का जन्म दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया। एनएसएस के छात्रों ने स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी जी के चित्र पर माल्यार्पण किया साथ में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी जितेश कुमार जी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य अमित कपिल डॉक्टर उद्यन राजपूत अखिलेश मोहन नीरज वर्मा विनय वर्मा मोहित पवन कपिल विशेष प्रमोद शर्मा संगीता गौड उपस्थित रहे कार्यक्रम का सफल मंच संचालन विशाल कुमार शर्मा ने किया।

## ट्रक चालक हुई नियत खराब, हड़प लिया 5.80 लाख का माल

# पुलिस ने चालक व सहयोगी को माल सहित कर लिया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** पुलिस ने माल ढुलाई के नाम पर किए गए एक बड़े विश्वासघात का खुलासा करते हुए ₹5.80 लाख कीमत के प्लास्टिक पाइप हड़पने वाले ट्रक चालक और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की सतर्कता और तेज कार्रवाई से न केवल मुकदमाती माल बरामद हुआ, बल्कि अपराध की पूरी साजिश भी बेनकाब हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार वादी जुलफान पुत्र इमरान, निवासी ग्राम बढ़ेड़ी बुजुर्ग, थाना भगवानपुर ने थाना भगवानपुर में लिखित तहरीर दी कि दिनांक 25 नवंबर 2025 को उन्होंने वाहन संख्या ज्ञ।-06 ।ब-1079 के चालक कमर पुत्र मेहंदी हसन को प्लास्टिक फिटिंग पाइप से भरा ट्रक बहराइच के लिए रवाना किया था। माल की कुल कीमत ₹5,80,947 थी, लेकिन चालक ने तय स्थान पर माल न पहुंचाकर विश्वासघात किया। शिकायत के आधार पर थाना भगवानपुर में मु0अ0सं0 439/25 धारा 316(2) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी हरिद्वार के निर्देश पर एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने गहन सुरागरसी और पतारसी करते हुए ट्रक चालक कमर पुत्र मेहंदी हसन, निवासी सम्भलहेड़ी, थाना मीरपुर, मुजफ्फरनगर व उसके सहयोगी प्रियंक गुप्ता पुत्र जयप्रकाश, निवासी शीशमहल, थाना देहली गेट, मेरठ को मुकदमाती माल के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों आरोपियों की साजिश सामने आने पर अभियोग में धारा की बढ़ोतरी की गई।

# स्कूली बच्चों को ट्रैक सूट व भोजन माताओं को गर्म स्वेटर बांटे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।**राजकीय प्राथमिक विद्यालय नं-1 में आज सूर्य मोहन सैनी (सेवानिवृत शोधपर्यवेक्षक) सिंचाई विभाग अनुसंधान संस्थान, रूडकी ने 76 स्कूली बच्चों को ट्रैक सूट तथा भोजन माताओं को गर्म स्वेटर वितरित किए गए। ट्रैक सूट पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।

जानकारी के अनुसार इस मौके पर प्रधानाध्यापक जितेन्द्र कुमार चौधरी ने सलेमपुर राजपुताना, रूड़की निवासी सूर्य मोहन सैनी का आभार व्यक्त किये।इस अवसर पर सूर्य मोहन सैनी के परिवार के अन्य सदस्य नीलम सैनी ,अनीता सैनी कुनाल सैनी,चित्रा, मिश्री ,महेन्द्र सिंह सैनी (पूर्व प्रधान सलेमपुर राजपुताना, दिव्या सैनी,रजनेश सैनी समेत विद्यालय स्टॉफ मौजूद रहा।

# अंकित भंडारी प्रकरण: रुड़की व लक्सर में कांग्रेसियों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी/लक्सर।** अंकित भंडारी प्रकरण को लेकर रूडकी व लक्सर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए सरकार का पुतला फूंका।

अंकिता भंडारी कांड की सीबीआई जांच हाई कोर्ट के जज की निगरानी में करने की मांग करते हुए महानगर जिला अध्यक्ष रुड़की राजेंद्र चौधरी एडवोकेट एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेतगण ने रुड़की चन्द्र शेखर चौंक पर पहुंच कर पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री राव शेर मोहम्मद



सादात मसूद रुड़की प्रभारी तेल राम प्रधान जी रूप सिंह चौधरी जतिन हांडा डॉक्टर सुरेंद्रसिंह प्रजापति डॉक्टर हरमिंदर सिंह पूर्व पार्षद संजय गुड्डू मुफैत अजय चौधरी मोहित त्यागी अली सुधीर चौधरी नीरज अग्रवाल सुशील कश्यप ओमवीर सिंह मलिक डॉक्टर अतौर रहमान जाकिर हुसैन जसविंदर सिंह जस्सी एडवोकेट विशाल सहगल मदनपाल सिंह भडाना पंकज सोनकर राव प्रवेश खान राव शब्बू नासिर अली मोहित त्यागी सुधीर चौधरी रिजवान अहमद हेमेंद्र चौधरी गौरव प्रधान पूर्व मेयर प्रत्याशी पूजा गुप्ता सलमान अहमद

प्रदीप दरिया अमर पालीवाल कमल मित्तल उम्मीद गाजी नवीन जैनसुभाष शर्मा गुलफाम गुल्लू प्रधान गौरव प्रधान पंकज त्यागी अजय कुमार आदि मौजूद रहे

**वही दूसरी ओर हरिद्वार ग्रामीण कांग्रेस जिला अध्यक्ष** बालेश्वर सिंह ने कहा कि आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एस आई आर को लेकर एक महत्वपूर्ण मीटिंग की गई है जिसमें बी एल ओ 1 बी एल ओ 2 बनाए गए हैं उन्होंने कहा जिस तरह से राज्य सरकार तरह-तरह के काम करके चुनाव जीत रही है। उन्होंने कहा कि अंकिता भंडारी मामले में सोशल मीडिया के द्वारा जानकारी मिली है यह बहुत ही घिनौनी हरकत है इसमें सीबीआई जांच होनी चाहिए और जो भी दोषी हो उसके खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए ।

इस अवसर पर पूर्व विधायक तस्लीम अहमद पूर्व विधायक रामजस पूर्व अध्यक्ष जगदेव सिंह उर्फ जग्गी सनव्वर राजा कमल चौधरी मगन सैनी गुफरान अंसारी अखिल हसन अखलाक अहमद फुरकान अहमद रियासत खान जाबिर हसन ताहिर प्रधान पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मपाल सिंह संदीप चौधरी रफीक अंसारी आदि सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लंढौरा नगर पंचायत ने चलया अतिक्रमण हटाओ अभियान

# कुछ दुकानदारों को दी हिदायत, तो कुछ के चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** नगर पंचायत लंढौरा के अधिकारियों ने कस्बे मे सड़क किनारे दुकान लगाने वालों के खिलाफ अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। कुछ दुकानदारों को हिदायत तो कुछ के खिलाफ जुर्माने की कार्यवाही भी की गई, कार्रवाई के डर से दुकानदारों में हडकंप मचा रहा।

जिलाधिकारी के निर्देश पर बुधवार को नगर पंचायत के अधिकारियों ने कस्बे में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान रुड़की-लक्सर रोड पर ठेली रेहड़ी आदि को पीछे हटवाया गया। साथ ही सड़क पर अतिक्रमण करने वाले कुछ दुकानदारों के चालान भी काटे गए, जिनसे चालान के रूप में 2100 रुपये वसूले गए मालूम हो कि अतिक्रमण के कारण कस्बे में अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। जग जिससे सड़क दुर्घटना होने की आशंका भी बनी रहती है। अतिक्रमण हटाने के दौरान नगर पंचायत अधि कारियों की ठेली रेहड़ी वालो की बहस भी हुई। अधिशासी अधिकारी हेमन्त गुप्ता ने बताया कि कस्बे में किसी भी कीमत पर अतिक्रमण बर्दास्त नही किया



जाएगा। साथ ही उन्होंने दुकानदारों से भी अपील कि वह अपना सामान सड़क पर न निकाले। इस दौरान सफाई निरीक्षक आदेश कुमार , राहुल पाल, राजू ,परवेज, जाबिर आदि मौजूद रहे।

# ज्ञान दीप पब्लिक स्कूल में तुलसी पूजन दिवस व लोक संस्कृति दिवस का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ज्ञान दीप पब्लिक हाई स्कूल में तुलसी पूजन दिवस एवं लोक संस्कृति दिवस के अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं तथा उत्तराखंड की लोक विरासत से जोड़ना रहा।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा तुलसी पूजन के महत्व एवं लोक संस्कृति पर प्रभावशाली भाषण एवं कविताएं प्रस्तुत की गई। बच्चों ने अपने विचारों के माध्यम से भारतीय संस्कृति के संरक्षण का संदेश दिया। वहीं विद्यालय के शिक्षकों द्वारा उत्तराखंड की लोक संस्कृति के अग्रदूत स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी जी के जन्म, जीवन एवं उनके सांस्कृतिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा पंत ने तुलसी पूजन के धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय महत्व को बताया। विद्यालय प्रबंधक श्री वासुदेव पंत ने इंद्रमणि बडोनी जी के जन्मदिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा उत्तराखंड की लोक संस्कृति को पहचान दिलाने के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में



विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं छात्रों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यालय परिवार ने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के संस्कार निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक बताया।कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

# सम्पादकीय

गुरुवार, 25 दिसम्बर 2025

## एक और सफलता

भारत की सुरक्षा अब पहले से और अधिक मजबूत हो गई है। डीआरडीओ ने नेक्स्ट जेनरेशन आकाश-एनजी मिसाइल का सफल यूजर ट्रायल संपन्न कर लिया है। अब इसे भारतीय वायुसेना में शामिल किया जा सकेगा। इसके शामिल होने से भारतीय वायु सेना की ताकत में और इजाफा होगा और वह किसी भी खतरे का मुकाबला करने में सक्षम हो सकेगी। वैज्ञानिकों की इस उपलब्धि पर देशवासियों को प्रसन्ता है और कामना की है वैज्ञानिक आगे चलकर इससे बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। इससे पहले भारतीय वायु सेना दुनिया की चौथी सबसे बड़ी उपलब्धि हासिल कर चुकी है। डीआरडीओ ने ये मिसाइल नेक्स्ट जेनरेशन की मिसाइल प्रणाली के यूजन इवोल्यूशन ट्रायल को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है, जिससे भारतीय सशस्त्र बलों में इसके शामिल होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस प्रणाली ने उच्च गति, कम ऊंचाई और लंबी दूरी के उच्च ऊंचाई वाले लक्ष्यों सहित विभिन्न हवाई खतरों के विरुद्ध उच्च सटीकता का प्रदर्शन किया। स्वदेशी आरएफ सीकर, दोहरी पल्स सॉलिड रॉकेट मोटर और पूरी तरह से स्वदेशी रडार और सी2 प्रणालियों से लैस आकाश-एनजी भारत की वायु रक्षा क्षमता को एक बड़ा बढ़ावा देगी। इस माह की शुरुआत में डीआरडीओ ने लड़ाकू विमानों से बाहर निकलने के लिए विकसित 'एस्केप सिस्टम' का नियंत्रित रफ्तार पर उच्च-गति रॉकेट-स्लेज परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया। इस परीक्षण से भारत उन चुनिंदा देशों की सूची में शामिल हो गया है, जिनके पास उन्नत इन-हाउस एस्केप सिस्टम के पूर्ण परीक्षण की क्षमता उपलब्ध है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रॉकेट-स्लेज परीक्षण में रॉकेट प्रणोदन तंत्र के साथ मिलकर प्रणाली को दो रेलों पर उच्च गति से चलाया जाता है, ताकि हवा में गतिमान विमान का अनुकरण किया जा सके। इस टेस्ट ने साबित कर दिया है कि भारतीय आसमान अब पूरी तरह सुरक्षित है। यह मिसाइल दुश्मन के हर हवाई हमले का जवाब देने के लिए तैयार है। डीआरडीओ के मुताबिक मिसाइल ने सभी मानकों को पूरा किया है। ट्रायल के दौरान इसने हवा में मौजूद टारगेट्स को सटीकता से नष्ट किया। इसने अलग-अलग रेंज और ऊंचाई पर अपने जौहर दिखाए। यह सिस्टम दुश्मन के फाइटर जेट, ड्रोन या मिसाइल को पलक झपकते ही खत्म कर सकता है। यह भारत की एयर डिफेंस क्षमता को कई गुना बढ़ा देगा।

### स्कूल-कॉलेज के कैंपस में हर तरह का नशा उपलब्ध



उप्र में लाखों लोगों को नशे का आदी बनाने वाली कोडीन कफ सिरप धड़ल्ले से बिक रही है, लेकिन राज्य सरकार ना इसकी बिक्री रोक पा रही है और ना ही इस धंधे से जुड़े लोगों को गिरफ्तार कर पा रही है, यूपी में कोडीन कफ सिरप धड़ल्ले से 40-45 रुपये में मिल रही है, इस कफ सिरप से लोग जबरदस्त नशे का शिकार हो रहे हैं, प्रदेश के बच्चे भी इस नशे की लत में आ रहे हैं और उनके परिवार उजड़ रहे हैं, किसी भी तरह का नशा-देश के सामने एक गंभीर समस्या है, जिस पर चर्चा जरूरी है, हालात ऐसे हो गए हैं कि सड़कों से लेकर स्कूल -कॉलेज के कैंपस में बड़ी आसानी से हर तरह का नशा उपलब्ध है, पहले चरस-गांजे, अफीम जैसे नशे की बात होती थी, पर आज कफ सिरप का नशा फैल रहा है।

**-सुप्रिया श्रीनेत, प्रमुख, कांग्रेस सोशल मीडिया**

## सर्दियों में कुछ इस तरह निखारें अपने सौंदर्य को



**शहनाज हुसैन**



पुदीने की भीनी खुशबू और स्वाद से भला कौन परिचित नहीं होगा। पुदीना हर भारतीय रसोई में आपको आसानी से मिल जाएगा। पुदीना न केवल खाने-पीने का स्वाद बढ़ाता है बल्कि आपकी त्वचा को निखारने और बालों को कोमल और मुलायम बनाने में भी सहायक होता है। ठंड के मौसम में त्वचा ड्राई, खुरदरी और कभी-कभी एलर्जिक हो जाती है। पुदीने में मौजूद एंटीबैक्टीरियल और एंटी।इंफ्लेमेटरी गुण त्वचा को शांत करते हैं और खुजली, दानों व जलन में आराम देते हैं। के एंटीऑक्सीडेंट्स रक्त संचार बढ़ाते हैं, फ्री रेडिकल्स से बचाते हैं। पुदीने को लंबे समय से त्वचा की सफाई और जलन कम करने के लिए प्रयोग किया जाता रहा है। सर्दियों में पुदीना। युक्त पानी से चेहरा धोना या पुदीना। पेस्ट लगाना त्वचा को ताजगी और राहत दे सकता है। सर्दियों के मौसम में त्वचा शुष्क हो जाती है। अगर आप पुदीने को अपनी डाइट में शामिल कर लेंगी तो इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स रक्त संचार बढ़ाते हैं, जिससे त्वचा की रंगत बरकरार रहती है और फाइन लाइन्स और झुर्रियां रोकने में मदद मिलती है। सर्दियों में धूप की कमी के कारण अकसर मूड स्विंग होता है और महिलाएं डिप्रेशन, अकेलेपन या तनाव का शिकार होती हैं नियमित रूप से पुदीने की चाय पीने से तनाव से मुक्ति मिलती है। अगर सर्दियों में मानसिक तनाव की वजह से आप की त्वचा फटनी शुरू हो जाती है तो पुदीना और ग्रीन टी आपके लिए सहायक हो सकते हैं। इसके लिए एक चमच्च ग्रीन टी में चार पांच ताजे पुदीने की पत्तियां कुछ देर के लिए भिगोइए इसे ज्यादा देर तक न भिगोएं नहीं तो यह कड़वी हो जाएगी। रोज सुबह पीने से त्वचा में ग्लो झलकने लगेगा। ग्रीन टी में विद्यमान एंटीऑक्सिडेंट्स सीवम को कम करते है, त्वचा के छिद्रों को बंद करते हैं और कील मुहांसों को शांत करते हैं। पुदीना ताजगी का अहसास प्रदान करता है और जलन को शांत करने में सहायक होता है।

आजकल के मौसम में स्किन में ड्राइनेस होना आम बात है। ड्राइनेस से बचने के लिए अगर आप डाइट में पुदीना लेंगी तो त्वचा को भरपूर एंटीऑक्सीडेंट्स मिलेंगे। साथ ही त्वचा का निखार बरकरार रहेगा। इसके अलावा पुदीना न केवल त्वचा की सफाई के काम आता है, बल्कि इसके नियमित इस्तेमाल से त्वचा की रंगत भी बढ़ती है। अगर आप अपनी त्वचा का ग्लो बढ़ाना चाहती हैं तो पुदीने की पत्तियों का पेस्ट या फिर इसके रस को नियमित रूप से चेहरे पर लगाने से चेहरे की आभा बढ़ती है। पुदीने की पत्तियों में कसैले गुण होते हैं जिसकी वजह से यह स्किन को टोन करने में काफी फायदेमंद साबित होती हैं। इसके नियमित इस्तेमाल से त्वचा के बंद रोम छिद्रों को साफ करने और इसमें जमा गंदगी को खत्म करने में भी मदद मिलती है। स्किन पर पुदीनें का पैक या टोनर लगाने से स्किन मुलायम , चिकनी और कोमल हो जाती है। सर्दियों में पुदीने और ओट्स का स्क्रब डेड स्किन सेल्स को निकाल कर त्वचा को मुलायम और कोमल बनांते हैं। इसके लिए एक चमच्च ओट्स में पुदीने की कुछ पत्तियां मिला लीजिए। फिर इसमें एक चमच्च शहद , दो चमच्च दूध और आधा कद्दूकश किया खीरा मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट से अपने चेहरे पर कुछ देर तक हलके हलके मसाज करें। कुछ दिन बाद आपको फर्क महसूस होने लगेगा। पुदीना हार्मोन को बैलेंस करने में मदद करता है। इससे पीरियड्स के दौरान होने वाली दिक्कतों को कम करने में मदद मिलती है। इसमें कई औषधीय गुण पाए जाते हैं, जो सेहत के साथ साथ त्वचा को ठंडा रखने कील-मुहांसों को दूर करने चेहरे की सूजन कम करने में काफी सहायक होते हैं। आप इसका इस्तेमाल फेस पैक, टोनर या सीरम के रूप में भी कर सकते हैं। इसमें प्रोटीन विटामिन, जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। जो त्वचा के लिए फायदेमंद होते हैं। एंटिसेप्टिक होने के कारण इसका प्रयोग बॉडी क्लींजर, साबुन और बॉडी वॉश के रूप में होने लगा है। कांच की कटोरी में पुदीने की ताजा पतियों का रस निकाल लें अब ताजे खीरे को छीलकर काट लें और उसे कद्दूकस कर लें। अब इनके अंदर एक चम्मच शहद मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पैक को अपने चेहरे और गर्दन के इर्द गिर्द खुले अंगों पर आधा घण्टा तक लगाने के बाद ताजे पानी से धो डालें। इस पैक को नियमित तौर पर चेहरे पर लगाने से कील मुहांसों से छुटकारा मिलेगा। पुदीने का फेशियल ऑयली त्वचा के लिए काफी फायदेमंद साबित होता है। एक कांच के बर्तन में दो बड़े चम्मच ताजा पीसे पुदीने के साथ दो बड़े चम्मच दही और एक बड़ा चम्मच ओटमील लेकर गाढ़ा घोल बनाएं। इसे चेहरे पर 15 मिनट तक लगाने के बाद और चेहरे को ताजे पानी से धो लें। पिम्पल की समस्या के निदान के लिए पुदीने का नियमित उपयोग मददगार साबित हो सकता है। पुदीने के रस को नारियल तेल में डालकर पिम्पल पर लगाने से राहत मिलेगी। ऐसा करने से कुछ ही दिनों पिम्पल दूर हो जाएंगे और उनके निशान और दाग-धब्बे भी हल्के होने लग जाएंगे। पुदीने और गुलाब जल का पैक त्वचा को कोमल और मुलायम बनाने में काफी सहायक होता है। पुदीने के रस में एक चम्मच शहद और थोड़ा सा गुलाब जल मिलकर बने पैक को चेहरे पर कुछ देर तक लगाने के बाद ताजे पानी से धो डालें। गुलाब जल त्वचा के पी एच लेवल को संतुलित करता है। एक पका केला लेकर इसे अच्छी तरह मैश कर लें। अब इसमें पुदीने के कुछ पतियों का पेस्ट डाल दें। इस फेस पैक को चेहरे पर लगाने के आधा घण्टा बाद चेहरे को ताजे ठन्डे पानी से धो डालें। अगर आपके बाल पतले पड़ गए और आप बालों की रुसी आदि की समस्या से जूझ रहे हैं तो पुदीना काफी मददगार साबित हो सकता है। आप अपने खाने में पुदीने की चटनी को नियमित रूप से शामिल करें। पुदीने का हेयर मास्क बनाने के लिए एक कांच के बर्तन में पुदीने के 10 -12 पत्ते पीस लें। अब आप चने की दाल और दही को पीसकर इसका पेस्ट तैयार कर लें और इसमें पीसे पुदीने के पत्तों को मिलाकर इस मास्क को बालों पर लगाने के आधा घंटा बाद बालों को ताजे पानी से धो डालें।

**( लेखिका अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौन्दर्य विशेषज्ञ हैं। )**

## नेपाली घुसपैठियों के खिलाफ विधायक ने उठाई आवाज

**अंग्रेजी शासन के समय ही उनवल स्टेट से ये लोग भारत सीमा से सटे नेपाल के कृष्णा नगर में आकर बस गए। यह परिवार नेपाल राजाओं के भी नजदीक रहा है। नेपाल में एक समय ऐसा था जब वहां हिंदी पढ़ने की अनुमति नहीं थी। तभी नेपाली छात्रों को हिंदी की शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए नेपाल सीमा से सटे बढ़नी कस्बे में गांधी आदर्श विद्यालय इंटर कालेज नाम से शिक्षण संस्थान की स्थापना की थी। तभी से इस विद्यालय का प्रवंधन नेपाल के इस परिवार के हाथ में है।**



**यशोदा**

यूपी में जब एस आई आर की शुरुआत हुई तो मुख्यमंत्री ने हर जिले में घुसपैठियों के लिए सेल्टर होम की बात कही थी। एस आई आर की समय सीमा समाप्त हो रही है लेकिन यूपी में घुसपैठियों की शिनाख्त नहीं हो पाई। बहरहाल जब घुसपैठियों की बात चली तो इस बात की ज्यादा संभावना थी कि यूपी में किसी और देश के घुसपैठिए हों न हों, नेपाल के घुसपैठिए जरूरत पहचान में आ जाएंगे। लेकिन यह भी नहीं हो पाया जबकि संपूर्ण यूपी में न सही नेपाल सीमा से सटे सात जिलों में नेपाली घुसपैठियों की भरमार है। यूपी के ए जिले हैं महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती, पीलीभीत, लखीमपुर। नेपाल सीमा के इन सात जिलों में नेपाल और भारत के हजारों ऐसे लोग हैं जिनके पास दोहरी नागरिकता है। सीमा से सटे दोनों ओर के कस्बों और गांवों में उनके घर मकान हैं। ऐसे लोगों का व्यापार भी सीमावर्ती क्षेत्रों में फैला हुआ है। इतना ही नेपाल सीमा के कुछ गांवों को मिनी नेपाल तक कहा जाता है। वे दोनों तरफ अपने मताधिकार का भी प्रयोग करते हैं। दोहरी नागरिकता धारण किए हुए लोगों के वाहन और असलहे तक भारत के पते पर होते हैं। अचरज की बात है कि ऐसे लोगों में एक भी ऐसा नहीं पाया गया जो नेपाली घुसपैठिया हो।

खैर ,चोरी छिपे ऐसे घुसपैठियों की शिनाख्त न हो पाना बड़ी बात नहीं है। सरकारी कामकाज में ऐसा हो रहा है तो इसे सरकार की मंशा भी कहा जा सकता है। लेकिन जब दोहरी नागरिकता के सारे सबूत सरे आम हों उस पर भी सरकार यह कहे कि सबूत दीजिए तब कार्रवाई हो तो अजीब लगना स्वाभाविक है। यूपी के शौहरत गढ़ विधानसभा क्षेत्र के अपना दल एस के विधायक विनय वर्मा ने इसी सत्र में सदन में ऐसे नेपाली नागरिकों की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया तो विधानसभा अध्यक्ष ने विधायक वर्मा से सबूत पेश करने की बात कही।

याद है न पाकिस्तान की सीमा हैदर बिना बीजा पासपोर्ट के नेपाल के रास्ते भारत धमक पड़ी और नोएडा के आसपास अपने कथित प्रेमिका के साथ डंके की चोट पर रह रही है। सरकार अभी तक सीमा हैदर के भी घुसपैठिए होने की सबूत तलाश रही है। सरकार जब घुसपैठियों की बात करती है तो यह कह पाना मुश्किल होता है कि सरकार अपने मनमाफिक घुसपैठिए ढूंढ रही है या घुसपैठिए ढूंढ रही है? नेपाल यद्यपि हमारा पड़ोसी और मित्र देश है फिर भी कोई भारतीय न तो वहां घर जमीन ले सकता है और न ही किसी संस्था का सदस्य अथवा प्रवंधन संभाल सकता है। लेकिन नेपाल सीमा के यूपी में ऐसा संभव है जहां नेपाल का कोई शख्स भारत का भी नागरिक हो सकता है, भारतीय शिक्षण संस्थान का प्रवंधकीय व्यवस्था संभाल सकता है, भारतीय नंबर के वाहनों का इस्तेमाल कर सकता है,भारत में राजनीति भी कर सकता है, लखनऊ दिल्ली में रिहायशी मकान भी बना सकता है और असलहे इत्यादि भी रख सकता है। निश्चित ही भारत नेपाल संबंधों के तय शर्तों में ऐसी कोई शर्त नहीं है फिर भी यह सब सरेआम हो रहा है। किसी भारतीय को नेपाल में ऐसी सुविधाएं नहीं प्राप्त हैं।

फिलहाल यूपी के सिद्धार्थनगर के बढ़नी और महराजगंज जिले के ठूठीबारी कस्बे में स्थित विद्यालयों के प्रवंधक नेपाली नागरिक हैं। दोनों का ही भारत के उच्च प्रशासन और सरकार तक ऊंची पहुंच है। ठूठीबारी स्थिति विद्यालय के प्रवंधक देवेंद्र राज कंडेल नेपाल में गृहमंत्री भी रहे हैं जबकि बढ़नी स्थित विद्यालय के प्रवंधक कुणाल शाह का परिवार न केवल नेपाल की राजनीति में खासा दखल रखता है,इस परिवार के सदस्य नेपाल सरकार में सांसद, मंत्री तक रहे हैं। इस परिवार के सदस्य आज भी नेपाली राजनीति में अच्छी तरह सक्रिय हैं। इस परिवार का गोरक्ष पीठ, उसके महंतों से सीधा जुड़ाव रहा है। यह परिवार आज भी यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से जुड़ा हुआ है। कृष्णा नगर नेपाल का शाह परिवार पूर्व में गोरखपुर जिले के उनवल स्टेट का निवासी रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## हिजाब विवाद: क्रिया से खतरनाक प्रतिक्रिया



**निर्मल रानी**

देश में पिछले दिनों उस समय हिजाब को लेकर फिर एक बहस छिड़ गई जबकि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गत 15 दिसंबर को पटना में एक सरकारी कार्यक्रम में नव नियुक्त आयुष डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र वितरित करते समय एक मुस्लिम महिला डॉक्टर नुसरत परवीन जोकि चेहरा ढंकने वाला हिजाब पहने हुई थीं, का हिजाब सार्वजनिक मंच से उसके चेहरे से खींच कर उतारने की कोशिश की। उस समय डॉक्टर नुसरत परवीन स्टेज पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों नियुक्ति पत्र ग्रहण करने हेतु आमंत्रित की गई थी। इस घटना ने वहां मौजूद सभी लोगों को स्तब्ध कर दिया। इस घटना से संबंधित वायरल वीडीओ में देखा जा सकता है कि घटना के समय जहां डॉक्टर नुसरत असहज दिखीं वहीं उसी मंच पर मौजूद बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी न केवल घटना से हतप्रभ नजर आए बल्कि उन्होंने नीतीश की ओर हाथ बढ़ाते हुए उन्हें हिजाब खींचने से रोकने की कोशिश भी की। जबकि उसी मंच पर मौजूद कुछ लोग हंसते हुए भी दिखाई दिए।

इस घटना से एक बात तो साबित हो ही गई कि नितीश कुमार जैसे अनुभवी राजनेता लगभग 75 वर्ष की आयु तक पहुंचने के बाद अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। इसी वजह से वे पहले भी महिलाओं को लेकर की गई एक अत्यंत अभद्र टिप्पणी के लिए आलोचना का पात्र बन चुके हैं। कभी कभी सार्वजनिक मंचों पर उनकी बेतुकी बातें व उनकी असामान्य हरकतें भी यही संकेत देती कि अब वे उम्र के उस पड़ाव पर पहुंच चुके हैं जहां उन्हें सार्वजनिक सक्रिय राजनैतिक जीवन से सन्यास ले लेना चाहिए परन्तु इस घटना के बाद जिस तरह से इसे परिभाषित करने की कोशिश की गई वह और भी हैरान करने वाली बात थी। हिजाब खींचने की बहस को नितीश कुमार की मनोदशा से जोड़कर देखने के बजाए हिजाब धारण करने न करने को लेकर ही बहस छिड़ गई। इस्लाम व मुस्लिम विरोध की राजनीति पर अपनी दुकानें चलाने वाले कुछ नेता तो बेशर्मी की सभी हदें पार करते हुए नितीश कुमार के बचाव में उतर आए। कांग्रेस,आर जे डी व अन्य कई विपक्षी दलों ने इसे महिलाओं और मुस्लिम समुदाय का अपमान बताया। किसी ने नितीश से मुआफी की मांग की तो किसी ने इस्तीफा मांगा। जबकि कुछ ने नीतीश की मानसिक स्थिति पर भी सवाल उठाए परन्तु इस विषय पर सबसे घटिया, ओछी अपमानजनक प्रतिक्रिया देने वाले दो नेता ऐसे भी हैं जो केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री जैसे संवैधानिक पदों पर बैठकर इस मुद्दे पर जहर उगल रहे हैं तथा अपनी अशिष्ट शब्दावली से देश की संवैधानिक मर्यादाओं का मजाक उड़ा रहे हैं। इनमें नितीश कुमार के हिजाब विवाद पर अपनी पहली प्रतिक्रिया संसद भवन में देने वाले केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने नीतीश कुमार का खुलकर बचाव करते हुए कहा कि शनितीश ने कुछ भी गलत नहीं किया है। नियुक्ति पत्र लेने आए व्यक्ति को चेहरा दिखाना चाहिए। क्या भारत कोई इस्लामिक देश है? एयरपोर्ट, पासपोर्ट या वोटिंग के समय चेहरा दिखाना पड़ता है, तो यहां क्यों नहीं? जब उनसे सवाल किया गया कि खबर है कि महिला डॉक्टर नुसरत परवीन के नौकरी छोड़ने की खबर है इस पर गिर्रिज सिंह गुस्से में यह कहते सुनाई दिए कि नौकरी करे या जहन्नुम में जाए। उनका यह बयान सबसे ज़्यादा विवादित रहा और इसे सांप्रदायिक व अपमानजनक बयान के रूप में देखा गया।

ऐसा ही निम्नस्तरीय बयान उत्तर प्रदेश सरकार में मत्स्य पालन मंत्री संजय निषाद द्वारा दिया गया। उन्होंने भी नीतीश कुमार का समर्थन करते हुए कहा कि अरे वो भी तो आदमी हैं न नकाब छू दिया तो इतना बवाल? कहीं और छू देते तो क्या हो जाता? संजय निषाद के इस बयान को भी महिला गरिमा को आहत करने की नजरों से देखा गया। जेडीयू के नेता व बिहार के अल्पसंख्यक मंत्री जमा खान ने नितीश के प्रति अपनी वफादारी का सुबूत देते हुए यह कहा कि यह पिता जैसा स्नेह था। तो कुछ मुस्लिम व महिला संगठनों द्वारा इस मामले में एफआईआर दर्ज कराने व कई जगह नितीश के विरुद्ध प्रदर्शन करने व उनका पुतला जलाने की भी खबरें हैं। परन्तु सबसे बड़ी चिंता का विषय तो यही है कि इस घटना को लेकर नितीश के मानसिक स्वास्थ पर चर्चा होने के बजाए जिस तरह हिजाब पर ही बहस छेड़ दी गई और वह भी अपने कुतर्कों के द्वारा, इससे यह साबित होता है कि साम्प्रदायिकता की राजनीति करने वाले मुस्लिम विरोध या इस्लामी प्रतीकों के विरोध का कोई भी अवसर गंवाना नहीं चाहते अन्यथा किसी केंद्रीय मंत्री के इस बेहुदे कुतर्क का क्या अर्थ कि एयरपोर्ट, पासपोर्ट या वोटिंग के समय चेहरा दिखाना पड़ता है, तो यहां क्यों नहीं? संविधान की शपथ लेने वाले इस केंद्रीय मंत्री गिर्रिज को पता नहीं कि एयरपोर्ट, पासपोर्ट या वोटिंग के समय महिला सुरक्षा कर्मियों द्वारा किसी महिला की स्वेच्छा से उसके अपने हाथों से हिजाब या पर्दा हटाने को कहा जाता है न कि नितीश कुमार की तरह बदतमीजी से किसी के चेहरे से हिजाब खींचा जाता है?

ऊपर से पीड़िता को ही यह कहना कि वह नौकरी करे या जहन्नुम में जाए, इस तरह की शब्दावली देश का एक केंद्रीय मंत्री इस्तेमाल कर रहा है? बुर्का पर्दा या हिजाब को लेकर खुद विश्व मुस्लिम जगत में ही बड़ा घमासान है। दुनिया के कई अलग अलग इस्लामी देश अलग अलग तरह के परदे या हिजाब की पैरवी करते रहे हैं। जबकि विश्व का एक बड़ा उदारवादी व प्रगतिशील वर्ग ऐसा भी है जो इस तरह की बंदिशों को गैर जरूरी समझता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



## संक्षिप्त समाचार

### विमान दुर्घटना में लीबियाई सेना प्रमुख अहमद अल-हदाद का निधन

**त्रिपोली।** लीबिया की सेना के प्रमुख, मोहम्मद अली अहमद अल-हदाद की एक हवाई दुर्घटना में मौत हो गई। वह अपने हवाई जहाज से तुर्की की राजधानी अंकारा की आधिकारिक यात्रा के बाद वापस आ रहे थे। लीबिया की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार के प्रधानमंत्री ने अब्दुल हामिद दबीबा ने इसे 'दुखद दुर्घटना' बताते हुए कहा कि यह अपूरणीय क्षति राष्ट्र, सैन्य संस्थान और समस्त जनता के लिए एक बड़ी हानि है।

### ताइवान को लेकर ताकाइची के बयान के विरोध में जापान में प्रदर्शन

**टोक्यो।** जापान में ताइवान को लेकर प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची के बयान और एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी द्वारा परमाणु हथियारों की वकालत करने को लेकर विरोध तेज हो गया है। जापानी नागरिकों ने मंगलवार शाम को टोक्यो में प्रधानमंत्री कार्यालय के सामने एक रैली निकाली और सुताक. इची से ताइवान पर अपनी गलत टिप्पणियों को वापस लेने की मांग की और एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी द्वारा परमाणु हथियारों की वकालत करने वाली टिप्पणियों की आलोचना की। प्रदर्शनकारियों ने 'संविधान का पालन करो' और 'युद्ध को बढ़ावा मत दो' जैसे नारे लगाए।

### जापान ने क्योटो में 'बर्ड फ्लू' संक्रमण की पुष्टि की

**टोक्या।** जापान के कृषि मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि आनुवंशिक परीक्षण से क्योटो प्रांत के एक फार्म में अत्यधिक संक्रामक 'बर्ड फ्लू' की पुष्टि हुई है। यह इस मौसम में देश में बर्ड फ्लू का नौंवा संक्रमण है। कृषि, वानिकी और मत्स्य मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार यह संक्रमण क्योटो प्रांत के कामेओका शहर में स्थित एक मुर्गी फार्म में हुआ, जहां लगभग 280000 मुर्गियां हैं।

# मोहम्मद यूनुस से नाराज हुआ अमेरिका

**■ शेख हसीना की पार्टी को मिल सकती है प्रतिबंध से राहत**

**वाशिंगटन।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं।

एक तरफ बांग्लादेश में कानून व्यवस्था खराब है और अराजकता का माहौल है। वहीं दूसरी तरफ अब अमेरिका भी मोहम्मद यूनुस से नाराज हो गया है। दरअसल अमेरिकी संसद की विदेश मामलों की समिति ने मोहम्मद यूनुस को पत्र लिखा है। इस पत्र में अमेरिकी सांसदों ने एक राजनीतिक पार्टी पर पूरी तरह से प्रतिबंध को गलत ठहराया है। गौरतलब है कि बांग्लादेश में अवामी लीग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। अमेरिका के निचले सदन हाउस आफ रिप्रजेंटेटिव्स की विदेश मामलों की समिति ने मोहम्मद यूनुस को लिखे पत्र में बांग्लादेश में मानवाधिकार उल्लंघन की घटनाओं पर भी नाराजगी जाहिर की। पत्र में लिखा गया है कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार देश की राजनीतिक पार्टियों के साथ मिलकर ऐसा माहौल बनाए, जिससे देश में निष्पक्ष, मुक्त और शांतिपूर्वक चुनाव हो सकें। लेकिन हमें आशंका है कि ऐसा नहीं हो सकता क्योंकि अंतरिम सरकार ने राजनीतिक पार्टियों की गति. विधियों को बर्खास्त कर दिया है और साथ ही त्रुटिपूर्ण इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल को भी फिर से शुरू कर दिया है।

# ब्लूबर्ड सफलता में भारतीय मूल के दो लोगों का खास योगदान

## दिल्ली विश्वविद्यालय के शांति गुप्ता कंपनी में मुख्य परिचालन अधिकारी व आईआईटी मद्रास के छात्र रहे श्रीराम जयसिम्हा वाणिज्यिक अनुप्रयोग के मुख्य वैज्ञानिक

**चेन्नई।** इसरो ने भारतीय रॉकेट एलवीएम 3 की मदद से बुधवार को जिस उपग्रह ब्लूबर्ड 6 को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया है उसकी निर्माता अमेरिकी कंपनी एएसटी स्पेसमोबाइल में भारतीय मूल के दो लोग बड़े ओहदे पर काम कर रहे हैं।

ये हैं दिल्ली विश्वविद्यालय के शांति गुप्ता जो इस कंपनी में मुख्य परिचालन अधिकारी के पद पर हैं और दूसरे हैं आईआईटी मद्रास के छात्र रहे श्रीराम जयसिम्हा जो कंपनी के वाणिज्यिक अनुप्रयोगों के मुख्य वैज्ञानिक के पद पर हैं। गुप्ता दिल्ली विश्वविद्यालय के राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से बैचलर ऑफ कॉमर्स (ऑनर्स) के छात्र रहे थे और बाद में उन्होंने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया से चार्टर्ड अकाउंटेंट का कोर्स भी किया। वह अमेरिका में एक लाइसेंस प्राप्त 'सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटेंट' भी हैं। एएसटी स्पेसमोबाइल के सीओओ के रूप में गुप्ता आपूर्ति श्रृंखला, योजना, लागत प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी और मानव संसाधन संच.



ालन सहित कंपनी के वैश्विक कार्यों की देखरेख करते हैं। वे कंपनी के परिचालन को विस्तार देने के लिए रणनीतियों को विकसित और कार्यान्वित करने के लिए जिम्मेदार हैं। एएसटी स्पेसमोबाइल के अनुसार गुप्ता के पास विकास रणनीतियों को लागू करने, संचालन के विस्तार, व्यावसायिक परिवर्तन, वित्त और लेखा, जोखिम प्रबंधन और उच्च प्रदर्शन करने वाली टीमों के निर्माण का 25 वर्षों का वैश्विक अनुभव है। वे सितम्बर 2021 में मुख्य लेखा अधिकारी के रूप में कंपनी में शामिल हुए थे। एएसटी स्पेसमोबाइल से जुड़ने से पहले गुप्ता 2014 से न्यूयॉर्क में अर्न्स्ट एंड यंग के साथ बतौर पार्टनर कार्यरत थे। दूसरी ओर, श्रीराम ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बी-टेक और और रेंसलेयर पॉलिटेक्निक इंस्टीट्यूट, यूएसए से एम-एस- की डिग्री प्राप्त की है। उनके पास वैश्विक दूरसंचार बाजारों के लिए आईपी निर्माण और उत्पाद डिजाइन का 30 वर्षों का सफल ट्रैक रिकॉर्ड है।

## नजीर, चंद्रबाबू और जगनमोहन ने एलवीएम3 एम6 के सफल प्रक्षेपण पर दी बधाई

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुल नज़ीर, मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने एलवीएम3-एम6 के सफल प्रक्षेपण पर इसरो वैज्ञानिकों को बधाई दी है। श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से बुधवार को इस प्रक्षेपण में ब्लू बर्ड-6 उपग्रह को कक्षा में स्थापित किया गया।नजीर ने कहा कि अगली पीढ़ी के संचार उपग्रह ब्लू बर्ड ब्लॉक-2 को ले जाने वाला एलवीएम3 मिशन देश के लिए एक नया मील का पत्थर है, क्योंकि यह भारतीय धरती से अब तक का सबसे भारी उपग्रह है।

# अमेरिका ने भारत सरकार को आगाह किया

## कहा: चीन दोहरी चाल चल रहा, एक तरफ दिल्ली से रिश्ते सुधारने की कोशिश, दूसरी तरफ पाक को हथियार दे रहा

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने भारत को चीन की दोहरी रणनीति को लेकर चेता. वनी दी है। पेंटागन की 2025 की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन एक तरफ भारत के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तनाव कम करने की कोशिश कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान के साथ सैन्य सहयोग बढ़ा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अक्टूबर 2024 में भारत और चीन ने एलएसी पर बचे हुए टकराव वाले इलाकों से पीछे हटने पर सहमति जताई थी। हालांकि, पेंटागन का आकलन है कि चीन का मकसद भारत के साथ रिश्तों को सामान्य करके उसे अमेरिका के और करीब जाने से रोकना है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत-चीन के बीच भरोसे की कमी अब भी बनी हुई है। दोनों के बीच अरुणाचल प्रदेश को लेकर विवाद बड़ा मुद्दा है। चीन अरुणाचल को अपना हिस्सा बताता रहा है, जो भारत की संप्रभुता को सीधी चुनौती है। बीजिंग अरुणाचल के मुद्दे को ताइवान और साउथ चाइना सी के बराबर तवज्जो देता है। पेंटागन ने पाकिस्तान में चीन की बढ़ती सैन्य भूमिका पर चिंता जताई है। रिपोर्ट के अनुसार, चीन 2020 से अब तक पाकिस्तान को 36 जे-10सी लड़ाकू विमान दे चुका है। इसके अलावा दोनों देश मिलकर जेएफ-17 फाइटर जेट बना रहे हैं। पाकिस्तान को चीनी ड्रोन और नौसैनिक उपकरण भी मिल रहे हैं। दिसम्बर 2024 में चीन और पाकिस्तान ने संयुक्त आतंकवाद-रोधी सैन्य अभ्यास भी किया। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है

**बीजिंग अरुणाचल के मुद्दे को पेंटागन ताइवान और साउथ चाइना सी के बराबर तवज्जो देता है**

कि भविष्य में पाकिस्तान में चीनी सैन्य ठिकाने बन सकते हैं, जिससे भारत की सीमाओं के पास चीन की मौजूदगी बढ़ेगी। रिपोर्ट के मुताबिक भारत से जुड़े मोर्चे को देखने वाली चीन की वेस्टर्न थिएटर कमांड ने 2024 में ऊंचाई वाले इलाकों में विशेष सैन्य अभ्यास किए। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) बांग्लादेश और पाकिस्तान समेत दुनिया के 21 देशों में नए मिलिट्री बेस बनाने की योजना पर काम कर रही है। इनका मकसद चीन की नेवी और एयरफोर्स को दूर देशों तक आपरेशन करने में मदद देना और वहां आर्मी तैनात करना है। यह जानकारी अमेरिकी डिफेंस डिपार्टमेंट 'पेंटागन' की रिपोर्ट में सामने आई है। पीएलए की सबसे ज्यादा दिलचस्पी उन इलाकों में है, जहां से दुनिया का अहम समुद्री व्यापार गुजरता है, जैसे मलक्का स्ट्रेट, होरमुज स्ट्रेट और अफ्रीका व मिडिल ईस्ट के कुछ स्ट्रैटेजिक पाइंट्स। एक्सपर्ट्स के मुता. बिक, चीन के ये विदेशी सैन्य ठिकाने सिर्फ सैन्य मदद के लिए नहीं, बल्कि खुफिया जानकारी जुटाने के लिए भी इस्तेमाल हो सकते हैं। ऐसा लाजिस्टिक नेटवर्क अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की सेनाओं की एक्टिविटी पर नजर रखने में मदद कर सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, ये एक्टिविटीज ज्यादातर सीक्रेट और तकनीकी तरीके से होंगी, जिन्हें मेजबान देशों के लिए पकड़ना मुश्किल होगा। इससे चीन को अमेरिका और उसके साझेदार देशों की सैन्य गतिविधियों की बेहतर जानकारी मिल सकेगी। इसके साथ ही, चीन अपने विदेशी सैन्य ढांचे के लिए कमांड और कंट्रोल सिस्टम भी मजबूत कर रहा है, ताकि दूर-दराज के इलाकों में मौजूद अपने ठिकानों को बेहतर तरीके से आपरेट किया जा सके। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि चीन का यह कदम ग्लोबल लेवल पर उसकी सैन्य ताकत और प्रभाव बढ़ाने की दिशा में एक बड़ी कोशिश है। पिछले 25 सालों से अमेरिकी संसद रक्षा विभाग (पेंटागन) से हर साल एक रिपोर्ट तैयार करवा रही है, जिसमें चीन की सैन्य ताकत और उसकी रणनीति पर नजर रखी जाती है। इन रिपोर्टों में बताया गया है कि कैसे चीन लगातार अपनी सेना को मजबूत कर रहा है और अपनी ग्लोबल रोल बढ़ा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस समय चीन की सेना का मुख्य फोकस श्फर्स्ट आइलैंड चेनश पर है।

## अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे 30 भारतीय गिरफ्तार



**वाशिंगटन।** अमेरिका की बार्डर पेट्रोल पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे 30 भारतीयों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोग अमेरिका में कमर्शियल ड्राइवर लाइसेंस लेकर ट्रक चला रहे थे।

बार्डर पुलिस ने एक विशेष अभियान के तहत इन लोगों को पकड़ा। यूएस कस्टम और बार्डर प्रोटेक्शन विभाग ने एक बयान जारी कर बताया कि बार्डर पेट्रोल एजेंट्स ने कैलिफोर्निया के अल सेंट्रो सेक्टर में 49 अवैध अप्रवासियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों के पास से कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस मिले हैं। कस्टम एजेंसी ने बताया कि अप्रवासन चेक पाइंट पर जांच के दौरान ये लोग पकड़े गए। कस्टम विभाग ने बताया कि 23 नवम्बर से 12 दिसम्बर तक चले अभियान में कुल 42 अवैध अप्रवासी पकड़े गए हैं, जो कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस पर ट्रक चला रहे थे। पकड़े गए लोगों में से 30 भारतीय नागरिक हैं। वहीं दो लोग अल सल्वाडोर के और बाकी चीन, एरीट्रिया, हैती, होंडुरास, मैक्सिको, रूस, सोमालिया, तुर्किये और यूक्रेन के निवासी हैं। एजेंसी ने बताया कि पकड़े गए लोगों में से 31 को कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस कैलिफोर्निया राज्य की सरकार ने जारी किए थे। आठ लाइसेंस फ्लोरिडा, इलिनोइस, इंडियाना, ओहायो, मैरीलैंड, मिनेसोटा, न्यू जर्सी, न्यूयार्क, पेंसिल्वेनिया और वाशिंगटन ने जारी किए थे।

# हादी के भाई का मोहम्मद यूनुस पर गंभीर आरोप

**■ कहा: उनके भाई की हत्या आगामी राष्ट्रीय चुनावों को पटरी से उतारने के लिए कराई गई**

**ढाका।** बांग्लादेश के चर्चित छात्र नेता और इंकिलाब मंचो के संयोजक शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद देश की राजनी. ति में भूचाल आ गया है। मृतक के भाई ओमर हादी ने मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पर बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उनके भाई की हत्या आगामी राष्ट्रीय चुनावों को पटरी से उतारने के लिए कराई गई। ओमर हादी का दावा है कि सत्ता में बैठे लोगों के एक गुट ने जानबूझकर इस हत्या को अंजाम दिया, ताकि चुनावी माहौल को अस्थिर किया जा सके और राजनीतिक फायदा उठाया जा सके।

ढाका के शाहबाग इलाके में राष्ट्रीय संग्रहालय के सामने आयोजित शहीदी शपथ कार्यक्रम में बोलते हुए ओमर हादी ने सरकार पर तीखा हमला बोला। बांग्लादेशी अखबार द डेली स्टार के अनुसार, उन्होंने कहा यह आप ही हैं जिन्होंने उस्मान हादी को मरवाया और अब उसी मुद्दे को लेकर चुनाव बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के भीतर मौजूद एक खास गुट ने साजिश रचकर इस हत्या को अंजाम दिया। बता दें कि उस्मान हादी आगामी 12 फरवरी को होने वाले आम चुनाव में उम्मीदवार थे। ओमर हादी का यह भी आरोप है कि उनके भाई की हत्या इसलिए की गई, क्योंकि उन्होंने किसी भी एजेंसी या विदेशी आकाओं के आगे झुकने से इन्कार कर दिया था। ओमर हादी ने अंतरिम सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनके भाई के हत्यारों को जल्द सजा नहीं दी गई, तो यूनुस सरकार का अंजाम भी पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना जैसा हो सकता है। उन्होंने कहा हत्यारों पर जल्द मुकदमा चलाएं, ताकि चुनावी माहौल खराब न हो। सरकार अब तक कोई ठोस प्रगति नहीं दिखा पाई है। अगर उस्मान हादी को न्याय नहीं मिला, तो आपको भी एक दिन बांग्लादेश छोड़ने पर मजबूर होना पड़ेगा। गौरतलब है कि 32 वर्षीय शरीफ उस्मान हादी पर ढाका में एक मस्जिद से बाहर निकलते समय गोली चलाई गई थी। गंभीर रूप से घायल हादी को इलाज के लिए सिंगापुर ले जाया गया, जहां 19 दिसम्बर को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उनकी हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया।



प्रयागराज। कड़ाके की ठंड और धुंध भरी सुबह में मजदूर एक कार्यक्रम स्थल का स्टेअप हटते हुए।

## भारत के हमलों पर आपत्ति, तो अफगान पर हमला क्यों: पाक धर्मगुरु

**नई दिल्ली।** पाक के कई धर्मगुरुओं और अलग-अलग पंथों के प्रतिनिधियों ने कहा कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल पाकिस्तान पर हमला करने के लिए नहीं करना चाहिए और न ही पाकिस्तान को अफगानिस्तान में हमले करने चाहिए। धर्मगुरुओं ने एक संयुक्त बयान में कहा कि अफगानिस्तान को टीटीपी जैसे समूहों का सुरक्षित स्थान बनाना न सिर्फ दोनों देशों के की स्थिरता के लिए खतरा है, बल्कि दोनों देशों के रिश्तों को भी प्रभावित

# एपस्टीन सेक्स स्कैंडल फाइल्स में ट्रम्प पर रेप का आरोप

## सरकार बोली: सबूत नहीं, गोली लगने से महिला की संदिग्ध मौत हुई थी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े मामले में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर रेप के आरोप लगे हैं। इस पर जस्टिस डिपार्टमेंट का कहना है कि ये आरोप बिना सबूत के हैं, इन्हें सच नहीं माना जाना चाहिए। मंगलवार रात को इस मामले से जुड़े करीब 30 हजार पन्नों के नए दस्तावेज जारी किए हैं।

इनमें एक महिला का दावा शामिल है कि ट्रम्प और एपस्टीन दोनों ने उसके साथ गलत काम किया था। इसके अलावा एक ड्राइवर का बयान भी है, जिसने कहा कि उसने ट्रम्प और एपस्टीन को एक लड़की के साथ दुर्व्यवहार की बात करते सुना था। हालांकि, फाइलों में यह नहीं बताया गया कि एफबीआई ने इन बातों की जांच की या नहीं। बताया गया है कि आरोप लगाने वाली महिला की बाद में गोली लगने से संदिग्ध मौत हो गई थी।



**■ ये आरोप झूठे और सनसनी फैलाने वाले हैं: जस्टिस डिपार्टमेंट**

जस्टिस डिपार्टमेंट ने जोर देकर कहा है कि इन दस्तावेजों में कहीं भी यह नहीं लिखा है कि ट्रम्प को किसी अपराध का आरोपी माना गया हो या उनके खिलाफ कोई आधिकारिक जांच चली हो। विभाग के मुताबिक, ट्रम्प और एपस्टीन की जान-पहचान जरूर थी और वे कुछ समय तक एक-दूसरे से मिलते रहे थे, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि ट्रम्प किसी अपराध में शामिल थे। जस्टिस डिपार्टमेंट ने कहा कि ये आरोप झूठे और सनसनी फैलाने वाले हैं। अगर इन दावों में थोड़ी भी सच्चाई होती, तो 2020 के चुनाव के समय इन्हें ट्रम्प के खिलाफ जरूर इस्तेमाल किया जाता। वहीं दूसरी ओर, विपक्षी डेमोक्रेट नेताओं का कहना है कि इन फाइलों से एपस्टीन और ट्रम्प के रिश्ते पर सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने जस्टिस डिपार्टमेंट पर सच्चाई छिपाने का आरोप लगाया है। इन फाइलों में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का सैकड़ों बार जिक्र है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, ट्रम्प का नाम ज्यादातर बार किसी खबर या रिकार्ड के तौर पर दर्ज है, लेकिन कुछ दस्तावेज सीधे तौर पर ट्रम्प से जुड़े हैं। इनमें जनवरी 2020 का एक ईमेल भी शामिल है। इस ईमेल में कहा गया है कि ट्रम्प ने 1993 से 1996 के बीच एपस्टीन के निजी विमान से आठ उड़ानें भरी थीं।





## संबंधों के लिहाज से बीता साल भारत के लिए उतार-चढ़ाव भरा रहा

# अमेरिका के साथ संबंधों में आई खटास

**नई दिल्ली।** विभिन्न देशों के साथ संबंधों के लिहाज से बीता साल भारत के लिए उतार-चढ़ाव भरा रहा, जहां ट्रंप की टैरिफ नीति ने अमेरिका के साथ दो दशक पुराने संबंधों की नींव हिला दी वहीं पुराने दोस्त रूस के साथ संबंधों को नई मजबूती मिली।

पड़ोसी देशों में चीन के साथ पिछले पांच वर्षों से संबंधों में चला आ रहा गतिरोध दूर हुआ और अफगानिस्तान के साथ भी रिश्तों में गरमाहट आई जबकि पाकिस्तान के साथ संबंध और भी बदतर हो गए तथा बंगलादेश भी पाकिस्तान के साथ पींग बढ़ाते हुए भारत विरोध की राह पर चल पड़ा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने विश्व के विभिन्न हिस्सों तक भारत के संबंधों का दायरा बढाने और



**■ पुराने दोस्त रूस के साथ दोस्ती हुई और मजबूत, चीन के साथ गतिरोध हुए दूर**

लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को प्रगाढ बनाने के लिए अनेक देशों की द्विपक्षीय यात्रा की और सभी प्रमुख बहुपक्षीय मंचों, अंतर्राष्ट्रीय समूहों और सम्मेलनों में भागीदारी की। मोदी ने इस वर्ष फ्रांस, अमेरिका, जापान, चीन, ब्रिटेन, ब्राजील, कनाड़ा, मालदीव, दक्षिण अफ्रीका, जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान जैसे देशों की यात्रा की। दुनिया के कई प्रमुख नेताओं ने वर्ष के दौरान भारत की यात्रा की जिनमें रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन, ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, सिंगापुर, मॉरिशस, भूटान और फिजी के प्रधानमंत्री तथा इंडोनिशया, फिलिपींस, प्राग्वे, अंगोला और चिली के राष्ट्रपति शामिल हैं। सबसे बड़ी वैश्विक शक्ति अमेरिका के साथ पिछले दो दशकों से भी अधिक समय से चले आ रहे मजबूत तथा सामरिक संबंधों में संबंधों में दरार आना इस वर्ष भारत के लिए सबसे बड़ा झटका रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति ने भारत के साथ संबंधों की चूलें हिला दी। ट्रंप के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम कराने के बार-बार के दावों से भी दोनों देशों के रिश्तों में खटास आई। मोदी और ट्रंप भले ही टेलीफोन पर निरंतर संपर्क में हैं लेकिन पिछले दस महीने से संभावनाओं के बावजूद दोनों के बीच व्यक्तिगत मुलाक. ात नहीं हुई है और टैरिफ मुद्दे का भी समाधान नहीं हो सका है। अमेरिका ने एच 1 बी वीजा से संबंधित नियमों में जो बदलाव किए हैं उसका भी सबसे अधिक प्रभाव भारतीय नागरिकों पर पड़ने की संभावना है। दूसरी बड़ी शक्ति रूस के साथ संबंधों को लेकर यह साल कहीं बेहतर रहा और पिछले कुछ वर्षों से संबंधों में चली आ रही शिथलता को इस बार गरमाहट मिली और दोनों देशों ने समय की कसौटी पर परखी हुई दोस्ती को अनेक समझौतों से नई ताकत दी।

# कनाडा में भारतीय मूल की महिला की हत्या

**टोरंटो।** कनाडा के टोरंटो में पुलिस ने शनिवार को मिले एक महिला के शव की पहचान भारतीय मूल की 30 वर्षीय हिमांशी खुराना के रूप में की है। सीबीसी की ओर से प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार पुलिस को संदेह है कि यह पति/पुरुष मित्र द्वारा हिंसा का मामला है। रिपोर्ट में अधिकारियों के हवाले से कहा गया कि शुक्रवार रात को उन्हें स्ट्रैचन एवेन्यू और वेलिगटन स्ट्रीट डब्ल्यू इलाके में एक लापता व्यक्ति की रिपोर्ट मिली थी। पुलिस को शनिवार सुबह करीब 06:30 बजे एक लापता महिला का शव घर में मिला। इस बीच टोरंटो में भारतीय दूतावास ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि वह स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर परिवार की हर संभव मदद कर रहा है। दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि हम टोरंटो में एक युवा भारतीय नागरिक, सुहिमांशी खुराना की हत्या से बहुत दुखी और हैरान हैं। दुख की इस घड़ी में हम उनके शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवे. दना व्यक्त करते हैं। पिछले कुछ दिनों से दूतावास इस मामले पर लगातार नज़र रखे हुए है।

